RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 131
नई दिल्ली, शनिवार, 18 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राहुल का अर्धशतक भारत पांच विकेट से जीता
स्पोर्ट्स-12

# अखिलेश व दीदी साथ चलेंगे लेकिन कांग्रेस से दूर रहेंगे

● सपा नेता ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके आवास पर की मुलाकात, दोनों नेताओं ने कांग्रेस और भाजपा से दूरी बनाए रखने की बात कही

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**दो** 'अच्छे दोस्त' तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) तथा समाजवादी पार्टी (सपा) 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से हाथ नहीं मिलाएंगे। दोनों पार्टियों के नेता ममता बनर्जी तथा अखिलेश यादव ने शुक्रवार को यह साफ कर दिया। सपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने कोलकाता पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने बंगाल की मुख्यमंत्री से कालीघाट स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। बाद में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ जाने का कोई सवाल नहीं है लेकिन सपा और टीएमसी की दोस्ती पहले की तरह बरकरार रहेगी। उन्होने उम्मीद जताई की ममता दीदी पहले की तरह ही भाजपा के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं उठता। सपा कांग्रेस और भाजपा ( शेष पेज 8 )



कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भेंट करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव, किरनमय नंदा और शिवपाल यादव

## केंद्र ने झूठे मामले दर्ज करने के दावे पर बंगाल से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने इन आरोपों को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार से 'तत्काल' रिपोर्ट मांगी है कि राज्य में विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ 'झूठे और मनगढ़ंत' मामले दर्ज किए गए हैं। यह कदम तब उठाया गया है, जब प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंत्रालय को वह पत्र भेजा, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने लिखा था। उक्त पत्र में अधिकारी ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं और पार्टी ( शेष पेज 8 )

# सात राज्यों में खुलेंगे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

● प्रधानमंत्री ने कहा, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का बेहतरीन उदाहरण होंगे, लाखों नौकरियों का होगा सृजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे जो वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि ये पार्क करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे।

मोदी ने एक ट्वीट में कहा, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क 5एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फैशन टू फॉरेन) विजन के अनुरूप वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और यूपी में स्थापित किए जाएंगे। एक अन्य ट्वीट मेंउन्होंने कहा, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। यह मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का एक बेहतरीन उदाहरण होगा। उधर, कपड़ा मंत्रालय ने कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के तहत कपड़ा उद्योग में अब तक लगभग 1,536 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है।

बता दें कि अपनी आत्मनिर्भर योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारतीय निर्माताओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने, निवेश आकर्षित करने, निर्यात बढ़ाने, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू कीं है। कपड़ा उद्योग के लिए, सरकार ने आकार और पैमाना हासिल करने और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ योजना शुरू की है। कपड़ा के लिए पीएलआई योजना के तहत 1 जनवरी, 2022 से 28 फरवरी, 2022 तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए थे।

## लखनऊ-हरदोई के बीच 1000 एकड़ में बनेगा यूपी का मेगा टेक्सटाइल पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में मेगा टेक्सटाइल पार्क को मोदी सरकार ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। प्रदेश के वस्त्र उद्योग के लिए वरदान साबित होने वाले मेगा टेक्सटाइल पार्क के मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने देश के सात राज्यों में पीएम मित्र (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी है।

इसके बाद प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 1200 करोड़ की लागत से 1000 एकड़ में बनने जा रहे मेगा टेक्सटाइल पार्क का रास्ता साफ हो गया है। इसके जरिए वस्त्रोद्योग से जुड़े सारे कार्य व सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। साथ ही यूपी के कारीगरए बुनकर और हस्तशिल्पियों के लिए ये एक बड़ा तोहफा साबित होगा। सरकार को इस मेगा टेक्स्टाइल पार्क के जरिए 10 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्वीट में लिखा कि 'मेक इन इंडिया, एंड मेक फॉर दि वर्ल्ड' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्पण अभिनंदनीय है। उत्तर प्रदेश को इस सौगात के लिए 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार। प्रधानमंत्री के विजनरी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में स्थापित होने जा रहा यह टेक्सटाइल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नई पहचान देने के साथ ही करोड़ों रुपये की निवेश संभावनाओं और लाखों रोजगारों के सृजन का कारक बनेगा।

मेगा टेक्सटाइल पार्क को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार एक स्पेशल पर्पस वेहकिल (एसपीवी) का गठन करेगी। इस के लिए 10 करोड़ (पेड अप कैपिटल) की व्यवस्था की गई है, जिसमें 51 प्रतिशत अंश उत्तर प्रदेश सरकार का जबकि 49 प्रतिशत अंश भारत सरकार का होगा। टेक्सटाइल पार्क को पीपीपी मोड पर विकसित किया जायेगा। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को इस के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध ( शेष पेज 8 )

# संसद में गतिरोध जारी, पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ा



● विपक्ष जेपीसी के गठन, जबकि सत्ता पक्ष राहुल से माफी मंगवाने पर अड़ा

● राहुल भारत के खिलाफ काम करने टूलकिट का स्थाई हिस्सा बन गए हैं: नड्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** में बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया तथा अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर जेपीसी गठित करने की मांग पर विपक्ष के हंगामे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाल में लंदन में दिए गए बयान पर उनसे माफी मंगवाने की मांग पर सत्ता पक्ष के अड़े रहने के कारण शुक्रवार को भी दोनों सदनों में गतिरोध जारी रहा।

इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह भारत के खिलाफ काम करने वाले उस टूलकिट का स्थाई हिस्सा बन गए हैं, जो भारत में कमजोर और गठबंधन की मजबूर सरकार चाहता है ताकि उसका फायदा उठाया जा सके।

नड्डा ने एक बयान में गांधी पर अरबपति फाइनेंसर जॉर्ज सोरोस की भाषा बोलने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि कांग्रेस और तथाकथित वाम उदारवादी देश के खिलाफ विदेशी ताकतों की गहरी साजिश का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी कांग्रेस नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ( शेष पेज 8 )

# उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मियों की हड़ताल का व्यापक असर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर 16 मार्च की रात से शुरू हुई हड़ताल का प्रदेश की बिजली व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा है। प्रदेश में करीब 1 लाख बिजली कर्मचारी और संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ये हड़ताल 72 घंटे तक जारी रहेगी। हड़ताल के कारण जिलों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। ताप बिजली घरों आनपारा, ओबरा, पारिछा, हरदुआगंज से नाइट शिफ्ट के सभी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता हड़ताल पर हैं। इवनिंग शिफ्ट के बिजली कर्मियों ने भी ड्यूटी छोड़ने के लिए दबाव बना रखा है। बिजली ताप घरों को एनटीपीसी के लोग संचालित कर रहे हैं। 1850 मेगावाट का बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने माना कि राष्ट्रीय ग्रिहड से जुड़ी संस्था एसएनडीसी में काम ठप किया गया है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि काम में दखल करने वालों के खिलाफ ( शेष पेज 8 )

# असम में सभी मदरसों को बंद कर देंगे: हिमंत विश्व सरमा

**भाषा।** बेलगावी (कर्नाटक)



**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि उनका इरादा अपने राज्य के सभी मदरसों को बंद करने का है, क्योंकि नए भारत में उनकी जरूरत नहीं है। कर्नाटक के बेलगावी में बृहस्पतिवार रात एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य व देश की सेवा के लिए असम को डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की जरूरत थी, न कि मदरसों की।

हिमंत विश्व सरमा ने कहा, मैं असम का निवासी हूं, जहां प्रतिदिन बांग्लादेश से लोग आते हैं। हमारी संस्कृति और परंपराओं के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। हाल ही में दिल्ली में एक टीवी साक्षात्कार में मुझसे पूछा गया कि 600 मदरसों को बंद करने को लेकर मेरी सोच क्या थी। मैंने कहा कि मैंने 600 बंद कर दिए हैं, लेकिन मेरा इरादा सभी मदरसों को बंद करने का है। असम के मुख्यमंत्री ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कांग्रेस और वामपंथियों पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस को 'नए मुगल' भी करार दिया है। हेमंत विश्व शर्मा ने कहा, इस नए भारत में मदरसों की जरूरत नहीं है।

हमें इस दिशा में आगे बढ़ना है, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को बदलना है। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास को नए तरीके से फिर से लिखें क्योंकि इसे पहले तोड़ा-मरोड़ा गया था। असम के मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित एक लाइट एंड साउंड शो का उद्घाटन करने के बाद यहां एक विशाल जनसभा को ( शेष पेज 8 )

# कोल्ड स्टोरेज हादसे में मरने वाले 14 हुए जांच समिति गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**संभल** जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र में एक निजी कोल्ड स्टोरेज के चेंबर की छत ढहने से मलबे में दबकर मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 14 हो गई। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में उपचार करा रहे घायलों से मुलाकात की और हादसे के कारणों की जांच के लिए एक समिति का भी गठन किया है। संभल के जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शुक्रवार को बताया कि घटना में अभी तक 14 लोगों की मौत हुई है जबकि 10 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उन्होंने बताया कि कांक्रीट का मलबा हटा लिया गया है और अब आलू के बोरे हटाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अस्पताल पहुंचकर संभल के चंदौसी में कोल्ड स्टोरेज में हुए हादसे के पीड़ितों की कुशलक्षेम पूछी। दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने ( शेष पेज 8 )

# नार्वे ने फिल्म श्रीमती चटर्जी बनाम नार्वे पर जताई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नई दिल्ली में राजदूत जैकब ने कहा- फिल्म में कुछ तथ्यों को दुरुस्त करने की जरूरत

**दिग्गज** अभिनेत्री रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे' पर विवाद का साया पड़ गया है। इस फिल्म पर नॉर्वे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कल्पना पर आधारित कथा है और इसके तथ्यों में कुछ चीजें सही तरीके से नहीं दर्शायी गई हैं, जिन्हें दुरुस्त करने की जरूरत है।

इसी शुक्रवार को रिलीज हुई यह फिल्म एक ऐसे भारतीय जोड़े पर आधारित फिल्म है, जो अपने बच्चों की कस्टडी के लिए नॉर्वे सरकार से लड़ जाता है। नई दिल्ली में नॉर्वे के राजदूत ने कहा कि उनका देश बहु-सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रित देश है और वहां बच्चों के कल्याण की योजनाएं लाभ पर आधारित नहीं होती हैं। इस बीच, श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे फिल्म के निर्माता निखिल आडवाणी ने कहा कि नॉर्वे के राजदूत हंस जैकब फ्राइडनलुंड को फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए आमंत्रित किया गया था। फिल्म देखने के बाद जैकब ने उन्हें फिल्म के बारे में कुछ सलाह दी है। यह फिल्म सागरिका चक्रवर्ती की किताब 'द जर्नी ऑफ ए मदर' पर आधारित है। नार्वे के दूतावास ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि फिल्म में कुछ सामान्य तथ्यों को ठीक किया जाना चाहिए।

नार्वे एक बहु-सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक समाज है। हम विभिन्न पारिवारिक प्रणालियों और सांस्कृतिक परंपराओं को महत्व देते हैं और उनका सम्मान करते हैं। भले ही ये बच्चों के लालन-पालन को लेकर हमारी आदतों के खिलाफ हों। नार्वे किसी भी रूप में हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलता है। फिल्म एक भारतीय अप्रवासी जोड़े की कहानी पर आधारित है, जिनसे वर्ष 2012 ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,989 | ↑ | 355 | |
| निफ्टी | 17,100 | ↑ | 114 | |
| सोना | 58,040 | ↑ | 400 | /10g |
| चांदी | 67,600 | ↓ | 430 | /kg |

## क्विक न्यूज


### पीएफआई के 68 कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने शुक्रवार को केरल और तमिलनाडु में दो अलग-अलग मामलों में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 68 कार्यकर्ताओं के खिलाफ विशेष अदालतों में दो आरोप पत्र दाखिल किए। एनआईए के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनआईए अब तक पीएफआई के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कुल चार आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। पहला आरोप पत्र 13 मार्च को जयपुर में और दूसरा 16 मार्च को हैदराबाद में दाखिल किया था। केरल और तमिलनाडु में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक इन दो राज्यों में पीएफआई सबसे अधिक सक्रिय है। यह आरोप पत्र 2047 तक भारत में एक इस्लामी शासन स्थापित करने के अंतिम उद्देश्य के साथ हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने के लिए पीएफआई द्वारा रची गई आपराधिक साजिशों से संबंधित है।

# फर्जी पीएमओ अफसर बन जेड प्लस सुरक्षा में कश्मीर में की मौज

● बुलेटप्रूफ एसयूवी में वादियों में घूमा, आलीशान होटल में ठहरा और प्रशासनिक अफसरों संग की बैठकें

**मोहित कंधारी।** जम्मू



**नए** जमाने के नटवरलाल ने प्रधानमंत्री कार्यालय का फर्जी वरिष्ठ नौकरशाह बनकर न केवल जम्मू-कश्मीर पुलिस से जेड प्लस सुरक्षा कवर हासिल किया, बल्कि बुलेटप्रूफ एसयूवी में कई दिन तक वादियों में घूमा और आलीशान होटल में ठहरा।

हनक ऐसी कि उसके बैठने के लिए एसयूवी का दरवाजा भी सुरक्षा जवान ही खोलते। नीचे से ऊपर तक पूरे सिस्टम की पोल खोल देने वाला यह ठग कई बार घाटी आया-गया और वही सब सुविधाएं हासिल कीं। जम्मू-कश्मीर में सरकारी बाबुओं को गहरी नींद से जगाने के लिए गुजरात के किरण जे. पटेल के रूप में पहचाने जाने वाले इस ठग की इतनी करतूतें काफी नहीं थीं। शातिर पटेल ने गुजरात समेत देश के अन्य राज्यों के पर्यटकों को लुभाने के लिए जम्मू-कश्मीर में पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचा तैयार ( शेष पेज 8 )

# सिसोदिया की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी, बंगला छिना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आबकारी** नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत अदालत ने शुक्रवार को 22 मार्च तक पांच दिन के लिए और बढ़ा दी है। फोन एवं ईमेल की जांच का हवाला देते हुए ईडी ने सिसोदिया की हिरासत अवधि सात दिन और बढ़ाने का अनुरोध किया था। इस बीच, सिसोदिया के परिवार को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को शुक्रवार को ईडी ने विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत में पेश किया था। ईडी ने राउज एवेन्यू अदालत को बताया कि सिसोदिया की हिरासत के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी मिली है तथा उन्हें अन्य आरोपियों के साथ बिठा कर पूछताछ करनी है। इन आरोपियों में पूर्व आबकारी ( शेष पेज 8 )

# पंचर लगाने वाला छाप रहा था जाली नोट, धरा गया

● 20, 50, 100 और 200 रुपए के फर्जी नोट बनाकर गड्डी व फुटकर में चलाता था, दो महीने तक छापे नोट

**रिंकू यादव।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने जाली नोट छापने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिखाने के लिए पंचर लगाने की दुकान चलाता था और अपने एक साथी के साथ मिलकर कलर प्रिंटर से जाली नोट छापता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 38,220 रुपए के जाली नोट और एक प्रिंटर बरामद किया है। बादलपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कुछ जाली नोट लेकर के आया है। बाजार में चलाने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के साई होटल के पास छपरौला से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करनी शुरू की तो उसके कब्जे से कुछ जाली नोट बरामद हुए। आरोपी का नाम अब्दुल रकीब है और वह मूल रूप से बिहार के मुज्जफरपुर का रहने वाला है। फिलहाल वह गाजीपुर, दिल्ली में रह रहा था। यहां वह पंचर लगाने की दुकान चलाता था। उसने बताया कि वो और उसका एक दोस्त मिलकर कलर प्रिंटर से जाली नोट छापने का काम करते हैं। करीब 2 महीने पहले ही दोनों इस काम की शुरुआत की थी और प्रिंटर से एक ही सीरीज के काफी नोट छापे थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## छोटे नोट चलाने पर लोगों को शक नहीं होता था

**पुलिस** की गिरफ्त में आए युवक ने पूछताछ में बताया कि दोनों दोस्त मिलकर 20, 50, 100 और 200 रुपए के नोट छापते थे। उसने बताया कि छोटे नोट चलाना आसान होता है। बड़े नोट ले जाने पर दुकानदार या व्यापारी उसे ज्यादा देखते हैं। बताया कि इसीलिए बड़े नोट नहीं छापते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 38 हजार, 220 रुपए के जाली नोट और एक प्रिंटर भी बरामद कर लिया है। सभी नोट एक ही सीरीज के थे। आरोपी अब्दुल के द्वारा कलर प्रिंटर से यह नोट तैयार किए जाते थे। जो कि ज्यादातर एक ही सीरीज के होते थे। इन्हें नोटों की गड्डी में या फुटकर में चलाया करता था। करीब 2 महीने से नोट छापने के बाद इसका दोस्त और यह इन नोटों को इधर-उधर मार्केट में चला रहे थे। अब्दुल ने कहा कि हमे लगता था की धीरे-धीरे छोटे नोट छापकर ही पैसे वाले बन जाएंगे।


# ग्रेनो के 83 और किसानों को जल्द मिलेंगे भूखंड

## सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने दी सैद्धांतिक मंजूरी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने चार गांवों से मांगे हैं सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की पहल पर किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और तेज हो गई है। प्राधिकरण जल्द ही चार गांवों के 83 किसानों को 6 फीसदी आबादी भूखंड देने जा रहा है।

सीईओ ने इन भूखंडों को दिए जाने पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। नियोजन विभाग ने इन किसानों की सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित कर दी है। इस पर किसानों से आपत्ति व सुझाव मांगे गए हैं। इनका निस्तारण कर किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे।



दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बीते साल 28 दिसंबर को संपन्न 128वीं बोर्ड बैठक में किसानों को देय 6 व 10 आबादी भूखंडों के नियोजन व आवंटन की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के के लिए प्रस्ताव अनुमोदित किया गया था। इस प्रस्ताव के क्रम में 16 ग्रामों में एंड टू एंड सर्वे कराया गया। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 4 ग्रामों बिरौंडा, चुहड़पुर, मायचा व रोजा याकूबपुरद के पात्र किसानों के 83 भूखंडों के नियोजन प्रस्ताव पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। नीति बोर्ड से अनुमोदित नीति के अनुसार जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किए जाने के लिए सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गई। ग्राम बिरौंडा में आपत्ति/सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

ग्राम चुहड़पुर की सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जा चुकी है। इसके अलावा रोजा याकूबपुर व मायचा की सार्वजनिक सूचना शीघ्र प्रकाशित कराया जाने की प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने बताया कि सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के बाद प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। दो अन्य ग्रामों जैतपुर-वैशपुर व खोदना खुर्द के भूखंडों के नियोजन के प्रस्ताव तैयार कराए गए हैं। इनकी सैद्धांतिक स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में अन्य ग्रामों के काश्तकारों को देय कृषक आबादी भूखंडों का भी शीघ्र नियोजन कर भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। समान आकार के भूखंडों का ड्रा के माध्यम से आवंटन किया जाएगा। वहीं, सीईओ के निर्देश पर आबादी के लीज बैक के प्रकरणों को निपटाने की दिशा में भी तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। लंबे अर्से बाद लीज बैक प्रकरणों के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में बनी समिति किसानों की सुनवाई कर रही है। ज्ञात हो किसानों और प्रधिकरण के बीच इस मुद्दों को लेकर काफी दिनों से संघर्ष चल रहा था।

### किसानों के सभी वाद जल्द सुलझेंगेः ऋतु



समिति अपनी रिपोर्ट तैयार कर सीईओ की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष रखेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी का कहना है कि प्राधिकरण किसानों के सभी मसले सुलझाने के लिए प्रयासरत है। ग्राम विकास हो, लीज बैक हो या फिर छह फीसदी आवासीय भूखंड के प्रकरण हो, सभी को हल करने की पूरी कोशिश की जा रही है। किसानों के ये सभी प्रकरण जल्द सुलझा लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भीख मांगने वाले भी नशे के कारोबार में लिप्त, 3 पकड़े



**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के द्वारा नवादा गोलचक्कर के आस.पास रात के साथ ही दिन में भी गांजा बेचा जाता था। महिलाओं के पास से पुलिस ने एक किलो 550 ग्राम गांजा भी बरामद किया है। पुलिस को मुख्य गांजा तस्कर की तलाश है। जिले में गांजे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। धंधा करने वाले आरोपितों के द्वारा विभिन्न स्थानों से गांजा लाकर सप्लाई किया जाता है। चाय, पान मसाला, भीख मांगने वालों से गांजे की बिक्री कराई जाती है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर दबिश दी। मौके से तीन महिलाओं विमलेश, अनीता व रिंकी को गिरफ्तार किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मिला नवजात का शव

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र स्थित क्यामपुर गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप नवजात बच्चे का शव बृहस्पतिवार को मिला है। आशंका है कि अविवाहित युवती ने बच्चे को जन्म दिया और बदनामी के डर से बच्चे को फेंक दिया। मामले में पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। बीटा दो कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में पता चला सकेगा कि बच्चे की मौत कैसे हुई है। आशंका है कि बच्चे को खुले में फेंकने से तबियत खराब होने पर उसकी मौत हुई है। आस.पास रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई है।

### कांग्रेसियों ने भाजपा नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

**नोएडा।** जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि अधिनियम 1950 की अनुसूचित जाति के हितों की सुरक्षा शर्तों को यूपी की भाजपा सरकार बदलने जा रही है। आज इसके खिलाफजिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। धरना-प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जातिध् अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें भूमिहीन होने से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 कानून बनाया था।

### पुलिस पर पथराव करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में मारपीट.हंगामे की सूचना पर गई पुलिस पर आरोपी पक्ष ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों से मारपीट की और पत्थर बरसाए। इसमें एक पुलिसकर्मी को चोटें आई हैं, जबकि चीता मोबाइल बाइक डैमेज हो गई। पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये घटनाक्रम गुरुवार रात का है। 16 मार्च को एक महिला ने मनीषा, संगीता, अनुज, आकाश के खिलाफमारपीट के संबंध में केस दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष को जैसे ही इस मुकदमे की जानकारी हुई तो वो महिला के घर पहुंच गए और गाली.गलौज करने लगे। महिला के भाई ने थाना विजयनगर पुलिस को फोन करके इसकी सूचना दी।

# गाजियाबाद में कोरोना संक्रमण की फिर दस्तक तीन दिन में पांच मरीज मिले, टेस्ट में तेजी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना संक्रमण एक बार फिर से बढ़ने लगा है। तीन दिन में अब तक कोरोना के पांच मरीज मिल चुके हैं। बुधवार को दो नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। यह दोनों मरीज एमएमजी में सामान्य बुखार और खांसी की दवा लेने आए थे।

कोरोना जांच कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई। एक विजयनगर की एक 20 वर्षीय युवती और दौलतपुरा का एक 22 वर्षीय युवक एमएमजी में बुखार और खांसी होने पर कोरोना की जांच कराई गई थी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने



बताया कि युवक में कोरोना और टीबी दोनों की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। दोनों की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

इससे पहले कौशांबी और गोल्फ लिंक के तीन मरीजों की पुष्टि हुई है। जिले में टीकाकरण फरवरी माह से बंद है। स्वास्थ्य विभाग को कोविशील्ड की अंतिम खेप 31 जनवरी को ढाई हजार डोज मिली थी। उससे पहले 30 हजार डोज शासन की तरफ से दी गई थी। यह खेप समाप्त होने के बाद जिले में टीके नहीं आए हैं। एच3 एन2 और कोरोना की खबरों के बाद लगातार लोग टीकाकरण केंद्रों पर पूछताछ करने आ रहे हैं। केंद्रों पर 10-15 लोग रोजाना पूछताछ के लिए आ रहे हैं। जितने भी मरीज मिल रहे हैं उनकी हालत सामान्य है। अभी मरीजों को भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पतालों में बेड आरक्षित कराए जाएंगे। शासन से टीका मिलने पर टीकाकरण भी शुरू कर दिया जाएगा।

# कर्मियों की हड़ताल से बिजली व्यवस्था चरमराई

- प्रशासन ने हालात बिगड़ता देख रिटायर्ड कर्मचारी किए तैनात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ऊर्जा मंत्री से वार्ता विफल रहने के बाद विद्युत कर्मचारी 72 घंटे की हड़ताल पर हैं। हड़ताल की वजह से जहां विभागों में कामकाज ठप हो गया है वहीं विद्युत व्यवस्था भी चरामरा गई है। शिकायतों के लिए कॉल सेन्टर भी बनाया गया था लेकिन वहां भी फोन न उठने के कारण उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। जिले में विद्युत व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शासन स्तर से रिटायर्ड अधिकारियों व दूसरे विभागों के अभियंताओं को तैनात किया गया है। बावजूद इसके शहर में बिजली कटौती का सामना लोगों को करना पड रहा है। कई इलाकों में रात से ही बिजली गुल हो गई थी। कंट्रोल रूम में भी फोन नहीं उठाया जा रहा है। व्यवस्था के लिए जिले में पूर्व मुख्य अभियंता एसके गुप्ता को 72 घंटे के लिए यहां तैनात किया गया है। बावजूद इसके अगर हड़ताल इसी तरह से जारी रही तो व्यवस्था बेपटरी हो सकती है। वहीं राजनगर मुख्यालय पर विद्युत कर्मचारियों ने धरना दिया और कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी हडताल जारी रहेगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि हड़ताल में शामिल सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है जो सरकार की दमनकारी नीति है। समिति जेल भरो आंदोलन शुरू कर देगी।



इस प्रदर्शन में राज सिंह, आलोक त्रिपाठी, अरशद अली, एसएन पटेल, नेत्रपाल सिंह, आरपी सिंह, बीके शर्मा, विशाल कंसल, अभिमन्यू, केके सोलंकी, पंकज भारद्वाज, वाहिद अली, दिलनवाज, अरविंद सूर्या, अरूण नागर, नगीन, विकास, सौरभ राय, अजय राणा, आरसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

SBFC

SBFC Finance Limited

Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लि. द्वारा दिनांक 24 मार्च 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-6,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर-101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:** AP00019587,AP00153595,AP00191264,AP00196750,AP00248893,AP00256718, AP00273700,AP00301139,AP00310188,AP00314469,AP00314776,AP00321673,AP00326622, AP00328931,AP00330562,AP00338914,AP00340454,AP00352245,AP00355527,AP00355694, AP00362554,AP00364431,AP00377683,AP00391092,AP00392346,AP00396608,AP00398928, AP00400947,AP00406610,AP00406742,AP00414127,AP00420949,AP00421008,AP00421661, AP00424051,AP00424075,AP00430161,AP00431732,AP00433590,AP00437731,AP00437827, AP00437847,AP00438320,AP00447872,AP00448159,AP00448248,AP00461518,AP00466278, AP00466757,AP00466896,AP00468040,AP00472362,AP00475226,AP00475591,AP00476385, AP00476470,AP00476676,AP00486830,AP00490761,AP00496173 **GHAZIABAD:** AP00329383, AP00357617,AP00372051,AP00377909,AP00391339,AP00430174,AP00430863,AP00431486, AP00455918,AP00458374,AP00470093,AP00478005 **NOIDA:** AP00338941,AP00406150, AP00467422,AP00480946 **HAPUR:** AP00366307,AP00476563,AP00476657,AP00477628

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,

एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार चड्ढा, Property bearing MPL No. 5544 / 15 / N out of Khasra No. 4965/797, built on Plot No. 7/83 (Plot No. 83 and Block-7) measuring 100 sq. yds.. Village Chandrawali alias Shahdara, Arjun Gali, Vishwas Nagar, Illaga Shahdara, Delhi, के GPA, ATS & Will dated 11.05.1981 द्वारा मालिक है और अब अपनी इस संपत्ति को श्री धीरज जैन को बेच रहे हैं, जो की एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है।यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी प्राधिकरण को आपत्ति है तो कृपया हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व० श्री भीम सिंह, उक्त संपचि Freehold Residential Plot area measuring 100 sq. yds. Out of Khasra no. 314, Situated at Village Ghukna Pargana Loni Tehsil & Distt. Ghaziabad Uttar Pradesh, का बिक्री विलेख दिनांक 06.10.2009 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 7183, के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपचि मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० वेद प्रकाश के विधिक उत्तराधिकारी (1) श्री मुनेश कुमार, (2) श्री नरेश कुमार, (3) श्रीमती सविता भारती, (4) श्री सुनील कुमार (5) श्रीमती रेखा रानी, और (6) श्रीमती सुनीता को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्री गोविन्द बिस्वास पुत्र श्री हजारी लाल उपरोक्त संपति को बंधक करें।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

### नगर आयुक्त ने किया पटेल नगर का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** स्वच्छ सर्वेक्षण की तारीख के घोषित होते ही नगर आयुक्त ने अब रात्रिकालीन निरीक्षण शुरू कर दिया। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने बीती रात पटेल नगर में निरीक्षण किया।

इस दौरान नगर आयुक्त के साथ नगर निगम के हेल्थ अफसर और लाइट विभाग के प्रभारी योगेन्द्र यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने बीती रात करीब आठ बजे से लेकर 11 बजे तक शहर में सफाई और स्ट्रीट लाइट आदि का जायजा लिया। कई जगह लाइट खराब मिली। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी लाइट को ठीक करायें।

# अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आएगी स्वच्छ सर्वेक्षण टीम

- अच्छी रैंकिंग के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने शुरू की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए केन्द्र सरकार ने तारीख की घोषणा कर दी है। गाजियाबाद सिटी में केन्द्र सरकार की सर्वेक्षण के लिए टीम अप्रैल के तीसरे सप्ताह में आएगी। केन्द्र सरकार की ओर से तारीख की घोषणा के बाद अब नगर निगम सर्वेक्षण के लिए और कार्रवाई तेज करने जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण हर वर्ष होता आ रहा है। मगर नगर निगम की हिस्ट्री में यह पहली बार होगा कि सर्वेक्षण अप्रैल महीने में होगा। इससे पहले तीन जनवरी को प्रति वर्ष सर्वेक्षण होता था। कोरोना काल में सर्वेक्षण फरवरी और मार्च महीने में हुआ है। मगर इस बार अप्रैल में सर्वेक्षण होने जा रहा है। वैसे नगर निगम गाजियाबाद लंबे समय से सर्वेक्षण को लेकर तैयारी में लगा है। नगर निगम को लग रहा था कि मार्च महीने के तीसरे सप्ताह में ही टीम गाजियाबाद आ जाएगी। मगर अब केन्द्र सरकार ने अब गाजियाबाद सर्वेक्षण कराने के लिए टीम भेजने का फैसला लिया है। नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार का कहना है कि नगर निगम पहले से ही सर्वेक्षण को लेकर तैयारी में जुटा है। उन्होंने बताया कि सिटी में वॉटर प्लस सर्वेक्षण पहले ही हो चुका है। अब सामान्य सर्वेक्षण होना बाकी है। इसकी तैयारी नगर निगम पहले से ही कर रहा है। टीम आने से पहले जो बाकी तैयारी बची है उस तैयारी को भी पूरा कर लिया जाएगा।




सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स वासु कंस्ट्रक्शन/ दिलीप कुमार पटेल/ राधा पटेल/ 071405500666 | सीई-322, ब्लॉक-सी, गोल्फ लिंक-1, प्लॉट नंबर 8, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यूपी, 201307/ मार्च 15, 2023 | नवंबर 15, 2022 रु. 18,73,532/- | दिल्ली, उत्तरप्रदेश |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# सील होते देख शिप्रा मॉल के मालिक ने भरा संपत्ति कर

- कार्रवाई के लिए पहुंचे थे निगम कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम स्थित शिप्रा मॉल ने एक करोड़ 41 लाख का नगर निगम का संपत्ति कर नहीं जमा किया था। निगम टैक्स की रकम की वसूली के लिए मॉल को सील करने पहुंची थी।

संपत्ति कर जमा न करने की स्थिति में नगर निगम की टीम ने मॉल को खाली कराते हुए सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी, लेकिन मॉल प्रबंधन की ओर के कर की राशि का आरटीजीएस कर दिया, जिसके बाद टीम ने अपनी कार्रवाई पर रोक लगा दी और वापस लौट गई। टीम ने मॉल में खरीदारी करने रहे लोग बाहर निकला दिया। नगर निगम की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई को मॉल आए लोगों को खासी परेशानी का समान करना पड़ा।

मॉल में पहुंचीं खुशबू ने बताया कि उनकी बिजनेस मीटिंग चल रही थी। अचानक माल को खाली करने का अनाउंसमेंट होने लगा।

### संदिग्ध हालात में युवक को गोली लगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 4 दिनों से लापता एक व्यक्ति को गुरुवार रात संदिग्ध हालात में गोली लगने के बाद जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

संजयनगर सेक्टर-23 में रहने वाले व्यक्ति चार दिन से लापता थे और रिश्तेदार उन्हें नोएडा से घायल अवस्था में लाए थे। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार तोमर 12 मार्च को एक शादी समारोह से पत्नी व बच्चों को घर छोड़कर थोड़ी देर में आने की बात कह चले गए थे।



गौतमबुद्ध नगर में जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की समस्त योजनाओं को सुचारू पूर्वक संचालित करने हेतु निर्देश दिए गए।

DEBT RECOVERY TRIBUNAL, DELHI
4th FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,
PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001
SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA No. 494/2019 | Vehicle No. UP14GT8288 Make & Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year-2017 |
| ICICI BANK LTD VS BHARAT SOMASTAMB, OA/308/2013 | Vehicle No. HR51Y0945 Make & Model- MERCEDES BENZ, Manu Year-2006 |

Auction Date: April 3, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.
Auction Type: Online Auction
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho
https://auctions.cardekho.com
Contact Person- Jitendra Kumar (7304914763)/ Rajeev Ranjan (8584874809)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, SHAL TOWERS, Plot No 23, New Rohtak Road, Karol Bagh Delhi-110005 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

PUBLIC NOTICE

**Entire First Floor of Plot No. EC-34, area admeasuring 500 Sq. Yds., Inderpuri, New Delhi**

That our client Bobby Puri & Jaspreet Puri, proposed to mortgage and absolute owner in possession of the above said property vide Sale Deed (5000) dated 07.10.2021, having purchased the same from M/s. Kaiser Infratech Pvt. Ltd, The said plot previously owned by Mela Ram Badhan who died intestate left behind Kamlesh Wati Badhan, Balbir Krishan Badhan, Jasbir Krishan Badhan, Nirmal Krishan Badhan, Aasha Bashal and Pushpa Howard as only legal heirs and further the abovesaid legal heirs relinquished their share in favour of Kamlesh Wati Badhan who further sold the said plot to M/s. Kaiser Infratech Pvt. Ltd vide sale deed dated 18.04.18.

Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s, organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned hereinbelow within 10 days of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of Bobby Puri & Jaspreet Puri to the said property shall be deemed to be clear of any claim, charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.

Kumar Abhishek
Advocate
Legal Access
132A, Anarkali Complex,
Jhandewalan Ext. New Delhi

### दमकलकर्मियों ने 50 फुट गहरे गड्ढे में गिरे युवक को निकाला

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में बुधवार की रात डेढ़ बजे के करीब वेब सिटी के पीछे करीब 50 फुट गहरे गड्ढे में एक व्यक्ति अंधेरा होने के कारण गिर गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बचाव अभियान चलाकर उसे सकुशल बाहर निकाला।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि वेब सिटी रोड के किनारे लगभग 50 फुट गहरे गड्ढे में सिद्धार्थ श्रीवास्तव नामक व्यक्ति गिर गया है। उन्होंने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्वाई करते हुए दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और अभियान चलाकर व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला।

# रिश्वत मांगने वाले फार्मासिस्ट पर मुकदमा दर्ज

- मुठभेड़ में घायल बदमाश का मेडिकल रिपोर्ट बनाने पर एसआई से मांगे थे पैसे

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश की मेडिकोलीगल (सरकारी स्तर पर किया गया चिकित्सीय परीक्षण) रिपोर्ट बनाने के लिए उपनिरीक्षक से कथित तौर पर रिश्वत मांगने वाले फार्मासिस्ट के खिलाफ बिसरख थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिसरख थाने के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) राम बदन सिंह के मुताबिक, बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट संजीव के खिलाफ कथित तौर पर ब्लैकमेल करने और रिश्वत मांगने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि संजीव पर उपनिरीक्षक सुनील से 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। सिंह के अनुसार, कुछ दिन पहले पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल बदमाश को बिसरख स्थित प्राथमिक चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए कथित तौर पर रिश्वत की मांग की थी और कहा था कि रकम न मिलने पर वह मेडिकोलीगल रिपोर्ट में गोली के निशान वाली जगह पर ब्लैकनिंग लिखेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने घटना की जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सुनील शर्मा की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया है। ज्ञात हो नोएडा और गाजियाबाद में बदमाशों और पुलिस में कई बार मुठभेड़ हुई है। जब पुलिस इलाज के लिए बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराती है तो उसका मेडिकल रिपोर्ट में भी बनवाई जाती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी का अभिभाषण शुरू होते ही हंगामा, विपक्षी सदस्य बाहर

## नारेबाजी के बाद निकाले गए तीन भाजपा विधायक, अन्य ने किया सदन का बहिष्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन काफी हंगामेदार रहा। सत्र की शुरुआत एलजी के अभिभाषण से होती है लेकिन जैसे ही उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना अभिभाषण के लिए खड़े हुए, भाजपा विधायकों ने शराब घोटाले का मुद्दा उठाया। विपक्षी विधायकों ने केजरीवाल इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए।

जवाब में आप विधायकों ने भी अडानी का मुद्दा उछाला और सदन में मोदी-अडानी भाई भाई, देश बेचकर खाई मलाई के नारे लगाने लगे। दोनों पक्षों की ओर से काफी शोर-शराबा और हंगामा हुआ।

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सत्तानक्ष और विपक्ष को शांत करने की कोशिश की। एक बार माहौल शांत होने के बाद भाजपा विधायकों ने दोबारा नारेबाजी की तो विस अध्यक्ष ने मार्शल को अनिल वाजपेयी को बाहर करने का आदेश दिया। ओपी शर्मा वेल के आ गए और हंगामा करने लगे तो गोयल ने उन्हें भी मार्शल से बाहर करा दिया। लेकिन बाकी भाजपा विधायकों ने सदन का बहिष्कार किया। इसके बाद उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण पूरा किया। इससे पहले सत्र के आगाज से पहले विधानसभा के बाहर मुख्यमंत्री केजरीवाल, अध्यक्ष राम निवास गोयल ने एलजी का स्वागत किया।



सदन से बाहर निकाले गए भाजपा विधायक परिसर में प्रदर्शन करते हुए । फोटो: रंजन डिमरी

### भाजपा विधायकों के खिलाफ प्रस्ताव पारित

*नई दिल्ली। विधानसभा ने शुक्रवार को उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भाजपा विधायकों द्वारा व्यवधान डालने को सदन की परंपरा का उल्लंघन बताते हुए इस मामले को आचार समिति को भेजने के लिए प्रस्ताव पारित किया। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज की ओर से लाए गए इस प्रस्ताव में कहा गया है कि भाजपा विधायकों ने उपराज्यपाल के अभिभाषण में व्यवधान डाला और इस मामले को आचार समिति को भेजना चाहिए क्योंकि यह सदन की परंपरा का उल्लंघन है। पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि इस तरह का व्यवधान सदन की अवमानना है।*

**● एलजी के अभिभाषण के दौरान बाधा पहुंचाना सदन की मर्यादा के खिलाफ : केजरीवाल**

*भाजपा के सदस्यों के हंगामे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बाधा पहुंचाना एक तरह से सदन की मर्यादा के खिलाफ है। सदन की अवमानना पर एक प्रस्ताव पास हुआ है, जिसे आचार कमेटी को भेजा जाएगा कि एलजी के भाषण के दौरान इस तरह से बाधा नहीं पहुंचनी चाहिए। नियमों के मुताबिक एलजी के अभिभाषण के दौरान बाधा पहुंचाना एक तरह से सदन की मर्यादा के खिलाफ है। यह सदन की अवमानना करना है। पूरे मामले को आचार कमेटी को भेजा जाए।*

### रोज गिराती है पत्ते मेरे, फिर भी हवा से नहीं टूटते रिश्ते मेरे

**नई दिल्ली।** सदन में अपने पहले संबोधन के बाद बाहर निकले उपराज्याल से पत्रकारों ने सीएम केजरीवाल से तल्ख रिश्तों के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि टकराव के बावजूद उनका रिश्ता खराब नहीं होगा। साथ ही कहा कि पेड़ और हवा के रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, रोज गिराती है पत्ते मेरे, फिर भी हवा से नहीं टूटते रिश्ते मेरे। एलजी के इतना कहते ही उनके साथ खड़े केजरीवाल समेत सभी लोग हंस पड़े। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अभिव्यक्ति की मर्यादा तार-तार हुई है। उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर शहर की आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय के मध्य जारी टकराव के बीच यह टिप्पणी की। हालांकि, सक्सेना ने जोर देकर कहा कि संबंध बरकरार रहेंगे, क्योंकि यह हमारी सरकार है। एलजी सक्सेना ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले कुछ दिनों में अभिव्यक्ति की कुछ सीमाएं तार-तार हुई हैं।

## उपराज्यपाल ने सरकार के काम को सराहा

**● काम न करने देने के लिए कई तरह से परेशान किया जा रहा है, इसके बावजूद सरकार अच्छा काम कर रही है : केजरीवाल**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से हुई। उनके 20 मिनट के अभिभाषण में उन्होंने दिल्ली सरकार के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के सिद्धांतों पर आधारित सुशासन प्रदान किया है। विभिन्न बाधाओं के बावजूद, दिल्ली सरकार ने अनेक मोर्चों पर कई पहल किये हैं और एक मजबूत आधार तैयार किया है जिससे एक विकसित और समृद्ध दिल्ली बनाने में मदद मिलेगी।

लोगों के प्रति अपनी वचनबद्धता के रूप में सरकार ने विकास के हर क्षेत्र में, उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपना भरसक प्रयास किया है। बजट सत्र में उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल मीडिया रूबरू हुए और कहा कि उनकी सरकार को काम न करने देने के लिए कई तरह से परेशान किया जा रहा है, इसके बावजूद सरकार अच्छा काम कर रही है। हर व्यक्ति को जनतंत्र की इज्जत करनी चाहिए और चुनी हुई सरकार को अपना काम करने देना चाहिए। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली की अर्थव्यवस्था में एक मजबूत अर्थव्यवस्था के गुण हैं। कोविड-19 वायरस की महामारी ने अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की मांग एवं आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। इसके बाद भी दिल्ली मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों का एक गढ़ बनी हुई है। दिल्ली का जीएसडीपी मौजूदा कीमतों पर वर्ष 2016-17 के 6,16,085 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2021-22 के दौरान 9,23,967 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 50 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

**शिक्षा...**



शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर सरकार के बल देने के परिणामस्वरूप, छात्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 के दौरान स्कूलों ने कक्षा 12वीं और 10वीं में क्रमश: 98 प्रतिशत और 97 फीसदी का पास प्रतिशत दर्ज किया। दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड की स्थापना की गई है। इस बोर्ड ने स्कूलों में अत्याधुनिक शिक्षा विकसित करने के लिए इंटरनेशनल बॅकलॉरेट के साथ साझेदारी की है। बोर्ड ने दिल्ली सरकार के 30 स्कूलों के साथ वर्ष 2021-22 में काम करना शुरू किया। इस साल 11 और स्कूल डीबीएसई से संबद्ध हो गए हैं। अगले कुछ वर्षों में इसका दायरा इच्छुक निजी स्कूलों तक भी बढ़ाया जाएगा। स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस विश्व स्तर के स्कूल हैं जो उन छात्रों के लिए है जो पढ़ाई लिखाई में गहरी रुचि और योग्यता रखते हैं।

**स्वास्थ्य...**



स्वास्थ्य के क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे जैसे 38 मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, 174 एलोपैथिक डिस्पेंसरी, 522 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक, 30 पॉलीक्लिनिक, 60 प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र, 46 आयुर्वेदिक, 22 यूनानी, 107 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, 22 मोबाइल क्लीनिक आदि बनाए गए हैं। सभी नागरिकों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है ।

**परिवहन...**



डीटीसी के पास कुल 4010 बसों का बेड़ा है, जिनमें से 3760 लो फ्लोर बसें हैं और 250 ई-बसें हैं। 1500 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें जोड़ी जा रही हैं। मेट्रो का मौजूदा नेटवर्क 390 किलोमीटर है। पिंक लाइन के मयूर विहार पॉकेट-1 और त्रिलोकपुरी-संजय लेक मेट्रो स्टेशनों के बीच कनेक्टिंग लिंक चालू कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण संपर्क के खुलने के साथ ही 59 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी छोर को निर्बाध रूप से जोड़ेगी। पिंक लाइन को रिंग कॉरिडोर के रूप में भी जाना जाता है । आधारभूत संरचना, कृषि एंव पशुपालन, पर्यावरण, पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किए गए हैं।

### विधायकों को बाहर निकालने का निर्णय तानाशाही : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विधानसभा के बजट अधिवेशन के पहले ही दिन सभी भाजपा विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल द्वारा सदन से बाहर किए जाने का भाजपा विधायकों ने निंदा की है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि यह लोकतंत्र का अपमान है और विस अध्यक्ष द्वारा मनमानी और तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई की गई है। अगर आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ भाजपा विधायकों को सदन में आवाज नहीं उठाने दी गई तो वे सड़कों पर संघर्ष करेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभिभाषण के रूप में मजबूरन केजरीवाल सरकार का झूठ का पुलिंदा पढ़ना पड़ा है।




## आईपी यूनिवर्सिटी की ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने भेजी गलत रिपोर्ट


शिक्षा मंत्री आतिशी

**● तीन कॉलेजों की ग्रेडिंग नीचे गई, फीस पर भी पड़ा असर, कार्रवाई के निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गुरुगोबिंद सिंह विश्वविद्यालय की जॉइंट रजिस्ट्रार द्वारा स्टेट फीस रेगुलेशन कमिटी के समक्ष गलत रिपोर्ट पेश करने पर कार्रवाई का आदेश दिया गया है। गुरुगोबिंद सिंह विश्वविद्यालय (आईपी यूनिवर्सिटी) की जॉइंट रजिस्ट्रार पर आरोप है कि उन्होंने कमिटी के समक्ष तीन कॉलेजों की गलत रिपोर्ट पेश की जिस कारण कॉलेजों की ग्रेडिंग पर असर पड़ा और साथ ही फीस को प्रभाव पड़ गया। इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए जॉइंट रजिस्ट्रार पर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्टेट फीस रेगुलेशन कमिटी का कार्य बेहद जिम्मेदार और संवेदनशील होता है। ऐसे में जॉइंट रजिस्ट्रार जैसे अहम पद पर रहते हुए एवं उपकुलपति के प्रतिनिधि द्वारा लापरवाही करना बेहद ही गैर-जिम्मेदार रवैया है। आतिशी ने कहा कि इस कमिटी की जबावदेही है कि वो गंभीरता के साथ संस्थानों के सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए उनकी फीस का निर्धारण करें ताकि छात्रों व उनके अभिभावकों पर गलत फीस का बोझ न पड़े।

### प्रभावित संस्थानों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था

आईपी विश्वविद्यालय की तत्कालीन जॉइंट रजिस्ट्रार उपकुलपति की प्रतिनिधि के तौर पर इस कमिटी में शामिल थी। उन्होंने कमिटी को तीन संस्थानों की गलत रिपोर्ट सौंपी। इसकी वजह से इन संस्थानों की रेटिंग नीचे हो गई लिहाजा इसका सीधा प्रभाव इन संस्थानों द्वारा स्टूडेंट्स की फीस पर पड़ा। इस रिपोर्ट से असंतुष्ट होने की स्थिति में संस्थानों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट ने कमिटी को इन कॉलेजों के पुन:मूल्यांकन करने का निर्देश दिया।

## इंफ्लुएंजा संक्रमण पर सरकार सतर्क, पर प्रतिबंध नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मौसम में बदलाव के चलते देश के कई राज्यों में एच3एन2 (सर्दी,जुखाम, बुखार) इन्फ्लुएंजा वायरस का खतरा बढ़ने लगा है। हालांकि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में इस वायरस के बहुत ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। इसके बादवजूद केजरीवाल सरकार हर स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार और सर्तक है।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों को इन्फ्लूएंजा वायरस के मामलों का पता लगाने के लिए शीघ्र जांच करने का निर्देश दिया है। इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले मार्च के अंत तक आमतौर पर कम हो जाते हैं लेकिन, इस बार देश के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में इसके मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा जिन लोगों को गंभीर अस्थमा या कोविड-19 है, वे सबसे अधिक इन्फ्लुएंजा की चपेट में आए। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र ने छह राज्यों को कोविड परामर्श जारी किया है, उसमें दिल्ली शामिल नहीं है। हालांकि वह इन्फ्लुएंजा को फैलने से रोकने के लिए परामर्श जारी कर रहे हैं। भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मौसम इंफ्लुएंजा का है। इस तरीके का सीजनल इंफ्लुएंजा पूरी दुनिया में चलता है। वर्तमान में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में इंफ्लुएंजा के ज्यादा मामले सामने नहीं आएं है, ऐसे में लोगों को घबराने और चिंता करने की जरूरत नहीं हैं।


स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज

**● पांच साल तक के बच्चे व 65 से अधिक उम्र के बुजुर्ग बरतें सावधानी : भारद्वाज**

लोगों को केवल सतर्क और जिम्मेदार बनने की जरूरत है। अस्पतालों की ओपीडी एवं आईपीडी में फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों एवं श्वसन संबंधी शिकायत वाले मरीजों पर नजर रखी जाएगी, ताकि शुरुआती जांच में सुनिश्चित की जा सकें। यदि कहीं पर भी इसका प्रकोप बढ़ने के संकेत मिलते हैं तो उसे समय रहते निपटा जाएगा।

### देश के हर बच्चे को मिले अच्छी शिक्षा: शिक्षा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जहां शिक्षा विकास के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है, वहीं देश भर में अधिकतर बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा, हमें अपने देश में चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी आवाज उठाने के बारे में सोचना शुरू करना होगा।

एक ओर हम बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में बात करते हैं, वहीं वैश्विक सूचकांक में हमको लेकर कई चिंताजनक बिंदु हैं। भारत है, साल दर साल, वैश्विक स्थिति से नीचे जा रहा है। यह वह जगह है जहां भारतीय आवाज को सुनने और उठाने की जरूरत है।

आतिशी ने कहा कि देश में स्कूल जाने वाले 50 प्रतिशत बच्चे पढ़ना-लिखना नहीं जानते। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि शिक्षा हम सभी के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, लेकिन देशभर में अधिकतर बच्चों की अच्छी गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सुविधाओं तक पहुंच नहीं है। इसी को लेकर हमें अपनी आवाज उठाने की जरूरत है। चार करोड़ से अधिक भारतीय बेरोजगार हैं और 28.26 प्रतिशत युवाओं के पास नौकरी नहीं है।

### शराब नीति का फैसला सीएम आवास पर हुआ : सुधांशु

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए उस पर दिल्ली को शराब में डुबोने और शराब घोटाले से देश का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित घोटाले को लेकर आप और अरविंद केजरीवाल सरकार पर लगातार हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि शराब नीति को पलटने का फैसला केजरीवाल के आवास पर किया गया। उन्होंने कहा, जो लोग (आप) खुद को कट्टर ईमानदार कहते थे, वे झूठों के सरदार लगते हैं। इस पार्टी की तेजी से उभरती वास्तविकता इसके नेताओं के असली चेहरों को उजागर कर रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि आप में भ्रष्टाचार केवल एक नेता तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी सरकार इसमें डूबी हुई है। उन्होंने दावा किया, विभिन्न मुद्दों को उछाल कर वे पिछले कई महीनों से ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं, जहां वे सच को दबा सकें या नकार सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मी लिपि की पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा पांच दिवसीय ब्राह्मी लिपि एवं अशोका अभिलेख का आयोजन शुक्रवार को संपन्न हो गया। समवेत सभागार में 13 से 17 मार्च चले इस कार्याशाला की अध्यक्षता व प्रशिक्षण पांडुलिपि मिशन के निदेशक डॉ. अनिर्वाण दास द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्याशाला में छात्रों ने लुंबिनी एवं गिरनार अभिलेखों के लिप्यंतरण का प्रशिक्षण लिया।

### डीयू के भारती कॉलेज में याज्ञसेनी



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डीयू के अंतर्गत आने वाले भारती महाविद्यालय में छात्रा केंद्रित कार्यक्रम याज्ञसेनी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अभाविप की अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा, भारती महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सलोनी गुप्ता, द्वारका बी की निगम पार्षद कमलजीत सहरावत तथा दिल्ली विश्वविद्यालय की सह सचिव शिवांगी खरवाल जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संस्कृति के प्रवाह में वैदिककालीन ऋषिकाओं के योगदान से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मनु शर्मा ने कहा कि भारत में वैदिक काल से ही ऋषिकाओं, विदुषियों तथा वीरांगनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम सभी ग्रंथो तथा उपनिषदों से समझ सकते है कि प्राचीन काल से ही भारत में महिलाओं की स्थिति वंदनीय रही है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

### एशियन पैकेजिंग कांग्रेस में रोडमैप पर मंथन



नई दिल्ली। पैकेजिंग इंडस्ट्री को स्थिरता प्रदान करने, उत्पाद की सुरक्षा प्रॉडक्ट और बढ़ती चुनौतियों पर एशियन पैकेजिंग कांग्रेस में मंथन कर विकास का रोडमैप तैयार किया गया। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग (आईआईपी) के संयोजन में राजधानी में शुक्रवार को एशियन पैकेजिंग कांग्रेस (एपीसी) के दो दिन के सेमिनार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आईओसीएल के पेट्रोकेमिकल डिविजन के कार्यकारी निदेशक अरविंदर सिंह, आईआईपी निदेशक आरपी मिश्रा, आईआईपी उपाध्यक्ष एनएलएन राजू, एपीसी की सचिव मिस पात्रा मनीसिन और दिल्ली आईआईपी चेयरपर्सन रेशमा खान भी मौजूद हैं। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारी गोली

**नई दिल्ली।** राज पार्क इलाके में दो व्यक्तियों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। आरोपियों की पहचान अरूण और इस्माइल के तौर पर हुई है। पीड़ित राज कुमार ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि करीब साल भर पहले उसका अरूण से किसी बात पर विवाद हो गया था। बृहस्पतिवार को अरूण और इस्माइल उससे मिलने आए और उनके बीच झगड़ा होने लगा। पुलिस ने बताया कि इसके बाद दोनों ने देसी तमंचे से दो गोलियां चलाईं जिसमें से एक गोली राजकुमार के घुटने में लगी। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश) और 34 (साझा मंशा) तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# वर्ल्ड स्लीप डे : बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आधार है अच्छी नींद


डॉक्टर आरपी पाराशर

## अनियमित दिनचर्या व कम सोने से बढ़ती है मानसिक परेशानी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

काम के दबाव या अनियमित दिनचर्या के चलते समय पर नहीं सोने या नींद की अनदेखी स्वास्थ्य समस्याओं के साथ मानसिक परेशानी का कारण बन सकती है।

वर्ल्ड स्लीप डे की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं एमसीडी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आरपी पाराशर ने कहा कि आयुर्वेद में आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य को जीवन का तीन स्तंभ माना गया है। जीवन के लिए नींद अति आवश्यक है। लेकिन नींद की उपेक्षा करने से आज मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों खतरे में है।

अनिद्रा विशेष कर युवा वर्ग को उनके जीवन शैली के कारण बेहद प्रभावित कर रही है। दुनिया भर में 30 से 40 फीसदी जनसंख्या को कभी न कभी नींद की समस्या का सामना करना पड़ता है जबकि 10 से 15 फीसदी लोग रोज नींद न आने की समस्या से परेशान है। इसके कई कारण हो सकते हैं। इसे नजरअंदाज करने के बजाय चिकित्सक से सलाह लेना जरूरी है।


डॉ. पराशर ने कहा कि अच्छी नींद के लिए आयुर्वेद विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों का पालन कर अनिद्रा की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। जिसमें जल्दी सोना और जल्दी उठना पहली शर्त है। जल्दी सोने के लिए रात का भोजन जल्दी करना और उसके बाद टहलना आवश्यक है। सोने से पहले नहाने से शारीरिक और मानसिक थकावट दूर होती है जिससे अच्छी नींद आती है।

गहरी नींद के लिए कमरे में सर्दी के मौसम में हल्की गर्मी और गर्मी के मौसम में हल्की सी ठंडक का एहसास शरीर को होना चाहिए। वहीं गर्म दूध, डार्क चॉकलेट, बादाम, केला और चेरी का प्रयोग नींद की समस्या से निजात दिलाने में सहायता करता है। दूध और केले में ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड होता है जो तनाव को दूर कर नींद की गुणवत्ता को बढ़ाता है। साथ ही बिस्तर पर जाने से पहले हाथ पैर को गुनगुने पानी से धो लें और सोने से पहले मेडिटेशन, प्राणायाम, शवासन, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें।

### टहलना और व्यायाम है जरूरी

प्रात:काल हल्का व्यायाम अवश्य करें, साथ ही रात को खाने के बाद टहल कर आएं क्योंकि शरीर थका होगा दो नींद आने में आसानी होगी। अच्छी नींद के लिए रात को हल्का खाना खाएं और चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, तंबाकू आदि का प्रयोग न करें।

### सोने से पहले गैजेट्स से रहें दूर



बिस्तर में जाने के बाद भी मोबाइल का प्रयोग या देर तक टीवी देखना अच्छी नींद में बाधक है। ऐसे में सोने से पहले डिजिटल गैजेट्स के प्रयोग से दूर रहें। परिवार के साथ समय बिताने से दिमागी तनाव से छुटकारा मिलेगा।

# गो तस्करों से निपटेगी काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स : डीसी

## जिला स्तरीय काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स की पहली बैठक में साफ निर्देश

### गोवंश की अवैध तस्करी या अत्याचार की सूचना पर स्वयं कार्रवाई ना कर पुलिस को करेंगे सूचित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम** में गोवंश के अवैध परिवहन, तस्करी और अत्याचार को रोकने व इसकी सूचना देने के लिए जिला स्तरीय काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सोमवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने इस टास्क फोर्स की पहली बैठक ली। बैठक में कमेटी के सदस्यों सहित हरियाणा गो सेवा आयोग के सदस्य व जिला में कार्यरत विभिन्न गोशाला के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। डीसी निशांत कुमार यादव ने बैठक में बताया कि जिला स्तरीय काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स गठित करने का मुख्य उद्देश्य जिला में गुप्तचरों और खुफिया एजेंसियों के माध्यम से गोवंश की तस्करी और गोवंश पर अत्याचार के बारे में जानकारी जुटाना है।

इनसे मिली जानकारी के बाद अवैध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ साथ यह टास्क फोर्स जिला में बेसहारा व निराश्रित पशुओं का बचाव और उनके पुनर्वास के लिए भी काम करेगी। डीसी ने बताया कि जिला में बेसहारा पशुओं की कान में 12 डिजिट के यूनिक टैग लगाकर उनकी पहचान सुनिश्चित की जाएगी। वहीं गोशालाओं के लिए शामलात भूमि की उपलब्धता, चारा उगाने तथा आवारा पशुओं के पुनर्वास के लिए उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर गोशाला को प्रोत्साहित करने का काम भी टास्क फोर्स द्वारा किया जाएगा। टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई की मासिक रिपोर्ट डीसी कार्यालय द्वारा सीधे गोसेवा आयोग के अध्यक्ष को भेजी जाएगी। डीसी ने गुरुग्राम जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि उन्हें जिला में किसी भी स्थान पर गोवंश की अवैध तस्करी या उन पर अत्याचार की सूचना मिले तो वे अपने स्तर पर कोई कार्रवाई ना करें।

#### जिला स्तरीय काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स का प्रारूप

**जिला** स्तर पर गठित इस काऊ प्रोटेक्शन टास्क फोर्स के अध्यक्ष जिला उपायुक्त होंगे। वहीं 11 सदस्यीय स्पेशल काऊ टास्क फोर्स में सरकारी सदस्यों में पुलिस, पशुपालन, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारी, सीईओ जिला परिषद, जिला अटॉर्नी, गो-सेवा आयोग हरियाणा द्वारा नामित तीन सदस्य पूर्ण यादव, विनोद व अभिषेक गौड़ शामिल किए गए हैं। जिला से दो प्रमुख गौ रक्षकों को भी इस टास्क फोर्स में शामिल किया जाएगा। जिला के प्रमुख गोशालाओं के प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

### कुलदीप कुमार पर्यावरण संरक्षण विभाग में जिला आईटी सह-प्रमुख नियुक्त

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला, प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल से विचार-विमर्श करके जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने कुलदीप कुमार को जिला टीम में आईटी सह-प्रमुख नियुक्त किया है। उनसे अपने पद के दायित्व की बेहतरी से पूर्ति करने की उम्मीद जताई है।

प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के महत्वपूर्ण विभाग पर्यावरण संरक्षण विभाग का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश और जिला स्तर पर कर्मठ कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में कुलदीप कुमार को विभाग में गुरुग्राम जिला आईटी सह-प्रमुख का दायित्व दिया गया है। उन्होंने कि प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियान व प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के मार्गदर्शन में विभाग में जिला की टीम बेहतर कार्य कर रही है। पर्यावरण बचाने के साथ पार्टी के अन्य अभियानों में टीम के सदस्य कड़ी मेहनत करते हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में भी कार्यकर्ता लगातार सक्रिय रहते हैं। कुलदीप कुमार ने कहा कि अपने इस पद की गरिमा रखते हुए वे पार्टी हित में सदा सक्रियता के साथ काम करेंगे। पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार को भी जोर-शोर से किया जाएगा। विभाग के अन्य कार्यकर्ताओं, नेताओं ने कुलदीप कुमार को इस दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# दो महीने हो गए सफाई का टेंडर मिले अब तक सीवर, गलियां नहीं हुईं साफ

### सूरत नगर फेस-1 की महिलाओं, पुरुषों, बच्चों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सूरत नगर फेस-1 में सीवरेज सफाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते क्षेत्र के निवासी।

**यहां** सूरत नगर फेस-1 की गलियों में भरे गंदे पानी और सीवरेज ओवरफ्लो के काम के लिए दो महीने पहले टेंडर नगर निगम की ओर से छोड़ा गया था, लेकिन अब तक ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया गया है। इसके रोष में शुक्रवार को क्षेत्र की महिलाओं, पुरुषों, बच्चों ने एकत्रित होकर कालोनी में प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सोमवार तक काम शुरू नहीं हुआ तो मंगलवार को और बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

सूरत नगर की गलियां पिछले कई दिनों से सीवर के पानी से भरी खड़ी है। नगर निगम गुरुग्राम ने सूरत नगर वार्ड-11 में सीवरों की सफाई का टेंडर जनवरी के पहले सप्ताह में जारी किया था। दो महीने बीतने के बाद भी सूरत नगर की सभी गलियों के सीवरों की सफाई नहीं की गई। क्षेत्रवासी नवीन शर्मा ने कहा कि 60 दिनों से भी ज्यादा का समय बीतने के बाद भी सीवर की सफाई न करने वाले ठेकेदार पर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों की उनसे मिलीभगत है। सूरत नगर निवासी सुषमा देवी ने बताया कि गलियों में सीवर का इतना पानी खड़ा है कि पैदल निकलना महिलाओं एवं बच्चों के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। गन्दे पानी के कारण मक्खी एवं मच्छरों के कारण सूरत नगर के लोगों के जीवन से खिलवाड़ नगर निगम कर रहा है।

हरियाणा सरकार की निगरानी कमेटी के सदस्य योगेश शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से सूरत नगर में सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है, उससे लगता है सूरत नगर कॉलोनी के साथ नगर निगम भेदभाव के साथ काम कर रहा है। हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के हर प्रयास कर रही है। कुछ लोग सरकार की छवि को धूमिल करने के मकसद से विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब अधिकारियों पर दवाब आता है तो वो सीवर को टैंकर से खाली करवा देते हैं, लेकिन सीवरों की सफाई अभी तक नहीं करवाई गई। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को तो सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए अपना रोष व्यक्त किया है। अगर सोमवार तक सीवर की सफाई शुरू नहीं हुई तो मंगलवार को नगर निगम के कार्यालय पर सूरत नगर के समस्त लोग प्रदर्शन करेंगे। लोगों ने मांग की है कि जब तक काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक ठेकेदारों को पेमेंट का भुगतान ना किया जाए। अगर ऐसा किया गया तो इसकी शिकायत सरकार से करेंगे।

# महिलाओं की हर क्षेत्र में अहम भागीदारी ही महिला सशक्तिकरण : नवीन गोयल


गुरुग्राम के मां नंदा देवी मंदिर में महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में मां नंदा देवीजी के मंदिर में नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। मां नंदा देवीजी को नमन करते हुए और नारी शक्ति को भी नमन करते हुए कहा कि आज महिलाओं ने खुद को मजबूती से समाज में स्थापित किया है।

इस अवसर पर प्रीतम सिंह भाटी, इंदु गोयल, अनिल भाटी, राहुल वर्मा, रणवीर चौधरी, मनोज झा, केडी दत्त, पिंकी यादव, नीतू सिंह समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। नवीन गोयल ने आगे कहा कि यह हमारी भारतीय संस्कृति में ही है कि यहां नारियों को देवी का दर्जा प्राप्त है। यहां देवी की अलग-अलग स्वरूप में पूजा की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक सराहनीय काम किए हैं। नारी की प्रगति पर ही समाज व देश की प्रगति निर्भर करती है। हर क्षेत्र में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी है। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, देशभर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में जहां वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बना रही हैं, वहीं हरियाणा में अफसरशाही में भी महिलाओं की अहम भूमिका है।

### पीएम नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का किया काम

विभिन्न विभागों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया कि गुरुग्राम की सुरक्षा की कमान पुलिस आयुक्त के रूप में आईपीएस कला रामचंद्रन को सौंप रखी है। नवीन गोयल ने शुक्रवार को अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को भी उनके जन्मदिन पर उनके साहस और शौर्य की सराहना की।

# आपदा मोचन बल ने तैयार किए 300 आपदा मित्र

## आपदा मित्र के चौथे बैच का प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम


आरटीसी भोंडसी में आपदा मित्र के चौथे बैच का प्रशिक्षण शिविर के समापन पर जानकारी देते

हरियाणा राजकीय आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्र प्रशिक्षण के अंतर्गत चौथे बैच को आईआरबी भोंडसी में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिला स्तर पर 300 आपदा मित्र तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा मित्र बल को संचालित किया जा रहा है।

10 मार्च 2024 को विज्ञान भवन दिल्ली में प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से समस्त भारत में आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह की देखरेख में हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है, जिसमें एक लाख स्वयं सेवक तैयार किए जा रहे हैं। गुरुग्राम जिला में भी अब तक आपदा मित्रों के चार बैच को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

सिविल डिफेंस कॉर्डिनेटर मोहित ने बताया कि आपदा मित्रों को आपदा से बचाव एवं आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद किए जाने वाले कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जो सामाजिक स्तर पर अपने आसपास सामाजिक स्तर पर अन्य लोगों को आपदा के लिए जागरूक करेंगे एवम तैयार करेंगे। इसके आलावा जिले में होने वाले हादसों में

# आरक्षण के बाद भी महिलाओं को जनप्रतिनिधित्व का दायित्व नहीं मिल रहा

## वर्तमान में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पुरुष ही आगे बढ़कर निभा रहे

### दायित्व को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी कई बार खड़े कर चुके सवाल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सरकार** और चुनाव आयोग ने महिला पंचायती राज में 50 फीसदी का आरक्षण तो दे दिया, लेकिन महिलाओं को जनप्रतिनिधित्व की भूमिका निभाने का पूरा अधिकार अभी भी नहीं मिल रहा है। वर्तमान में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पुरुष ही आगे बढ़कर निभा रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी कई बार सवाल खड़े कर चुके हैं।

महिलाओं को पंचायती राज में जनसेवा करने का चुनाव आयोग और प्रदेश व केन्द्र सरकारों के प्रयासों के चलते 50 फीसदी का आरक्षण तो दे दिया।

प्रदेश में हुए 2022 में पंचायती राज के सबसे छोटे पद पंच से लेकर जिला परिषद के पद तक 50 फीसदी भागीदारी निभाने का आरक्षण दिया है। इसके बावजूद गांव-शहर विकास के मुद्दे से लेकर जनसमस्याओं की बैठकों में महिलाओं की संख्या नाममात्र होती है। चुनी गई महिलाओं के परिवार से पुरुष प्रतिनिधित्व कर रहे है। ऐसे पुरुष प्रशासनिक बैठकों में पूरी आन व बाण तरीके से महिलाओं को मिला पद अपने नाम लगाकर बोलने में तनीक भी नहीं हिचक रहे है।

#### महिलाओं को मिला आरक्षण का शोषण :

**महिलाओं** की जनसेवा में पुरुष के सामान भागीदारी करने का मिला अवसर का पूरा तरफ से आज भी शोषण हो रहा है। शिक्षित और जनसेवा निभाने का दायित्व अच्छे हौसले से निभाने वाली महिलाओं को आज भी घूंघट की आढ़ में रखा जा रहा है। महिलाओं को मिला आरक्षण को पुरुषों ने राजनीति करने का मोहरा बनाया हुआ है।

#### अवसर मिलने पर महिला दिखाती है दम

**समाज** में रहने वाली महिलाएं दावे के साथ कहती है कि यदि महिला को आरक्षण के अनुसार पुरुष जनप्रतिनिधत्व करने का अवसर दे तो वह अच्छा दायित्व निभाना जानती है। नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन रोशनी शर्मा का कहना है कि महिलाएं अच्छे जनसेवा और जनता का प्रनिधित्व कर सकती है। महिलाओं को पूरा अवसर देना चाहिए।

#### प्रशासनिक अधिकारी उठा रहे है सवाल:

**बीते छह माह** में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की होने वाली सामाजिक दायित्व से संबंधित बैठकों में महिलाओं की संख्या कम होने और उनके प्रतिनिधित्व के रूप में पहुंचे पुरुषों से सवाल कर चुके है। 2022 में नगर परिषद में सदन की बैठक में महिलाओं के स्थान पर आने वाले पुरुषों को अनुमति नहीं दी थी। तत्कालीन एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बैठक शुरू होने से पहले यह प्रतिबंध लगा दिया था। दूसरी बार दो दिन पहले सदर थाना में डीएसपी साउथ उपासना सिंह ने पुलिस और जनप्रतिनिधियों की सद्भावना बैठक में मात्र एक महिला पहुंची। जिन्हें देख डीएसपी ने महिलाओं के स्थान पर पहुंचे पुरुषों से महिलाएं कम होने का सवाल पूछ लिया।

# संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब और बीयर बेचता दबोचा

**सोहना।** अपराध शाखा मानेसर पुलिस ने भोंडसी के बीएसएम कैंप के निकट दुकान में रखकर अवैध शराब बेचने वाले को दबोचा। आरोपी के पास से तलाशी के दौर चार पेटी बीयर व चार पेटी शराब बरामद हुई है। जांच अधिकारी अशोक कुमार ने भोंडसी थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए बताया कि मध्यप्रदेश का मूल मनोज बीएसएफकैंप के पास परचून की दुकान चलाता है। वह दुकान पर ही अवैध शराब बेचने का काम करता है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच आरोपी को दबोच लिया। जिसकी दुकान की तलाशी लेते हुए 4-4 पेटी बीयर व शराब की बरामद की। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बेरका में दो भाइयों को दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव बेरका में दो सगे भाइयों को दबंगों ने घर में घुसकर पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बेरका निवासी प्रीतम ने बताया कि गुरुवार की सुबह 11 बजे वह और उसका भाई प्रेमसिंह अपने नये घर में बैठे हुए थे। तभी गांव के ही निवासी संजय, सूरजीत, तेजपाल, श्रीपाल, जसवंत सिंह, कपिल व पदम सिंह ने मिलकर उसने घर योजना बनाकर आए। जिनके हाथों में डंडा, लाठी, सरिया आदि हथियार थे। आरोपियों ने बिना कुछ पूछे उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके हाथ, पैर, मुंह, कमर आदि स्थानों पर चोटे लगी। आरोपियों ने उसके भाई को भी पीटा। भोंडसी पुलिस ने प्रीतम की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### काम कम कौतूहल ज्यादा कर रही है पंजाब सरकार: डा. संजय शर्मा



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि पंजाब की सरकार काम कम और शोर-शराबा ज्यादा कर रही है। एक साल में आम आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ पोस्टरों में शेर और वादे पूरा करने में ढेर नजर आई है। पंजाब में नशाखोरी, गैंगवार, स्वास्थ्य, बिजली और किसानों पर बढ़ते कर्ज पर मान सरकार को घेरते हुए डा. शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को हरियाणा की मनोहर सरकार की नीतियों पर चलने की सलाह दी। मीडिया प्रमुख ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में जिन मुद्दों को लेकर सत्ता में आई थी, वे अधर में लटके पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कर्ज लेकर सरकार चला रहे सीएम मान को चाहिए कि वे जनता के टैक्स के पैसे का सदुपयोग करें ना कि पोस्टरों में झूठी वाहवाही लूटे। पंजाब में प्रशासन मनमानी कर रहा है जिससे जनता परेशान है, आज जनता आम आदमी पार्टी को वोट देकर अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। डा. संजय शर्मा ने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आप की सरकार में पंजाब गैंग लैंड बनता जा रहा है। चुनाव से पूर्व आप के सारे वायदे व्यर्थ साबित हो रहे हैं। एक साल में ही कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात करने वाले मुख्यमंत्री के दावों की हवा निकल गई है। एक साल के दौरान आप के नेता लगातार एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। पंजाब में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

# सरसों की सरकारी खरीद दो दिन बाद हुई शुरू

## हेफेड ने किसानों से पहले दिन खरीदी आठ फीसदी नमी वाली 100 क्विंटल सरसों

### अधिकारियों ने कहा, पहले दो दिन नमी अधिक होने से नहीं हुई सरकारी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना अनाज मंडी में सरसों की बोली लगने से पहले मजदूर सफाई करते हुए।

**स्थानीय** अनाज मंडी में दो दिन के बाद शुक्रवार को सरसों की खरीद हुई। हेफेड ने सरकारी खरीद के तीसरे दिन 100 क्विंटल सरसों की खरीद की। पहले दो दिन नमी अधिक होने के कारण सरसों की सरकारी खरीद नहीं हो सकी।

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार स्थानीय अनाज मंडी में सरसो की सरकारी खरीद बुधवार से शुरू हो गई थी। लेकिन पहले दो दिन सरसों मंडी में एक हजार 83 क्विंटल सरसों की आवक हुई लेकिन अधिक नमी के कारण पहले दो दिन सरसों की सरकारी खरीद नहीं हो सकी। स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद की जिम्मेदारी हेफेड को दी गई है। हेफेड ने पहले दिन से ही सरसों की खरीद को लेकर अपनी पूरी तैयारियों के साथ शुरू कर दिया है, लेकिन हेफेड ने सरसों की पहली ढेरी शुक्रवार को खरीदी और खरीद करते हुए 100 क्विंटल सरसों सरकार के खाते में जमा कराई। हेफेड के अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि पहले दो दिन अधिक नमी वाली सरसों आने के कारण खरीद नहीं की गई। हेफेड के नियमानुसार 8 फीसदी सरसों ही सरकार के खाते में खरीदी जाएगी। सरसों का इस वर्ष सरकार ने समर्थन मूल्य 5450 रुपये निकाला है। बुधवार को 424 और गुरुवार को 559 क्विंटल सरसों की आवक हुई थी। लेकिन सरकारी खरीद न होने के कारण आढ़तियों ने ही अपने स्तर पर सरसों को खरीदा।

लदान की सुविधा साथ के साथ सरसों की सरकारी खरीद कर रही हेफेड एजेंसी ने पूरे साजबाज के साथ ही कवायद शुरू की है। वारदाना से लेकर खरीदी गई सरसों की भराई व उठान साथ के साथ होगा। जैसे ही एक गाड़ी के लिए भरा वारदाना होगा। वैसे ही लदान करके स्थानीय मंडी से वेयर हाउस भेज दी जाएगी।

> हेफेड ने 8 फीसदी नमी वाली सरसों को खरीदना तय किया है। इससे अधिक नमी वाली सरसों को नहीं खरीदा जाएगा। गुरुवार की सुबह बारिश होने के कारण सरसों में नमी की मात्रा बढ़ी है।
>
> **मुकेश कुमार (हेफेड अधिकारी)**

### विवाहित संदिग्ध हालात में हुई लापता, पति ने कराई पुलिस को शिकायत दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव हरियाहेड़ा में विवाहिता संदिग्ध हालत में रात के समय घर से लापता हो गई। पुलिस को पति ने पत्नी के लापता होने का मामला दर्ज करा दिया है। हरियाहेड़ा निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि उसकी 21 वर्षीय पत्नी दिव्या 10 मार्च की रात को बिना बताएं घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। जिससे पिछले 6 दिन से अपने स्तर पर खूब तलाश किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। आशीष ने बताया उसकी पत्नी इससे पहले भी दो बार बिना बताए घर से चली गई थी।

# नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ शुरू किया अभियान

## बाजार और सड़कों पर बैठे पटरी दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारियों के काटे 13 चालान

### दैनिक समाचार पत्र पायनियर में प्रकाशित खबर का असर दिखाई दिया दो दिन में ही

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।


शहर को जाम मुक्त बनाने के प्रशासनिक दावे हुए हवा-हवाई

पायनियर अखबार में मंगलवार को सोहना में अतिक्रमण को लेकर प्रकाशित की गई खबर।


शुक्रवार को नगर परिषद की टीम शहर में अतिक्रमण करने वालों के चालान काटते हुए।

**नगर** परिषद प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान की शुरुआत कर दी है। पहले दिन 13 अतिक्रमण करने वालों के चालान काटे गए। मंगलवार को दैनिक समाचार पत्र पायनियर ने सोहना में फैला अतिक्रमण के खिलाफ प्रकाशित की गई खबर का असर दो दिन बाद ही दिखाई दिया। परिषद प्रशासन ने शुक्रवार को खबर में उठाई अतिक्रमण की गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया।

नगर परिषद प्रशासन ने शहर के आम रास्ते से लेकर बाजार और सड़कों पर के साथ बैठे पटरी दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारियों के खिलाफ शुक्रवार से चालान काटने के अभियान की शुरुआत कर दी है। पहले दिन गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ बना सर्विस रोड पर हो रहा अतिक्रमण से की। शहर पुलिस थाना से लेकर देवीलाल खेल स्टेडियम की दुकान तक करीब 300 मीटर की दूरी में 13 चालान काटे गए। प्रत्येक अतिक्रमण करने वाले दुकानदार पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। यहां पर फल विक्रेता से लेकर चाय दुकानदार, बीड़ी सिगरेट, छौले कुलचे, जूस दुकानदार और पटरी पर मटके बेचने वाला दुकानदार शामिल था।

**दुकानदारों में मचा हड़कंप : जैसे** परिषद की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान की शुरूआत की। वैसे ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। परिषद की टीम आने से पहले ही अपना सामान को समेटना शुरू कर दिया। जिसके कारण परिषद की टीम अधिक अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में पीछे रह गई। परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि अतिक्रमण को शहर में जड़ से समाप्त करने के इरादे से अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान अब आगे भी जारी रहेगा।

# लालच में पड़ कर रहे मरीजों के जीवन से खिलवाड़

## हंगामा होने पर समझौता कर मामला कर रहे शांत, सेक्टर 58 इलाके में हुआ ऐसा ही मामला


हंगामा करते मृतका के परिजनों को रोकने पहुंची पुलिस।

**कविता। फरीदाबाद**

**शहर** में जगह-जगह खुले कुछ छोटे हॉस्पिटल, क्लीनिक और नर्सिंग होम पैसा कमाने के चक्कर में गंभीर मरीजों को भी भर्ती कर लेते है। हालत बिगड़ने पर रेफर कर पल्ला झाड़ने लगते हैं। ऐसे में कई बार मरीज की मौत होने पर परिजन हंगामा करने लगे, तो परिजनों पर दबाव डाल समझौता कर लेते हैं। ऐसा ही एक मामला बीती रात सामने आया। जहां महिला की मौत पर हंगामा होने पर पुलिस के पहुंचने के बाद भी समझौता हो गया। इस अस्पताल में पहले भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था। जब जच्चा की मौत के बाद उसे रेफर कर दिया था। पुलिस को शिकायत देने पर अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे का इलाज करवा कर मामला दबा दिया।

**यह है पूरा मामला:** झाड़सेतली निवासी अनिल की 28 वर्षीय पत्नी ललिता को राजीव कालोनी स्थित एक अस्पताल में पित्त की थैली में पत्थरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती करवाया था। जहां बृहस्पतिवार की देर शाम ऑपरेशन हुआ। रात को हालत बिगड़ने पर उसे हार्ट सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल की तरफ से कहा गया कि आईसीयू में आधे घंटे तक उसकी हालत ठीक रही। लेकिन अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। फेफड़ों में पानी भरने से ऑक्सीजन कम हो गई। वैंटीलेटर पर रखा गया, लेकिन दिल ने काम करना बंद कर दिया। जिसे देखते हुए महिला को कार्डिक सेंटर भेजा गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। परिजनों के हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसआई सतेन्द्र अपनी टीम के साथ पहुंचे तो करीब 30 से 40 लोग हंगामा कर रहे थे। उन्होंने हंगामा शांत करवा दिया था, लेकिन पुलिस को अगले दिन तक भी मृतका के परिजनों की तरफ से शिकायत नहीं मिली। जिस कारण मामला दर्ज नहीं किया गया।

**हंगामे में आरोप:** हंगामा कर रहे परिजनों ने बताया कि अस्पताल में ऑपरेशन के बाद मरीज से उन्हें मिलने नहीं दिया। हालत बिगड़ने पर उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों को चिकित्सकों ने यह भी आश्वासन दिया कि उसके इलाज का पूरा खर्च रेफर किए जा रहे अस्पताल में वह खुद देंगे। ऐसे में तो स्पष्ट है कि ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई है। वर्ना पूरा खर्च उठाने के लिए अस्पताल क्यों कहता। परिजनों का कहना था कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई है।

# इनेलो की सरकार बनने पर फिर से आएगा खुशहाली का दौर : चौटाला

## तानाशाह सरकार को सबक सिखाएगी जनता : चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


एक-एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा की शुरूआत करते वरिष्ठ नेत्री सुनैना चौटाला, युवा नेता कर्ण सिंह चौटाला साथ है महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू

**हरियाणा** परिवर्तन यात्रा में पहुंचे इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का दीदार करने के लिए भीड़ उमड़ रही है। चौटाला ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू द्वारा आयोजित सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला फूलों से तथा वरिष्ठ नेत्री सुनैना चौटाला, कर्ण चौटाला का पगड़ी बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर देवेन्द्र चौहान, देवेन्द्र तेवतिया, अजय चौधरी, विजया कुमारी, कमलजीत सिंह, सोनू राजस्थानी, राजपाल,धीर सिंह, वरिष्ठ नेता सुनील तेवतिया, कुलदीप सिंह, हरकमल सिंह, जसकौर, आत्मा सिंह, निर्मल कौर, संजय पांचाल, धर्मेन्द्र कुमार, नवाजिश खान, रतन लाल चौधरी, नाजमू विशेष रूप से मौजूद थे। वहीं यात्रा के कारण लोगों को परेशानियां हुई, रूट डायवर्ट हुए, लेकिन इसके बावजूद भी लोग लम्बे जाम में फंसे नजर आए।

सभा में चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने मौजूदा सरकार को जुमलों की सरकार बताते हुए कहा कि आज विकास कार्य बाधित होकर रहे गए हैं। प्रदेश की स्थिति चिंतनीय हो गई है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं मयस्सर नहीं हो रही हैं। अस्पतालों में चिकित्सक व दवाइयां नहीं हैं। इनेलो सुप्रीमो ने कहा कि विकास के नाम पर एक नई ईंट तक नहीं लगी। स्कूलों में मास्टर नहीं है। नफरत फैलाई जा रही है और इसकी आड़ में लोगों को लूटा जा रहा है। टैक्स पर टैक्स लगाए जा रहे हैं। देश का पैसा अंबानी और अडानी जैसे मुट्ठी भर लोगों की जेब में जा रहा है।


पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला।

**इन मार्गों से गुजरी यात्रा:** 20वें दिन इनेलो द्वारा हरियाणा परिवर्तन यात्रा पूर्व मंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से एनआईटी स्थित भोजपुरी अवधी समाज से डबुआ कॉलोनी होते हुए 17 नंबर चुंगी से 33 फुट रोड त्यागी मार्केट से बृजवासी चौक और 60 फुट रोड होते हुए नैन चौक से नगला रोड से 45 फुट रोड और उसके बाद जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारा रोड पहुंची। जहां गुरूद्वारे में यात्रा में शामिल सुनैना चौटाला और महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू समेत समस्त कार्यकर्ताओं ने माथा टेका और प्रसाद के बाद यात्रा को आगे बढ़ाया। यात्रा गुरूद्वारे से निकलकर पर्वतिया कालोनी स्थित डिस्पोजल से होते हुए सोहना रोड पर स्थित डागर वाटिका पहुंची। जहां सोहना रोड स्थित डागर वाटिका में सभी ने लंच किया। उसके बाद यात्रा दोपहर ढ़ाई बजे सोहना रोड स्थित संजय कालोनी के निकट मौजूद लाल कोठी हरियाणा परिवर्तन यात्रा के चलते किए गए स्वागत समारोह में पहुंची। इस कारण सोहना रोड और गुरूद्वारा रोड पर घंटो जाम लम्बा जाम रहा।

# लड़कियों की सुरक्षा और शिक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता: रेनू भाटिया



व्याख्यान में श्रोताओं को सम्बोधित करतीं रेनू भाटिया।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

## कानून का ज्ञान और उसका सदुपयोग करना, है सबके लिए जरुरी: एडवोकेट रंजना शर्मा

**डीएवी** शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद में वूमेन सैल और वाई आर सी यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लिंग संवेदीकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस समारोह में हरियाणा स्टेट कमिशन फॉर वूमेन की चेयरपर्सन रेनू भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित रहीं। उनके साथ एडवोकेट रंजना शर्मा और डॉक्टर पुनीता हसीजा ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में वूमेन सैल की कन्वीनर और वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डॉ अर्चना भाटिया ने समस्त विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया। कहा कि वूमेन सेल के द्वारा प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने सांख्यिकी आंकड़ों की सहायता से भारत में लिंग असमानता से जुड़े तथ्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी छोटी-छोटी कविताओं के माध्यम से छात्र छात्राओं को नारी के अस्तित्व की गरिमा के विषय में समझाया।

मुख्य वक्ता डॉ पुनीता हसीजा जी ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में अपने अनुभवों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर छात्र-छात्राओं को सजग किया। एडवोकेट रंजना शर्माजी ने लिंग संवेदीकरण विषय पर छात्र-छात्राओं को सचेत कराया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज महिलाओं के प्रति लोगों की सोच में थोड़ा सा बदलाव आया है। महिलाएं पहले की तुलना में आज ज्यादा सक्षम है। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धि गिनाई जा सकती है।

# संक्षिप्त समाचार

## तहसील कार्यालय का सीएम फ्लाइंग ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करती टीम के सदस्य

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा तहसील कार्यालय गोंच्छी, जिला फरीदाबाद का औचक निरीक्षण खंगाला जा रहा है रिकार्ड। शुक्रवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ तहसील कार्यालय में सुबह 9 बजे पहुंचकर चेकिंग की। जहां पाया कि तहसील कार्यालय गोच्छी में कुल 7 कर्मचारी तैनात है। जिनमें एक स्थाई व 6 अस्थाई है। जिनमें से एक सफाई कर्मचारी समय पर हाजिर मिला। तीन कर्मचारी 9.30 बजे तक हाजिरी लगाने पहुंचे व दो कर्मचारी एनआईसी गए हुए बतलाये जो 10 बजे हाजिर आये व एक कर्मचारी सीएल पर पाया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर मिले लोगों ने समय पर म्यूटेशन आदि ना होने बारे मौखिक शिकायतें कीं। जिस कारण कार्यालय के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

## डीसीपी ने पुलिस बल संग निकाला पैदल मार्च


पुलिस बल के साथ थाना एसजीएम नगर क्षेत्र में पैदल मार्च निकालते डीसीपी नरेन्द्र कादियान।

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान ने अपनी टीम के साथ कोतवाली एरिया में पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उनके साथ एसएचओ एसजीएम नगर, कोतवाली, एनआईटीसहित एनआईटी एरिया के थाना प्रभारी अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय व पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार डीसीपी एनआईटी ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बिठाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। यह पैदल यात्रा चौकी नंबर-3 से शुरू होकर डीएवी कॉलेज, चिमनी बाई चौक, 4/5 चौक, एनएच-5 की मार्केट, नीलम चौक व उसके पश्चात एनआईटी थाना से होते हुए भगत सिंह चौक पर समाप्त की गई।

## जूनियर रेडक्रॉस सराय ख्वाजा ने फूलों के पौधे रोपे


पौधे लगाते हुए प्रिंसीपल रविन्द्र मनचंदा व अन्य

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने सौंदर्यीकरण के लिए विद्यालय परिसर में फूलों के पौधे रोपे। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में अध्यापकों के सहयोग से जेआरसी, गाइड्स एवम एसजेएबी ने सभी के सहयोग से विद्यालय में सौंदर्यीकरण करने एवम् पर्यावरण सुरक्षित करने के लिए विद्यालय परिसर में फूलों के पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पौधरोपण करने से प्रदूषण में आश्चर्य जनक रूप से कमी आएगी तथा सभी के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव भी स्पष्ट दिखाई पड़ेगा। जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि अब वसंत ऋतु के आगमन पर पौधे रोपने का उपयुक्त समय है इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण कर वन क्षेत्र में वृद्धि कर जैव विविधता में बढ़ोतरी करने का भी यह उत्तम माध्यम है। उन्होंने सभी अध्यापकों से भी निवेदन किया कि घर एवम परिवार में भी शुभ अवसर पर पौधे लगा कर उस अवसर को और भी शुभ बनाने का सब से सरल उपाय है। अधिक से अधिक पौधरोपण के साथ हमारा पर्यावरण भी स्वच्छ होगा और प्रदूषण भी कम होगा। पौधे प्रदूषित कणों और धूल मिट्टी को भी अवशोषित करने की क्षमता रखते है और हम सभी को प्रदूषण रहित वातावरण देने में अत्यधिक प्रभावशाली होते है। आज विद्यालय परिसर में कार्यालय वाले पार्क में गुढ़ल के भिन्न भिन्न रंग वाले फूलों के पौधे लगाए गए।

# देरी से आरोपी गिरफ्तार करने पर पुलिस को पड़ी फटकार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**बच्चे** के अपहरण व कुकर्म के मामले में फरीदाबाद के डबुआ थाना की पुलिस के भ्रष्ट व नाकारा रवैये का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला तो सितम्बर 2022 में दर्ज कर लिया। पूरे पांच महीने तक ना तो कोई जांच की व ना ही आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास किए।

मामला संज्ञान में आने पर शिकायतकर्ता की तरफ से अधिवक्ता मनोज शर्मा ने फरवरी 2023 में न्यायालय में याचिका दायर कर मामले में त्वरित व सख्त कार्यवाही के निर्देशों की मांग की। याचिका पर सुनवाई के दौरान डबुआ थाना के थानाध्यक्ष व जांच अधिकारी के सरासर भ्रष्ट आचरण का खुलासा हुआ कि पांच महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किसी के बयान तक दर्ज नहीं किए, वरना ही बच्चे के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए गए। आरोपित को दो बार पकड़ कर पुलिस के हवाले करने के बावजूद उसे छोड़ दिया गया। बच्चे के द्वारा उसके साथ कुकर्म किए जाने के बावजूद पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं जोड़ी गई। मजिस्ट्रेट कोर्ट के सख्त रवैये के बाद जांच अधिकारी हरकत में आया व बच्चे के बयान दर्ज किए और पॉक्सो एक्ट की धारा जोड़ते हुए बच्चे के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए गए। इसके बाद भी जांच अधिकारी द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास नहीं किए गए व मामले में एससी/एसटी की धारा नहीं जोड़ी गई तो अधिवक्ता द्वारा जांच अधिकारी व थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही व मामले में विधिसम्मत जांच हेतु उपयुक्त निर्देशों की मांग करते हुए दोबारा स्पेशल कोर्ट/सेशन कोर्ट में याचिका दायर की गई।

# किशोर से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए डबुआ थाना प्रभारी व उनकी टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजकुमार है। जो बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है और फरीदाबाद में फलों की रेहडी लगाता था।

आरोपी की आयु करीब 28 वर्ष है। 18 सितंबर 2022 को डबुआ थाने में अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी अपने पास काम करने वाले एक 14 वर्षीय लड़के को बहला-फुसलाकर डबुआ स्थित अपने घर पर ले गया और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। तीन-चार दिन बाद बालक वापस अपने घर आ गया और उसने सारी बात अपने परिजनों को बताई जिसके पश्चात पुलिस द्वारा लड़के को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

# जन्मदिन पर बबली ने माता कालका रानी का लिया आशीर्वाद

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


सुरेन्द्र शर्मा बबली अपना जन्मदिन मनाते हुए

**अखिल** भारतीय ब्राह्मण सभा के सर्वजन प्रिय राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली का जन्म दिवस शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। उनके कार्यालय पर बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा। ढोल नगाड़ा एवं फूल मालाओं के साथ पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली का जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व अपने जन्म दिवस के मौके पर सर्वप्रथम पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली दिल्ली स्थित कालका मंदिर पहुंचे और माता रानी का आशीर्वाद लिया।

शहर के लोगों ने अपने जन प्रिय पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली को ना केवल उनके सेक्टर 12 स्थित कार्यालय पर जाकर बधाई दी बल्कि सोशल मीडिया में भी ढेरों शुभकामना दी। लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ दीर्घायु बने रहने की शुभकामनाएं दी। अपने जन्मदिवस पर चाहने वालों का प्यार एवं लोगों का आशीर्वाद पाकर गदगद नेता जी ने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से आज उनके जन्मदिवस पर शहर के लोगों ने जो प्यार और सम्मान मुझे दिया है, उसके लिए आभारी हूं। मुझे उम्मीद है लोगों का प्यार एवं स्नेह ऐसे ही मेरे ऊपर बना रहेगा। शहर के सभी वर्गों के लोगों राजनेताओं, बुद्धिजीवियों, वकीलों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं जनता ने उनको बधाइयां दी और इसी प्रकार से समाज में अपनी भागेदारी निभाने को कामना की।

# छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित


कार्यक्रम में शामिल अतिथि, अध्यापक और छात्राएं।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**रोटरी** क्लब फरीदाबाद संस्कृति द्वारा फरीदाबाद के केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोटरी क्लब द्वारा कॉलेज की मेधावी एवं प्रतिभावान छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उपहार भी प्रदान किए गए रोटरी क्लब की महिला सदस्यों द्वारा इस अवसर पर छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने एवं अपने कैरियर के प्रति एकाग्रता के टिप्स भी दिए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज की डायरेक्टर शुभ मेहता तथा जेसी बोस यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ रश्मि चावला थी रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान संदीप सिंघल ने बताया कि उनका क्लब इस कार्यक्रम को केएल मेहता दयानंद कॉलेज में गत कई वर्षों से आयोजित करता रहा है क्योंकि इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस वाले दिन होली का त्योहार था। अतः वह कार्यक्रम आज आयोजित किया गया और छात्राओं को हर वर्ष इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्हें बड़ी प्रसन्नता होती है कि जब कॉलेज की प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित करते हैं और उनका उद्देश्य समाज में उनको ज्यादा से ज्यादा उत्थान के अवसर प्रदान करना और उनको मोटिवेट करना है ताकि वे अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहें आगे बढ़े और समाज में एक ऊंचाई प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में क्लब की प्रथम महिला सुनीता विज ने भी छात्राओं को संबोधित किया। क्लब के सदस्यों में अलका सिंगल कविता सिंगल नीलम सिंगल लक्ष्मी काबरा सीमा जैन तमन्ना अग्रवाल प्रोतिमा गर्ग सुधा अग्रवाल कामिनी भटेजा आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मोटे अनाज का इस्तेमाल करें : डीसी

## डीसी ने किया दो मोबाइल वैनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद**


जागरुकता वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी विक्रम सिंह।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वस्थ जीवन शैली के लिए खाने में मोटे अनाज का इस्तेमाल करें। वहीं फरीदाबाद जिला में दो मोबाइल वैन द्वारा मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

डीसी विक्रम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय में दोपहर को हरी झण्डी दिखाकर दो मोबाइल वैनो को रवाना कर रहे थे। ये मोबाईल वैन गांव-गांव जाकर किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जागरूक करेंगी। अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022- 2023 के तत्वाधान डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जिस प्रकार हमारे परिवारों में बीमारियां बढ़ती जा रही है। उनको रोकने का एक मात्र उपाय मोटा अनाज है जिसमें पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में शरीर को प्राप्त होते हैं और बीमारियों से लड़ने की शक्ति शरीर को प्राप्त होती है। हमें चाहिए कि धीरे-धीरे गेहूं तथा धान की फसल से निकलकर बाजरा, जौ, रागी व कनकी जैसी फसलों पर आना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से मिलेट्स को बढ़ावा देने को लेकर समय-समय पर लोगों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना बेहद आवश्यक है साथ ही साथ मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम को अधिकांशतः शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाना चाहिए। जिससे जहाँ किसान की आमदनी बढ़ेगी और शहरी क्षेत्रों में पनप रही बीमारियों से भी निजात मिलेगी। डीसी ने किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022-2023 के अंतर्गत अधिक से अधिक मोटे अनाज के उत्पादन का आह्वान किया और कहा की ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों के उत्पादन से फसल चक में भी विविधता आती है। इसका मुख्य लाभ यह होता है की मृदा के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। साथ ही इस मुहिम से आमजन के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। जिससे किसानों को आर्थिक स्तर पर लाभ होगा। फरीदाबाद जिला में मोटे अनाज अनाज की आवश्यकता के विषय में ज्ञान प्राप्त करके वे स्वयं भी अपने-अपने क्षेत्र के गांव में जाकर व किसानों को जागरूक करेंगे।

# एसीपी एनआईटी ने बैठक में सुनी आमजन की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


आमजन की समस्याएं सुनते एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद

**डीसीपी** एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद द्वारा आज पुलिस पब्लिक समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एसीपी ने समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग करके सामाजिक समस्याएं सुनी तथा उनके हल के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को अहम दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता सहित एनआईटी जॉन के थाना प्रभारी तथा धर्म सिंह डागर, नरेश कुमार शास्त्री, अशोक कुमार, गुरप्रीत सिंह, रजनीश चंद, सतनाम सिंह, कुलदीप कुमार, नरेश चावला, विजय कुमार, जगन डागर सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस से संबंधित सामाजिक मुद्दों की सुनवाई व उनके समाधान के लिए पुलिस पब्लिक कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसीपी एनआईटी ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनके समाधान के लिए अहम दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्ति ने बताया कि एनआईटी एसजीएम नगर तथा सेक्टर-58 क्षेत्र के सभी चौकों पर शाम के समय बहुत भीड़ रहती है जहां पर ट्रैफिक जाम तथा प्रेशर होरन की वजह से ध्वनि प्रदूषण की समस्या हो जाती है। इसके अलावा एसजीएम नगर एरिया में लोग शाम के समय नशे में धुत होकर आपस में लड़ाई झगड़ा करते हैं। एरिया में कोई भी प्रोग्राम होने पर देर रात तक डीजे बजता है जिससे वह सो नहीं पाते। इसके अलावा एनआईटी में एसजीएम नगर इलाके में सरेआम मार्केट में मीट की दुकानें खुली रहती हैं।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** त्रिपुरा में विपक्षी पार्टियों व आम लोगों पर किये जा रहे हमलों को रोकने तथा हमला करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी फरीदाबाद की ओर से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सीपीएम के कार्यकर्ताओं पर हमला करने जान से मारने और उनके घरों को आग लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करके उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला सचिव शिवप्रसाद, वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने कहा कि त्रिपुरा में चुनाव के बाद भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे आतंक के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध कार्रवाईयां आयोजित की जा रही हैं। इसलिए जिला कमेटी फरीदाबाद ने शुक्रवार को सेक्टर-12 में प्रदर्शन करके देश की राष्ट्रपति के नाम सीटीएम अमित मान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में त्रिपुरा के पीड़ितों को न्याय देने की मांग की गई। जिला सचिव ने कहा कि त्रिपुरा में चुनाव के बाद बीजेपी द्वारा सीपीआई (एम) वाम मोर्चा और विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर उन पर कातिलाना हमला किया जा रहा है।

# सिलिकान वैली बैंक डूबने के कारण

**ऐसा** लगता है कि सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी को बैंकिंग के बजाय नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों की चिन्ता अधिक थी और यही इसके डूबने का एक कारण है। 'वोक' या किसी अन्य फैशन को उसी समय तक सहन किया जाना चाहिए जब सेलेब्रिटीज़ या प्रचार के भूखे लोग इसे अत्यधिक महत्वपूर्ण बताएं, लेकिन जब 'वोकेनिज्म' या तथ्यों को अनदेखा करने वाला कोई अन्य फैशनेबल सिद्धान्त बैंकिंग जैसे गंभीर क्षेत्र में प्रवेश कर जाए तो उसके नतीजे विनाशकारी हो सकते हैं। हाल ही में सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी का डूबना यह सच्चाई बयान करता है। यह बैंक बंद होने के कारण पैदा सुनामी लहरें भारतीय तटों तक पहुंची और इसके कारण शेयर निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये डूब गए। 1983 में स्थापित एसवीबी अपने पतन के समय अमेरिका का सोलहवां सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक था। यह कनाडा, चीन, डेनमार्क, जर्मनी, आयरलैंड, इस्राइल, स्वीडेन व ब्रिटेन में भी कार्यरत था। इसने हर दूसरी वीसी-समर्थित हाईटेक कंपनी की सेवा की थी। आईटी व लाइफ़ साइंसेज़ क्षेत्र में उछाल से एसवीबी को भी मदद मिली थी। फेडरल बैंक द्वारा प्रगति को बढ़ावा देने के लिए घोषित अत्यधिक नीची ब्याज दरों से भी इसे सहायता मिली। अमेरिकी सरकार ने ट्रिलियनों डालर के 'स्टीमुलस पैकेजों' की घोषणा की थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध के साथ ही अमेरिका में मुद्रास्फीति बहुत अधिक हो गई जिसने फेडरल बैंक को कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया। एक साल में ब्याज दरों में 450 प्वाइंट या 4.5 प्रतिशत वृद्धि की गई। इस कारण एसवीबी द्वारा कम ब्याज दरों पर खरीदी सिक्यूरिटीज़ का मूल्य काफी गिर गया क्योंकि बांडों की कीमतों पर ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे एसवीबी के बांड पोर्टफोलियो से मिलने वाली प्राप्तियों में पिछले सप्ताह औसतन 1.79 प्रतिशत कमी आई जो पिछले 10 साल में खजाने को मिले लगभग 3.9 प्रतिशत से बहुत कम थी।




यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि एसवीबी के सामने डूबे कर्ज या आर्थिक शब्दावली में कही जाने वाली गैर निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए की कोई समस्या नहीं थी। उसने बड़ी टेक फर्मों पर दांव नहीं लगाया था जिनके डूबने या पिछड़ने पर उसे फर्क पड़ता। उसके साथ दुहरी बैलेंसशीट जैसी समस्या भी नहीं थी जिसके चलते बड़ी कंपनियां अपने साथ अपने बैंकरों को भी ले डूबती हैं। कर्ज समेत एसवीबी की परिसंपत्तियों में 2019 के अंत से मार्च, 2022 के बीच तीन गुने से अधिक वृद्धि हुई थी और यह 71 बिलियन डालर से बढ़ कर 220 बिलियन डालर हो गई थीं। पिछले सप्ताह एसएंडपी ग्लोबल व मूडी ने एसवीबी की रेटिंग गिरा दी थीं जिससे इसके पतन में तेजी आई। इसका बैंक पर भारी विपरीत असर पड़ा। इससे न्यूयार्क के कर्जदाता सिग्नेचर बैंक को भी नुकसान उठाना पड़ा। एसवीबी व सिग्नेचर बैंक का पतन अमेरिका में 2008 की वित्तीय तबाही के बाद सबसे बड़ा बैंकिंग संकट है। यह सब कोविड-19 जैसी बुरी घटना के कारण नहीं हुआ जो अभूतपूर्व थी और जिसका पहले से अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। इसके पतन का कारण अक्षमता व अति-उत्साह है। बैंकों व निगमों का संचालन करने वाले जानते हैं कि कैसे उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं और वे बुरे वक्त के लिए प्राविधान रखते हैं। वे यह भी जानते हैं कि जीवन में केवल 'परिवर्तन' ही स्थाई है, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव आते हैं तथा सरकार की नीतियां बदल सकती हैं। उनको सावधानी से काम करते हुए तथ्यों पर नजर बनाए रखनी चाहिए। लेकिन बैंकिंग मुद्दों पर बोर्ड बैठकों से स्पष्ट है कि एसवीबी को नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहित करने की ज्यादा चिन्ता थी। इसके नतीजे सबके सामने हैं।

# समलिंगी विवाहों की तार्किकता

समलिंगी विवाहों से समाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। ऐसे युगलों के बच्चों के पालन-पोषण में खासतौर से समस्यायें आ सकती हैं।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



आजकल समलिंगी लोगों के बीच विवाह संबंधों को विधिक मान्यता देने की मांग को सुर्खियों में स्थान मिला है, लेकिन ऐसा होने पर समाज पर दूरगामी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर समलिंगी युगलों के बच्चों के पालन-पोषण में समस्यायें अआ सकती हैं। इस स्तंभ लेखक के दूर के रिश्तेदारों का एक परिवार कनाडा में रहता है। सालों पहले इस परिवार की बेटी ने चीनी मूल की एक लड़की से 'विवाह' कर लिया। वे एकसाथ खुशी से रह रहे थे और आज भी रह रहे हैं। लेकिन चीनी साझीदार की अपने कार्यालय में एक श्वेत सहकर्मी से मित्रता हो गई, उनके बीच यौन आकर्षण पैदा हुआ और उन्होंने दो बच्चों को जन्म दिया। इन बच्चों को भी समलिंगी घर ले आया गया। लेकिन बाद में उसी मां का आकर्षण कार्यस्थल पर एक और श्वेत व्यक्ति की ओर हो गया और उनसे भी एक और बच्चा पैदा हुआ। इस प्रकार अब पांचों लोग एकसाथ रहते हैं तथा बच्चों की स्कूली शिक्षा भी हो रही है। इस प्रकरण से यह सवाल उठता है कि क्या समलिंगी विवाहों का कोई तर्क है? विवाह को एक ऐसे मिलन व एकता के रूप में परिभाषित किया जाता है जहां पुरुष व महिला विशेष प्रकार की सामाजिक व विधिक निर्भरता से बंधे होते हैं जिसका उद्देश्य एक परिवार की स्थापना तथा उसकी देखभाल होता है। यदि समान लिंग के दो व्यक्ति सामान्य रूप से विवाह नहीं करना चाहते हैं तथा आजीवन एक दूसरे के साथ रहना चाहते हैं तो उनके बीच संपत्ति की विरासत तथा अन्य अधिकारों के लिए एक अलग कानून की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही इस सम्मिलन व संबंध को एक अलग नाम देने की जरूरत भी होगी। ऐसा इस कारण भी जरूरी है ताकि 'विवाह' के संबंध में कोइ भ्रम न पैदा हो जिसका अर्थ जाने-अनजाने एक परिवार बसाना तथा बच्चे पैदा करना होता है।

गुजरात में पहले 'मैत्री करार' जैसी एक संस्था होती थी और संभवत: आज भी इसका अस्तित्व बना हुआ है। इस संबंध की खोज एक स्थापित वकील महेंद्र व्यास ने की थी। इसका उद्देश्य एक दूसरी महिला को परिवार में स्थापित करना था जो पत्नी न हो, पर उसे विरासत में अधिकार मिलने की व्यवस्था की गई हो। गुजरात में अनेक युगलों ने 'मैत्री करार' को लाभदायक पाया था, पर किसी को यह भ्रम नहीं था कि यह विवाह है। 'मैत्री करार' से पैदा बच्चों को समाज में वैध माना जाता है, हालांकि कानून के अंतर्गत इनकी स्थिति पर संदेह है। मूल रूप से इस तथ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है कि समलिंगी सह-अस्तित्व की कल्पना प्रकृति ने नहीं की है। अधिकांश समाजों में ऐसे विचार को एक अपराध की तरह देखा जाता है। यह कुछ उसी तरह है, जैसे कोई व्यक्ति भोजन पाचन के लिए अपनी किडनियों का प्रयोग करता हो। ऐसे संबंधों के लिए 'अ-प्राकृतिक' शब्द की अभिव्यक्ति थोड़ी सौम्य लगती है, पर वास्तव में इसका अर्थ प्रकृति के विरुद्ध एक अपराध है। इस विश्वास के अलावा समलिंगी सम्मिलन को वैधता प्रदान करना उचित नहीं है और इसे प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता है।

समलैंगिकता को बढ़ावा देना एक प्रकार से बचकानापन है। इसका अर्थ समाज में लोगों की संख्या और घटाना है। यदि प्रकृति के साथ कोई और ज्यादा छेड़छाड़ न की जाए तो भी अनुमान है कि अगले सौ साल में जापान में कोई व्यक्ति नहीं बचेगा। हालांकि, अनेक जापानी सौ साल से अधिक जीवित रहते हैं, पर इसके बावजूद उसकी जन्म दर व मृत्यु दर के बीच संतुलन टूट गया है। हालांकि, भारत ने काफी बाद में जनसंख्या वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन यह मान लेना उचित नहीं होगा कि ऐसी उर्वरता किसी सभ्यता का स्थाई तत्व हो सकती है।

वर्तमान समय में भारत में समलिंगी संबंधों व समलिंगी विवाहों को विधिक मान्यता देने के मुद्दे पर बहस को मीडिया की सुर्खियों में स्थान मिल रहा है। निचली अदालतों से होता हुआ यह मुद्दा अब सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया है। वर्तमान बहस में केन्द्र सरकार ने भारत में समलिंगी विवाहों को विधिक मान्यता देने के किसी कदम का विरोध किया है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की परिधि से बाहर कर दिया है। लेकिन इस घारा को अपराध की परिधि से बाहर करने का यह अर्थ नहीं कि इससे समलिगीं युगलों को स्वत: ही विवाह करने का अधिकार भी मिल जाता है। केन्द्र सरकार के वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय में यह बात एक शपथपत्र के माध्यम से कही थी। केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसले का उल्लेख भी किया है जिसमें समलिंगी युगलों को गरिमापूर्ण ढंग से निजी जीवन जीने का अधिकार दिया गया था। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले में यह भी कहा गया था कि 'साथीपन का यह मूल अधिकार उस समय तक ही वैध है, जब तक यह साथीपन परस्पर सहमति से हो तथा इसमें धोखाधड़ी, जबरदस्ती या दबाव के तत्व शामिल न हों।' इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि इस प्रकार के समलिंगी साथीपन से 'किसी अन्य के मूलाधिकारों का उल्लंघन न हो।'

दुनिया भर में अनेकानेक वैज्ञानिक व समाजवैज्ञानिक प्रमाणों की बड़ी संख्या इस तथ्य पर जोर देती है कि बच्चों के पालन-पोषण के एि एक सुगठित व प्राकृतिक रूप से विवाहित परिवार सर्वोत्तम है। केवल एक 'जैविक' परिवार ही यह सुनिश्चित कर सकता है कि बच्चों को दोनों वयस्कों-माता व पिता के समय और पैसे तक पहुंच सुनिश्चित होगी। केवल एक सामान्य परिवार ही नियंत्रणों व संतुलनों की ऐसी व्यवस्था प्रदान कर सकता है जिसमें बच्चों की गुणवत्तापूर्ण देखभाल व पालन-पोषण सुनिश्चित हो। बच्चे से माता-पिता के जैविक संबंध की अपरिहार्यता ही यह संभावना बढ़ा सकती है कि माता-पिता सुनिश्चित रूप से अपने बच्चे के साथ अपनी पहचान जोड़ेंगे तथा आवश्यकता होने पर उसके लिए बलिदान के इच्छुक होंगे। दूसरी ओर समलैंगिक युगल केवल ऐसी स्थिति पैदा कर सकते हैं जिसमें उनके संभावित बच्चे माता या पिता में से एक का साथ नहीं पा सकेंगे। यदि समलिंगी 'सिविल' विवाह सामान्य बना दिए जांए तो अधिकांश बच्चों वाले समलिंगी युगल 'समलिंगी स्त्री युगल' या लेस्बियन युगल होंगे। इसका अर्थ यह भी होगा कि हमारे यहां ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी जिनका पालन-पोषण बिना उनके पिता के हो रहा होगा। अन्य चीजों के साथ ही इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि सामान्य व प्राकृतिक विषमलिंगी परिवारों में आमतौर से पिता ही लड़कों के समाज-विरोधी व्यवहार तथा आपराधिक प्रवृत्तियों पर रोक लगाते हैं। इसके साथ ही ऐसे सामान्य परिवारों में आमतौर से पिता ही लड़कियों के यौन व्यवहारों पर समुचित नियंत्रण करते हैं।

कुछ लोग 'आधुनिकता' के नाम पर या इसके बहाने नए कानूनों की वकालत करने लगे हैं जिनमें समलैंगिकता को विधिक दर्जा प्रदान करना भी शामिल है। लेकिन ऐसी मांग करने वालों को बच्चे पैदा करने व उनके पालन-पोषण की प्राकृतिक इच्छाओं को बाधित करने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे 'अ-प्राकृतिक' संबंधों को बढ़ावा देने के बाद हम यह उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि माता-पिता बच्चों के बड़े होने व उनके पालन-पोषण में सहायता करेंगे तथा ऐसे बच्चे बड़े होकर वृद्धावस्था में अपने माता-पिता की देखभाल करेंगे। शताब्दियों से खासकर एशियाई समाजों में सामान्य परिवारों के जनजीवन का यही पैटर्न चला आ रहा है। यूरोप में जाने पर हमें अनेक 'सिंगल पैरेंट' व उनके बच्चे मिल सकते हैं। मुझे इस महाद्वीप के जिन महानगरों में जाने का मौका मिला, वहां मुझे बताया गया कि केवल 20 प्रतिशत लोग ही परंपरागत विवाह करते हैं। बाकी लोग बस एकसाथ रहते हैं और कभी-कभी बच्चे पैदा करते हैं। लेकिन अलगाव की स्थिति में बच्चे सामान्य रूप से माता के साथ जाते हैं। जर्मनी में अनेक माताओं ने मुझे बताया कि उनके बच्चे गैर-जिम्मेदार हैं और समाज के प्रति उनका कोई लगाव नहीं है। मुझे पता नहीं कि समलैंगिक इस बारे में क्या सोचते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि समलिंगी विवाहों पर कानून बनाने के पहले हमें व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से जीवन के विभिन्न आयामों के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। हमें पश्चिम की नकल नहीं करनी चाहिए क्योंकि एशिया में स्थितियां एकदम अलग हैं।

# भारत-अमेरिका सामरिक वाणिज्यिक वार्ता

> सामरिक वार्ता क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



भारत और अमेरिका ने तीन साल के अंतराल के बाद अपनी द्विपक्षीय वाणिज्यिक वार्ता फिर से शुरू की। अपनी पांचवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में, अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो और भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक नई विश्व व्यवस्था में, सभी महत्वपूर्ण उद्योगों में आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों का सामना करते हुए आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

भारत और अमेरिका ने 2009 में सामरिक वार्ता शुरू की, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है। 2015 में, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका-भारत सामरिक वार्ता को रणनीतिक और वाणिज्यिक वार्ता में उन्नत किया, जिससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच अधिक से अधिक समन्वित आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सुरक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए समृद्धि। यहां तक कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी हर साल नए शिखर पर पहुंच रही है, पिछले दो वर्षों में तेज हुई है, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के कारण, ये दोनों राष्ट्र बहुपक्षीय और बहुपक्षीय सुरक्षा मंचों और आर्थिक मुद्दों पर लगे हुए हैं। वर्षों तक अप्रतिबद्ध रहने के बाद, अर्थव्यवस्था पर कोविड-प्रेरित प्रभाव और भारत के साथ भूमि सीमाओं को एकतरफा रूप से बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता ने भारत को नए सिरे से ऊर्जा के साथ राष्ट्रों के समूह क्वाड में वापस आने के लिए प्रेरित किया, जिनके सदस्यों के एक में साझा हित हैं। खुला, मुक्त और नियम-आधारित इंडो पैसिफिक क्षेत्र। इस बीच, बाइडेन प्रशासन ने भी क्वाड समूह के पीछे अपना वजन डाला, इसे विदेश मंत्री के स्तर से नेतृत्व स्तर की बैठकों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया, चीन द्वारा व्यापार के मुद्दों और आर्थिक बदमाशी का सामना कर रहा है, और जापान, समान सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है, क्वाड को एक महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए सीलिंग बांड प्रदान करता है।



यह इस पृष्ठभूमि के खिलाफ है कि यूएस इंडिया वाणिज्यिक वार्ता पिछले सप्ताह नई दिल्ली में हुई थी, जो पहले दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक और आईपीईएफ के विशेष वार्ता दौर के करीब थी। दोनों भागीदारों ने वाणिज्यिक संवाद के हिस्से के रूप में पारस्परिक रूप से सहमत उद्देश्यों के लिए मध्य-वर्ष समीक्षा तंत्र की शुरुआत की। पहचान की गई प्राथमिकता वाली वस्तु, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन का निर्माण करना था। संवाद के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ये प्रयास विकास के अवसरों की पहचान करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए चुनौतियों का सामना करेंगे कि अमेरिका और भारतीय अर्धचालक उद्योग मजबूत संबंध, पूरक पारिस्थितिक तंत्र और अर्धचालक के लिए एक अधिक विविध आपूर्ति श्रृंखला विकसित करें।

एक अलग सेमीकंडक्टर उपसमिति बनाई गई, जिसमें भारतीय पक्ष से अमेरिकी वाणिज्य विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। इस उप-समिति को प्रस्तावित मध्य-वर्ष समीक्षा से पहले अपने पहले दौर के विचार-विमर्श करने का काम सौंपा गया है। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अभी-अभी पैदा हुए सहयोग ढांचे, आईसीईटी (क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर यूएस इंडिया इनिशिएटिव) के साथ वाणिज्यिक संवाद के परिणामों को संरेखित करते हुए, दोनों देश भारत की अमेरिकी रणनीतिक व्यापार वार्ता स्थापित करने पर सहमत हुए। अमेरिकी वाणिज्य विभाग और भारत के विदेश मंत्रालय के बीच इस संवाद का उद्देश्य निर्यात नियंत्रण को संबोधित करना, उच्च प्रौद्योगिकी वाणिज्य को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाना है।

वाणिज्यिक संवाद के दौरान पहचाने गए अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी सहयोग शामिल है, एक ऐसा क्षेत्र जिसने भारतीय प्रधान मंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति दोनों का ध्यान आकर्षित किया है। छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के लिए समावेशी डिजिटल विकास और महामारी के बाद की आर्थिक सुधार भारत और अमेरिका के वाणिज्य मंत्रियों द्वारा प्राथमिकता दी जाने वाली अन्य वस्तुएं थीं। ये लोकतंत्र सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार पर विश्वसनीय भागीदारों के साथ जुड़ाव और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को महसूस करते हैं। कई बहुपक्षीय मंचों पर एक समन्वित दृष्टिकोण की भी उम्मीद की जा सकती है।

## आप की बात

### मैक्रान की जिद

**पिछले** चुनाव में किसी तरह से एमैनुअल मैक्रान राष्ट्रपति का पद तो जीतने में सफल हुए , मगर नेशनल असेंबली का चुनाव उनकी पार्टी हार गयी। लेकिन उनकी हिम्मत की तारीफ़ करनी होगी कि उन्होंने पेंशन के आयु 62 से बढाकर 64 करने की जिद नहीं छोड़ी। 2019 में भी उन्होंने इसे लागू करने की कोशिश की थी। देश के 80 प्रतिशत कामगार एवं 90 प्रतिशत मजदूर यूनियनें उनके इस सुधार के विरोध में सड़कों पर हैं। लेकिन इस विवादास्पद बिल को संसद के निचले सदन से पास कराने के लिए उन्होंने विशेष संवैधानिक शक्तियों का सहारा लिया। फ्रांसीसी संविधान के अनुच्छेद 49-3 को लागू करते हुए इसे चोर दरवाजे से पारित करा लिया गया। लेकिन यह खतरा बना हुआ है कि कहीं महाभियोग लगा कर उनको पद से न हटा दिया जाए। उल्लेखनीय है कि फ्रांस सरकार अपने खजाने का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतनों व पेंशन पर खर्च करती है, लेकिन अब मंदी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों के कारण वह यह बोझ कुछ कम करना चाहती है। पेंशन की आयु बढ़ाना इस दिशा में एक कदम है। इससे सरकार को नए कर्मचारियों को भर्ती कर उनके वेतन पर होने वाले खर्च से राहत मिल जाएगी। क्या अन्य देश भी ऐसे कदम उठाएंगे?

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भारत की विजय

**अमेरिकी** सीनेट में लाए गए एक प्रस्ताव के मुताबिक मैकमोहन लाइन ही चीन और भारत के अरुणाचल प्रदेश के बीच की अंतरराष्ट्रीय सीमा है। अमेरिकी सीनेट का प्रस्ताव वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारत के लिए समयानुकूल व महत्वपूर्ण है। चीन की विस्तारवादी व अधिनायकवादी नीतियां और खुद चीनी राष्ट्रपति का तानाशाही रवैया न सिर्फ देश के भीतर वरन समूचे विश्व के लिए भारी सिरदर्द बना हुआ है। दुनिया देख रही है कि चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं जिन देशों से लग रही है उन सभी से चीन का सीमा संबंधी विवाद चल रहा है। स्पष्ट है कि चीन अपनी शक्ति व चालबाजी के बल पर पड़ोसी देशों के क्षेत्र हड़प रहा है। इसके लिए वह मनमाने नक्शे व बयान जारी कर रहा है। अमेरिकी प्रस्ताव के बाद अन्य बड़े देशों को भी चीन की इस विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने के सक्रिय प्रयास खुलकर करने होंगे। देखना होगा कि रूस का इस बारे में क्या दृष्टिकोण होता है? लगता नहीं है कि वह अपने असीम मित्र चीन की तुलना में पुराने दोस्त भारत को वरीयता देगा। यह भी देखना होगा कि यह कदम भारत-अमेरिका मित्रता को कितना बढ़ावा देगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


### मोदी की स्वीकार्यता

**गुजरात** के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर में नरेंद्र मोदी ने विपक्षियों की लाख अड़ंगेबाजी के बावजूद अभी तक पीछे मुड़कर नहीं देखा है। वे अपने लक्ष्य की और तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि इस कठिन सफर में रास्ते में अनेक अटकाने, लटकाने व भटकाने वाले विघ्नसंतोषी मिलेंगे हीण, परन्तु जिसके ऊपर भारत के 135 करोड़ लोगों का हाथ हो और भारतमाता का आशीर्वाद हो तब उन्हें रोकना इतना आसान नहीं है। वे भारत ही नहीं, दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बढ़ा है और वह दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने से भी कोई रोक नहीं सकता है। केवल आंधी आने पर अपना सिर रेत में गड़ाने वाले विपक्षी नेताओं को ही भारत में लोकतंत्र डूबता नजर आ रहा है। ऐसे ही लोगों के लिए मोदी ने गालिब का शेर सुनाया था कि वे अपने चेहरे की धूल साफ करने के बजाय आईना साफ करते हैं।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**जो** खुद देशद्रोही हैं, उन्हें कांग्रेस पार्टी को देशभक्ति का उपदेश नहीं देना चाहिए और इसके बजाय इससे सीखना चाहिए।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष



**बंगाल** में हम ममता दीदी के साथ हैं। अभी हम बीजेपी और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष



**असम** को देश की सेवा के लिए डॉक्टर, इंजीनियर व अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए शिक्षण संस्थानों जरूरत है, न कि मदरसों की।

– **हेमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री

# विद्युत आपूर्ति बाधित करने वालों को पाताल से भी खोजकर दिया जाएगा दंडः ऊर्जा मंत्री

● फीडर, ट्रांसफार्मर व लाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के डीजी विजलेंस, पॉवर कारपोरेशन को दिए निर्देश ● बातचीत के रास्ते खुले पर जनता को परेशान करने वाले तत्वों के साथ सख्ती बरती जाएगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश बिजली** संगठनों की हड़ताल पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बातचीत के रास्ते खुले हैं लेकिन जनता को जानबूझकर कर परेशान करने वाले तत्वों के साथ सख्ती बरती जाएगी। बिजली आपूर्ति बाधित करने वाले तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। उनकी सेवाएं भी समाप्त की जाएंगी। सभी जिलों के डीएम का सहयोग लिया जा रहा है। वहीं नेशनल ग्रिड से जुड़े कार्यालय में बृहस्पतिवार रात 11 बजे के बाद सिस्टम ठप करने का प्रयास करने वाले कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई होगी। ऊर्जा मंत्री शक्ति भवन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति के सम्बंध में प्रेसवार्ता कर जानकारी दे रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत कर्मचारियों व कुछ संगठनों के द्वारा कार्य बहिष्कार के लिए 72 घंटे की उनकी हड़ताल पूरी तरह से असंवैधानिक एवं लोगों के व राष्ट्र के हित में नहीं है। यह देश एवं प्रदेश के विकास में बाधा बनेगा। ऐसा कृत्य सिर्फ कुछ राष्ट्रविरोधी लोग व ताकतें ही कर सकती हैं। जो अपनी हठधर्मिता के कारण ऐसी परिस्थिति पैदा किए हैं। विद्युत आपूर्ति को बाधित एवं क्षतिग्रस्त करने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे असमाजिक तत्वों को सख्त संदेश है कि किसी भी प्रकार का संवेदनहीन एवं राष्ट्र विरोधी कार्य करके वे पृथ्वी, आकाश व पाताल में कहीं पर भी छिप नहीं सकते। उन्हें खोज निकाला जाएगा और कानूनी कार्रवाई करते हुए कठोर दण्ड दिया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री न कहा कि मैं राज्य की जनता व उपभोक्ताओं को आश्वस्त करता हूं कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सप्लाई, डिमांड एवं स्थानीय आपूर्ति पूरी तरह से नियंत्रित है। विद्युत आपूर्ति एवं उत्पादन पर्याप्त है। यहां किसी प्रकार की समस्या नहीं है। केन्द्रीय पूल से भी पर्याप्त बिजली मिल रही है। कहीं से भी कोई बड़ी घटना या अप्रिय समाचार नहीं है। फिर भी चुनौती और समस्या अभी है, इसलिए सभी लोग इस समय धैर्य का परिचय दें। शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। लोगों एवं सभी जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि इस समय जो भी कार्मिक व्यवस्था बनाने में सहयोग कर रहे हैं, अपनी जिम्मेदारियों का लगन से निर्वहन कर रहे हैं ऐसे कार्मिकों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न न हो। इसका ध्यान रखें, बल्कि उनका सहयोग ही करें।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस समय जो लोग सरकार के कार्यों में व्यवधान डालकर लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, उन्हें पहचानें। बिना कानून को हाथ में लिए ऐसे लोगों को विद्युत आपूर्ति बाधित करने से रोकें। विगत रात्रि में कुछ जिलों से ऐसी घटनाएं आई हैं जिसमें विद्युत कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति में बाधा पहुंचायी है और फीडर, ट्रांसफार्मर व लाइन को क्षतिग्रस्त भी किया है। ऐसे लोग चाहे जंगल, आकाश व पाताल कहीं पर भी रहें, उन्हें खोजकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाईअवश्य की जाएगी।

डीजी विजलेंस, पॉवर कारपोरेशन को निर्देश दिए कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। बातचीत का लोकतांत्रिक तरीका सभी के लिए अभी भी खुला हुआ है लेकिन राष्ट्रीय सम्पत्ति का नुकसान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कल रात में एसएलडीसी जो कि एक राष्ट्रीय कॉरीडोर से जुड़ा संस्थान है उसके कार्यों में बाधा उत्पन्न की गई, जो कि स्वीकार्य नहीं है। इस हड़ताल को रोकने के सभी प्रयास विफल हो गए हैं। पॉवर कारपोरेशन को 93 हजार करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है तथा 82 हजार करोड़ रुपए का बैंक लोन भी है। इतने नुकसान के बावजूद इस वर्ष कार्मिकों को बोनस दिया गया, जो कि विगत 5 वर्षों से नहीं दिया जा रहा था। वित्तीय संकट से जूझ रहे पॉवर कारपोरेशन ने अपने कार्मिकों के हितों की चिन्ता कर रहा है लेकिन कार्मिक राजस्व की वसूली करने व लाइन लॉस को कम करने में रूचि नहीं ले रहे हैं। यह हड़ताल कर्मचारी संगठन व कर्मचारी हित में नहीं है। यह कहीं और से प्रेरित है।

### कुछ और संगठनों ने अपने को हड़ताल से किया अलग

शर्मा ने कहा कि संयुक्त संघर्ष समिति के कार्य जन विरोधी हैं। इसीलिए कुछ संगठनों ने कार्य बहिष्कार, हड़ताल से अपने आपको अलग कर लिया है। वे जनता की सेवा में समर्पित हैं, इसमें शक्ति भवन मुख्यालय कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश पॉवर ऑफिसर्स एसो., विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ, विद्युत मजदूर पंचायत संघ, विद्युत मजदूर संगठन एवं संविदा मजदूर संगठन, प्रमोटेड पॉवर इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन, उप्र अनु. जनजाति बिजली कर्मचारी अधिकारी महासंघ, उप्र राज्य विद्युत परिषद कर्मचारी लेखा महासंघ, विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन सभी सरकार का सहयोग कर रहे हैं। हर तरह से हड़ताल का विरोध किया है और कहा है कि हम 24 घंटे कार्य करने के लिए तैयार हैं।


### राष्ट्रीय व निजी संस्थान भी मदद में आगे आए

कई राष्ट्रीय और निजी संस्थानों ने भी इस आपदा से निपटने के लिए अपने कुशल कार्मिक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। एनटीपीसी, बजाज पॉवर, प्रयागराज का टाटा पॉवर, लैंको, केस्को, पॉवर ग्रिड कारपोरेशन, राज्य के बाहर की सरकारी कम्पनियां एवं भारत सरकार की कम्पनियां, संयुक्त उपक्रम अपने कार्मिकों की सेवाएं देने को तैयार हैं।

### आउटसोर्सिंग व संविदा कर्मियों को निकालने की शुरू की जाए प्रक्रिया

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि शिकायतें हैं कि कुछ कार्मिक उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करके गायब हो जाते हैं। ऐसे कर्मियों से अनुरोध है कि वे या तो ठीक से कार्य करें या घर बैठें। अधिकारी ऐसे कार्मिकों का संज्ञान लें। ऐसे आउटसोर्सिंग व संविदा कार्मिक जो कार्य पर नहीं आ रहे हैं उन्हें अतिशीघ्र निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाए। ऐसे लोगों का मानदेय बंद किया जाए। उनके कार्यों की अब हमें आवश्यकता नहीं है, हम उनके स्थान पर दूसरे नौजवानों को नौकरी देकर कार्य करवा लेंगे। आउटसोर्सिंग मानवबल उपलब्ध कराने वाले एजेन्सियों को सम्बंधित जिलाधिकारी के संरक्षण में लाकर उनके कार्मिकों की उपस्थिति चेक की जाए।

# रक्षा मंत्री राजनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ में



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 1449.68 करोड़ की लागत के विभिन्न 353 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री 2 दिवसीय दौरे पर 18 मार्च को प्रातः 11 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे ऐशबाग रामलीला ग्राउंड के लिए रवाना होंगे और वहां लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत 5-ए कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। अपराह्न 3.30 कॉल्विन कॉलेज ग्राउंड पर 1449.68 करोड़ लागत के विभिन्न 353 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। सायं 5. 30 बजे डिवाइन हॉस्पिटल विराज खंड गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रविवार 19 मार्च को अपराह्न 3.30 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर के लिए रवाना होंगे और वहां 'माटी के मसीहा' पुस्तक के विमोचन के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत सायं 4. 30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और सायं 5 बजे दिल्ली लौट जाएंगे।

# विकास कार्यों व निर्माण परियोजनाओं में लेटलतीफी नहीं होगी बर्दाश्तः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से उन्होंने करखियांव में निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात मुख्यमंत्री वाराणसी सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं निर्माताओं के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यक्रमों एवं निर्माण परियोजनाओं को मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ प्रत्येक दशा में समय से पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन सामान्य को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने का निर्देश दिया। सर सुंदरलाल चिकित्सालय में एमआरआई मशीन खराब होनेए सिटी स्कैन मशीन पर लंबी.लंबी लाइनें लगनेए वेंटीलेटर बेड की कमी आदि अन्य समस्याओं पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को बीएचयू प्रशासन से इस संबंध में वार्ता किए जाने की जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि इन परेशानियों को संज्ञान लेते हुए बीएचयू प्रशासन से वार्ता की गई हैं। मुख्यमंत्री ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु एचआरडी एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के उच्च स्तर पर पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने टाटा कैंसर अस्पताल से संबंधित प्रपोजल पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार से धनराशि आवंटन कर कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाए। गोल्डन कार्ड के प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि 5 लाख गोल्डन कार्ड बन गए हैं और 5 लाख शेष है। मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि सॉफ्टवेयर में कमी होने के कारण डाउनलोड नहीं हो रहे हैं बने हुए कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहे हैं। इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्राचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने शीघ्र समस्या के समाधान का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनपदों में लगाए जा रहे आरोग्य मेला में स्वास्थ्य विभाग के समस्त योजनाओं का वहां पर विस्तार से शिविर लगाए जाएं और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए। जिससे आम जनता शासन की स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का आसानी से लाभ उठा सके। मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं एवं पर्यटको की सुविधाओं के लिए दिशा सूचक साइनेज लगाने के साथ ही अन्य आवश्यक सूचनाओं के भी साइनेज लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य भाषाओं में प्रदर्शित होने वाले सूचनाओं का डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम में पर लगने वाले पुलिस कर्मियों की काउंसलिंग कराए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के साथ पुलिस कर्मियों का व्यवहार सद्भाव का होना चाहिए। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं के दृष्टिगत यह स्पष्ट हो रहा है कि अधिकारी क्षेत्रों में भ्रमण नहीं करते। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करें और समस्याओं का उसी दिन समाधान सुनिश्चित कराएं। नगर आयुक्त स्वयं क्षेत्रों का भ्रमण कर अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे भ्रमण एवं कार्यवाही पर निगरानी रखे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की तर्ज पर प्रत्येक घाटवार नौकाओं का रेट निर्धारित करने का निर्देश दिया। गंगा में गहरे स्थानों पर साइन इन लगाने के साथ ही कोई भी नाविक शराब पीकर नाव का संचालन न करेंए यह सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। नावों पर क्षमता से अधिक लोगों को न बैठाए जाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने शत.प्रतिशत नाव को सीएनजी में कन्वर्ट कराए जाने का निर्देश जोर दिया। मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि गंगा घाटए चौक थाना आदि पर पर्यटक पुलिस की तैनाती की गई है। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि बाबतपुरए गोदौलियाए अस्सी घाट व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पर्यटन सूचना केंद्र संचालित कर दिए गए हैं। अन्य मंदिरों में भी यह व्यवस्था की जाएगी। बताया गया कि पर्यटकों की सुविधाओं के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा एक वेबसाइट का भी निर्माण कराया जा रहा है।

# मोदी की अगुवाई में तेजी से आगे बढ़ रहा है भ्रष्टाचार मुक्त भारतः केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बजट सत्र के अभिभाषण को देश के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री व भाजपा द्वारा तय किया गया कि आम जनमानस तक संगोष्ठीयों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। 2014 के पूर्व जब नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं थी तब के भारत और आज के भारत में बहुत अंतर आया है। मौर्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लखनऊ महानगर के शारदा नगर-1 शक्ति केंद्र पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। महानगर अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ महानगर के सभी 394 शक्ति केंद्रों पर संगोष्ठी आयोजित करके राष्ट्रपति अभिभाषण को पढ़कर आमजन के साथ साझा किया जा रहा है। 11 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित अभियान के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य शारदा नगर शक्ति केंद्र पर आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित हुए। जब कांग्रेस की अगुवाई में सपा-बसपा जैसे दलों की बैसाखी पर सरकार चलती थी उस समय भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया था। आज प्रधानमंत्री की अगुवाई में भ्रष्टाचार मुक्त भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पहले की सरकार केंद्र सरकार या राज्य सरकार में किसी परियोजना के लिए 100 रुपया भेजा जाता था तो 15 रुपया लोगों तक पहुंचता था। 85 रुपया कांग्रेस, सपाई, बसपा के नेता, कार्यकर्ता व इन के संरक्षण में पल रहे भ्रष्ट अधिकारी खा जाते थे। आज प्रधानमंत्री दिल्ली में बैठकर एक बटन दबाते हैं तो आपके खाते में पूरा पैसा पहुंच जाता है।

# बीजेपी दलित विरोधी भूमि कानून लाई तो कांग्रेस पूरी तरह से करेगी विरोधः बृजलाल खाबरी

● राज्यपाल की ओर से पार्टी प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय न देने पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जिस तरह का दलित विरोधी भूमि कानून लाने का प्रयास कर रही है पिछली सरकार ने भी इस तरह का कानून लाकर शोषित और वंचितों के अधिकारों पर कुठाराघात करने की कोशिश की लेकिन यह उस समय संभव नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह मन बना लिया है कि अगर सरकार इस तरह का कोई भी कानून लाती है तो कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के इस कानून का विरोध करेगी और उस हद तक विरोध करेगी जैसा कि आपने देखा ही होगा कि किसानों के खिलाफजब केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा तीन काले कृषि कानूनों को लाया गया था। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी ने तथा किसानों ने जी तोड़ संघर्ष किया और अंत में सरकार को तीनों काले कृषि कानन्नों का वापस लेना पड़ा।

खाबरी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। मुझे पता चला कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा पुनः इस प्रकार का कार्य करने की मंशा स्पष्ट हो रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, वंचित वर्ग के किसी भी व्यक्ति की सवा तीन एकड़ से कम भूमि को किसी के भी द्वारा नहीं खरीदा जा सकता। खाबरी ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि किसी के पास सवा तीन एकड़ के अधिक जमीन है तो उसे उन परिस्थितयों में खरीदा तथा बेचा जा सकता है जब कोई भी व्यक्ति किसी आसाध्य बीमारी से ग्रसित हो, या वह अपना वह क्षेत्र छोड़कर कहीं दूसरी जगह पर चला गया हो और उसकी जमीन वहां खाली पड़ी हो अथवा यहां से बेंचकर कही दूसरी जगह जमीन खरीदनी हो। उन परिस्थितयों में संबंधित क्षेत्र के डीएम से अनुमति लेकर ही जमीन बेची जा सकती है लेकिन यह कानून अगर लागू हो जाता है तो कि बिना डीएम के अनुमति के यह जमीन बेंची और खरीदी जाएगी।

# एकेटीयू के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2022.23 की विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की स्नातक एवं परास्नातक परीक्षा शनिवार 18 मार्च से शुरू हो रही है। जो 6 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा में दो लाख 40 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए पूरे प्रदेश में 128 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी का कहना है कि परीक्षा प्रदेश के 43 जिलों में आयोजित होगी। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए हर केंद्र पर विश्वविद्यालय की ओर से आब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर विश्वविद्यालय से नजर रखा जाएगा। जिससे कि परीक्षा के दौरान नकल न होने पाये।

# अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 29 पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने पुलिस महकमे में फिर व्यापक फेरबदल किया है। इस बार अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 29 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट, डीजीपी के पीआरओ अभय नाथ त्रिपाठी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और एडीसीपी वाराणसी दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक फायर सर्विस के पद पर भेजा गया है। अन्य जिन अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए हैं उनमें ओमप्रकाश सिंह तृतीय को पुलिस मुख्यालय से नक्सल मिर्जापुर, ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद इटावा से गाजीपुर, हरगोविंद मथुरा से ट्रेनिंग मुख्यालय, अरुण कुमार सिंह एडीजी जोन आगरा के स्टाफ अफसर से 32वीं वाहिनी पीएसी, राजेश कुमार पांडे 32वीं वाहिनी पीएसी से कानपुर देहात, अवनीश कुमार मिश्रा अभिसूचना मुख्यालय से मथुरा, घनश्याम कानपुर देहात से अभिसूचना मुख्यालय, मोनिका चड्डा पुलिस अकादमी मुरादाबाद से अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, बसंत लाल कानपुर पुलिस कमिश्नरेट से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट, अंकिता सिंह अभिसूचना मुख्यालय से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., रूपेश सिंह उपाधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा, सुबोध गौतम प्रतापगढ़ से इटावा, आलोक दुबे गाजियाबाद से मेरठ जोन, श्याम देव गोरखपुर से पीटीएस सीतापुर, शंकर प्रसाद सोनभद्र से 10 वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, योगेश कुमार लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट से पीटीएस जालौन, मनोज कुमार यादव पीलीभीत से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, अवनीश कुमार गाजियाबाद से पीटीएस मेरठ और अखंड प्रताप सिंह शाहजहांपुर से पीटीएस उन्नाव भेजे गए हैं। वहीं जया शांडिल्य एसीपी लखनऊ कमिश्नरेट से एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट, अशोक कुमार यादव उपाधीक्षक एसआईटी लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी लखनऊ, वीरेंद्र कुमार एसीपी वाराणसी कमिश्नरेट से एडीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट, एडीजी आगरा जोन के स्टाफ अफसर अरुण कुमार सिंह को 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, जितेंद्र सिंह बलिया से बरेली में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर भेजे गए हैं।

# बसपा का कोई प्रवक्ता नहींः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**टीवी चैनलों** से लेकर समाचार पत्रों में बयान देने वाले नेताओं को लेकर शुक्रवार को बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति साफ कर दी है। पार्टी के मीडिया सेल का पुर्नगठन प्रस्तावित है। ऐसे में जो लोग अपनी तरफ से बयान देते हैं या रखते हैं। यह उनकी राय मानी जाये न कि पार्टी की राय। प्रयागराज हत्याकांड को लेकर सुर्खियों में आये माफिया अतीक अहमद को लेकर बसपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मवीर चौधरी ने परिवार का बचाव करते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी। धर्मवीर चौधरी ने कहा कि अतीक की पत्नी बीएसपी नेता शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग है। इस पर सरकार को न्याय हित में सीबीआई जांच करानी चाहिए। बीएसपी नेता धर्मवीर चौधरी के इस बयान को लेकर पार्टी पर कई सवाल खड़े हुए थे। शुक्रवार को ट्वीट कर मायावती ने लिखा कि जब तक नए मीडिया सेल का गठन होने तक कोई भी पार्टी का प्रवक्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि बीएसपी द्वारा पार्टी के मीडिया सेल का पुनर्गठन प्रस्तावित है।

# 496 अधिकारियों को 20 को नियुक्ति पत्र देंगे सीएम

● 13 विभागों में सफल अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र, ई-अधियाचन पोर्टल का भी करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार 20 मार्च को लोकभवन सभागार में आयोजित एक वृहद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में अधिकारी पदों पर चयनित 496 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन रोजगार के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ई अधियाचन पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम समेत कई मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है उनमें सबसे ज्यादा 78 नियुक्ति पत्र आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित हैं। सीएम यहां सहायक सिविल अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता एवं आवास विकास परिषद के अभियंता जैसे पदों पर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके अलावा 60 अभ्यर्थियों को औद्योगिक विकास विभाग के तहत प्रबंधक (प्रशासन/सामान्य)/ वित्त एवं लेखाधिकारी और सहायक भंडार गिय अधिकारी पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। साथ ही 52-52 अभ्यर्थी राजस्व और नियुक्ति विभाग से संबंधित हैं।

राजस्व में जहां नायब तहसीलदार के लिए तो वहीं नियुक्ति विभाग में डिप्टी कलेक्टर के लिए नियुक्ति पत्र दिए जाने हैं। इसके अलावा पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के लिए भी 50 पदों पर पशु चिकित्साधिकारी की नियुक्ति का पत्र भी प्रदान किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग में भी 44 अभ्यर्थियों को भी सहायक अभियंता के पदों के लिए नियुक्ति पत्र मिलेगा। अन्य की बात करें तो 31-31 पदों पर कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग (उप कारापाल एवं अधीक्षक कारागार), स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग (उप निबंधक) और ग्राम्य विकास विभाग (खंड विकास अधिकारी) के अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र मिलेगा। वहीं गृह विभाग में 29 पदों (पुलिस उपाधीक्षक एवं अग्निशमन अधिकारी) पर, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति में 15 पदों (सहायक सिविल/यांत्रिकी अभियंता)/ ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में 12 पदों (सहायक सिविल अभियंता) और नगर विकास विभाग में 11 पदों (सहायक अभियंता/ अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1 (सहायक नगर आयुक्त) में सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल 13 विभागों को नए अधिकारी मिलेंगे।

# कांग्रेस ने प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव में धांधली का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** कांग्रेस कमेटी ने प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर मिश्र ने कहा कि सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों के घोषित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 14 मार्च को नामांकन, 15 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, 16 मार्च का नाम वापसी एवं 18 मार्च 2023 को मतदान होना है। भाजपा द्वारा 15 मार्च को ही समाचार प्रकाशित कराया गया कि 7 हजार सहकारी समितियों में 70 हजार नामांकन हुए हैं जिनमें 20 हजार भाजपा के प्रतिनिधि चुनकर आ रहें हैं 16 मार्च को तो नामांकन की जांच होनी थी काफी नामांकन खारिज किए जा चुके हैं। इस चुनाव में कांग्रेस के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़कर सक्रियता के साथ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया जा चुका है। जिनमें लगभग 250 प्रतिनिधि र्निविरोध निर्वाचित हो रहें है। मतदान तिथि 18 मार्च के पश्चात अधिकारिक कांग्रेसजनों की सहकारिता चुनाव में जीत कर आने की संभावना है।

# दिव्यांग खिलाड़ियों को सामान्य की भांति ही अब मिलेंगी सभी प्रकार की सुविधाएंः डॉ. नवनीत सहगल

● पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को सरकार ने प्रदान की मान्यता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर मुख्य** सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि राज्य सरकार अन्य लोगों की तरह पैरा एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एक मजबूत पैरा स्पोर्ट्स इको सिस्टम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पैरा स्पोर्ट्स और पैरा एथलीट को विभाग की हर योजना में शामिल किया जाएगा। सहगल शुक्रवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक कर रहे थे। साई तथा खेल विभाग के अधिकारी मौजद थे। बैठक में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को मान्यता प्रदान कर दी गई। साथ ही डीफ, डम्ब एण्ड ब्लांइड, नेत्रहीन एवं बधिर खिलाड़ियों को भी इसमें सम्मलित करने पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। उप्र में दिव्यांग खिलाड़ियों को अब सामान्य खिलाड़ियों की भांति सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। समय-समय पर पैरा गेम्स आयोजित किए जाएंगे। इससे दिव्यांग खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रतिभाएं निखर का सामने आएंगी, जो आगे चलकर पैरा ओलम्पिक गेम्स में उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। सहगल ने कहा कि प्रदेश में छात्रावास सहित राज्य के स्वामित्व वाली खेल सुविधाओं में दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढांचा तैयार कराया जाएगा। खेल केन्द्रों एवं अकादमियों में पैरा खिलाड़ियों के लिए अलग से कोटा निर्धारित कराया जाएगा। पैरा एथलीटों के लिए कई खेलों में उच्च प्रदर्शन केन्द्र स्थापित कराए जाएंगे। इसके साथ ही पैरा स्पोर्ट्स के लिए विशेष प्रशिक्षकों की भर्ती की जाएगी। साथ ही नेत्रहीन एवं बधिर खेलों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा पैरा ओलंपिक खिलाड़ियों को अन्य ओलंपिक खिलाड़ियों की भांति पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# नगर पालिका परिषद के तीन मतदेय स्थलों पर ताला

## बैरंग लौटे बीएलओ एवं अधिकारी

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**नपाप** के वार्ड सं. 25 के तीन मतदेय स्थलों के परिसर के मुख्यद्वार पर ताला बंद किए जाने से न केवल बीएलओ बैरंग वापस लौटे बल्कि अधिशासी अधिकारी समेत अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी भी वापस लौटने को विवश हुए।

नगर पालिका परिषद संडीला के वॉर्ड सं0 16 में क्रमांक 3 पर स्थित भवन जिसक स्वामित्व नगर पालिका परिषद के नाम दर्ज है तथा इसमें लगभग 40 वर्ष से आईडीएल जूनियर हाई स्कूल संचालित हो रहा था और इसी भवन में नगर के पुराने वार्ड सं0 23 तथा वर्तमान वॉर्ड सं025 के बूथ संख्या 60,61,62 के मतदेय स्थल भी संचालित थे। अचानक दिसंबर 2022 में इस भवन से थोड़ा थोड़ा करके



विद्यालय का फर्नीचर आदि हटाकर अचानक एक ताला डाल दिया गया और बाद में एक मास के अंदर इसका रंग रोगन कराकर इसकी सूरत काफी हद तक बदल दी गयी और विगत सप्ताह इसके अंदर काफी तोड़ फोड़ भी शुरू की गयी। 10 मार्च से 17 मार्च तक मतदाता सूचियों के संशोधन का कार्य प्रस्तावित होने के कारण यहां आए बीएलओ इधर उधर भटकते रहे परन्तु इस परिसर का ताला नहीं खुला। बीएलओ ने इसकी सूचना अधिशासी अधिकारी और संभवता निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को दी। अधिशासी अधिकारी विजेयता गुप्ता तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों ने इसका मौके पर आकर निरीक्षण किया लेकिन इसका ताला नहीं खुला और मतदाता सूचि में अपना नाम शामिल कराने वाले लोग इधर उधर भटकते रहे। लोग इस बात से आश्चर्यचकित हैं नगर पालिका परिषद के स्वामित्व वाले इस भवन पर किसी बाहरी व्यक्ति ने ताला किस प्रकार डाल दिया है। इस संबंध में जब एसडीएम से जानकारी करने के लिए संवाद्दाता द्वारा फोन किया गया तो दो बार फोन करने के बावजूद उनका सटाफ यह बताता रहा कि साहब मीटिंग में हैं। इसलिए उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई।

खीरी में 125 लाभार्थियों को बांटी उन्नत टूलकिट

# प्रदेश सरकार अब हुनरमंदों के द्वारः विधायक सदर

**लखीमपुर खीरी।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उप्र के तत्वावधान में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एक जनपद एक उत्पाद (गुड़ उत्पादन) में दक्षता, कौशल विकास के लिए उद्यमिता विकास प्रशिक्षित लाभार्थियों का टूलकिट वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक सदर योगेश वर्माए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल सिंह के साथ ओडीओपी योजना के उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्राप्त 125 लाभार्थियों को ओडीओपी टूलकिट की सौगात दीए टूलकिट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि यूपी के प्रत्येक जिले की विशिष्ट शिल्प कलाओं एवं उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक जनपद एक उत्पाद योजना संचालित हैए जो प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। आज पूरी सरकार हुनरमंदो के द्वार पर खड़ी है। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप स्कीम ष्एक जनपद एक उत्पादष् के तहत जनपदो की हस्तकलाए हस्तशिल्प एवं विशिष्ट हुनर को सुरक्षित एवं विकसित किया जा रहा है। डीएम ने ओडीओपी योजना के जरिए उन्नत टूलकिट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्राप्त टूलकिट का सदुपयोग कर लाभार्थी अपनी आजीविका को पंख लगाएं।

# मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** बरेली

**मंडलायुक्त** सौम्या अग्रवाल ने आज स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम राइफल क्लब में निर्माणाधीन द्वितीय फ्लोर बिल्डिंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार को निर्देश दिए कि 10 दिनों के अंदर प्वाइंट 2.2 राइफल इन्डोर के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने एयर गन व एयर पिस्टल इन्डोर शूटिंग हाल को देखा और लाइट की व्यवस्था एवं बिल्डिंग की फिनिशिंग के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शूटिंग उपकरण व फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जाए।इसके उपरांत मंडलायुक्त ने स्टेडियम में मल्टी स्पोर्ट इंडोर स्टेडियम हाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि समयान्तर्गत गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने जिम, स्विमिंग पूल तथा हॉस्टल को देखा और निर्देश दिए कि फाउंटेन ऐसा लगाया जाए जो कि देखने में सुंदर लगे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य ऐसा किया जाए जिसमें किसी प्रकार की कमी न रहे। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने गांधी उद्यान के निकट बने 4 फ्लोर कार पार्किंग का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने गांधी उद्यान में भूल-भुलैया, म्यूजिक फाउंडेशन व 60 नोजल वाले फुब्बारे आदि का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि म्यूजिक फाउंडेशन की पीछे दीवार पर ब्रांडिंग कराई जाए और वाटर बॉडी की सफाई भी समय-समय पर होती रहे। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने संजय गॉधी कम्युनिटी हॉल के पास तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए बच्चों के लिए झूले लगाए जाए तथा तालाब के आस-पास साफ सफाई नियमित होती रहे, तालाब में पानी मानक के अनुसार भरवाया जाए और इसे संचालित कराते हुए इसकी देख रेख तथा विद्युत व्यवस्था भी कराई जाए। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने नगर निगम के सामने एलन सब्जी मंडी में बने वेडिंग जोन की दुकानों को भी देखा तथा सब्जी मंडी में प्रतिदिन साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त को दुकानदारों ने अपेक्षा की है कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत जनपद में अन्य जगहों पर भी वेडिंग जोन बनवाया जाए।

निरीक्षण के समय नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, बीडीए उपाध्यक्ष जोगिन्दर सिंह, अपर नगर आयुक्त सुनिल कुमार, मुख्य अभियंता नगर निगम वीके सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव, स्मार्ट सिटी के अधिकारी, कार्यदायी संस्था सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में विधुत हड़ताल का कोई प्रभाव नहींः अपर जिला मजिस्ट्रेट

## ● शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग के प्रयास में एस्मा के तहत सख्त कार्यवाही होगी

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**अपर** जिला मजिस्ट्रेट (वित्त/राजस्व) त्रिभुवन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में विद्युत हड़ताल का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0 ने 16 मार्च से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल किये जाने के सम्बन्ध में प्रशासन की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 33/11 के.बी. कुल 43 उप केन्द्रों पर विद्युत कर्मी तथा 751 संविदा कर्मी सुचारू रूप से कार्य कर रहें हैं। एहतियात के तौर पर कार्य कर रहें कर्मचारियोंकी सुरक्षा की जनपद के 43 उप केन्द्रों पर



पुलिस व मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गयी है तथा नगर मजिस्ट्रेट व सभी उप जिला मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्र में दौरा करेंगे । उन्होंने कहा जनपद में विद्युत हड़ताल का कोई प्रभाव नहीं है।

उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की समस्या से निपटने हेतु आईटीआई जीटीआई के अप्रेंटिस विद्यार्थियों के अलावा विद्युत वितरण निगमों के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में कार्यदायी संस्थानों के मानव संसाधन का जनपदवार उपलब्ध कराये गये व्यक्तियों की सेवायें ली जा सकेगी। अपर जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा इस दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ एस्मा लागू कर कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना

## ● ऑपरेशन ग्रीन के सब्सिडी का लक्ष्य बढ़ाया गया

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में आलू भण्डारण शुल्क एवं कृषकों की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी की अनुमति से जिला उद्यान अधिकारी ने शीतगृह से सम्बन्धित एजेण्डा जैसे भण्डारण शुल्क, कृषकों की भण्डारण से सम्बन्धित समस्यायें एवं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजनान्तर्गत ऑपरेशन ग्रीन के द्वारा कृषकों, कमीशन एजेण्ट, खाद्य प्रसंस्करण कारोबारकर्ता, एफ0पी0ओ0 एवं रजिस्टर्ड व्यापारियों द्वारा भण्डारण एवं परिवहन पर प्रति कुण्टल धनराशि रू0 100/- सब्सिडी का प्राविधान रखा गया है, जिससे सम्बन्धित जिलाधिकारी के समक्ष बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने कोल्ड स्टोरेज स्वामियों, कृषकों से वार्ता कर एवं शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित सामान्य आलू तथा शुगर फ्री आलू के भण्डारण के लिए क्रमशः 230 रूपए एवं रू0 260 भण्डारण शुल्क लिये जाने का फरमान जारी किया । कृषकों के हित के लिए जिलाधिकारी ने शीतगृह स्वामियों एवं जिला उद्यान अधिकारी से कहा ऑपरेशन ग्रीन से सम्बन्धित कृषकों के मध्य गोष्ठियाँ कर तथा शीतगृह स्वामियों के द्वारा अपने शीतगृह पर ऑपरेशन ग्रीन से सम्बन्धित फ्लैक्सी बोर्ड शीतगृह परिसर में लगवाये जाने तथा साथ ही साथ कृषकों को प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन ने जनपद में ऑपरेशन ग्रीन के अन्तर्गत सब्सिडी का लक्ष्य 1000 कृषकों का रखा गया है, जिसे बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने 50,000 कृषकों का लक्ष्य किये जाने का फरमान सुनाया

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी , सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा सुन्दर लाल, जिला कृषि अधिकारी सतीश चन्द्र पाठक व प्रबन्धक शीतगृह शाहजहाँपुर, प्रमुख आलू कृषक यथा अमरजीत सिंह, सोनू सिंह, मनजिंदर सिंह बिट्टी, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## समझौता न करने पर रेप पीड़िता को किया घायल

**बरेली।** रेप के आरोपियों ने रेप पीड़िता पर समझौता करने का दबाव डाला और इंकार करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली रेप पीड़िता को इलाज के लिए उसके घर वालों ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने बताया कि कुछ समय पहले उसके गांव में ही रहने वाले विक्की बिलाल और शरीफ ने उसके साथ रेप किया था जिसकी शिकायत उसने पुलिस से कर दी मुकदमा दर्ज होने के बाद रेप के आरोपी उस पर समझौता करने का दबाव डाल रहे थे लेकिन उसने उनके साथ समझौता नहीं किया जिसके चलते कल शाम रेप के आरोपी उसके घर में घुस आए और उसको घर से बाहर खींच कर बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे।

## क्विक न्यूज

### हरगांव में जिला सेवा योजन ने रोजगार व दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगदान मेले का किया आयोजन

**सीतापुर।** हरगांव विकास खंड के परिसर में जिला सेवा योजन विभाग की तरफसे रोजगार व दिव्यांगजनों के लिए कृतिम अंगदान मेले का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही रहे। इस अवसर पर 10 प्राइवेट कंपनियो क्वालिटी नर्सिंग होम, आर आर नर्सिंग होम, पीपल टी आनलाइन, धनवर्षा प्लाटिंग, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी, ग्रीन ग्रो जेनटिक्स, पुखराज केयर, ब्राइट फ्यूचर एण्ड आर्गेनिक हर्बल, नव भारत फर्टिलाइजर, सुरक्षा गार्ड एण्ड केरियर वीजार्ड आदि ने अपने अपने स्टाल लगाकर मेले आए हुए अभ्यर्थियों को जानकारी से अवगत कराया।

### पूर्ण हड़ताल में बदली विद्युत कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल

**सीतापुर।** 16 मार्च की रात 10 बजे से विद्युत कर्मियों की सांकेतिक हड़ताल पूर्ण हड़ताल में बदल गई। जिले की विद्युत आपूर्ति पर इसका गहरा असर नजर आया। बारिश की बूंदों ने और भी समस्या बड़ी कर दी। इसका नतीजा रहा कि दोपहर होते होते जिले के कुल 51 विद्युत उपकेंद्रों में 24 की विद्युत आपूर्ति पूर्ण या आशिंक रूप से प्रभावित हो गई। यही नहीं सीतापुर जिला मुख्यालय भी विद्युत आपूर्ति बेपटरी होने से नहीं बच सका। शहर के 13 मोहल्लों में भी बिजली गुल होने की जानकारी मिली।

### भारतीय तैलिक महासभा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**सीतापुर।** भारतीय तैलिक महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने समूह नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू ने सभी को होली मिलन की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि विश्राम सागर राठौर ने तेली समाज को संगठित रहकर राजनीति में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संरक्षक जगदीश जयसवाल, कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष सभासद उमेश जयसवाल, मुकेश, विनोद, प्रमोद, सतीश राठौर, मीडिया प्रभारी रवि जायसवाल, संतोष जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली ।** सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के गांव फाजिल नगला निवासी 25 वर्षीय अशोक पुत्र कृपाल सिंह की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसके घर वालों को बताया कि अशोक 13 मार्च को अपने किसी परिचित से मिलने के लिए मोटरसाइकिल से उसके घर गया था जहां से वापस लौटते समय म्याऊं के पास सड़क पर आ रहे हैं किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### स्मैक समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्कूटी पर सवार दो स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से स्मैक भी बरामद हुई पुलिस ने उन्हें जेल भेजा। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव परसोना में मजार की तरफजाने वाले रास्ते पर नहर के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने आज लगभग 3रू00 स्कूटी सवार बिथरी चौनपुर नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र मोहम्मद हनीफऔर पोस्ट ऑफिस के पास रहने वाले सोहेल पुत्र शराफत हुसैन को रोककर उनकी तलाशी ली तब नदीम के पास से पुलिस 13 ग्राम और सोहेल के पास से 12 ग्राम स्मैक व एक मोबाइल फोन बरामद किया गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों पर बिथरी चौनपुर में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

## पदयात्रा मढियाघाट पहुंची

**मैगलगंज खीरी।** वॉटर वुमन शिप्रा की पदयात्रा मढियाघाट पहुंची जहाँ पर संत समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया। पीलीभीत जनपद के माधव टांडा स्थित उद्गम स्थल से केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल की उपस्तिथि में गोमती नदी की 960 किलोमीटर की पदयात्रा करने निकली वाटर वूमेन शिप्रा की पद यात्रा लखीमपुर खीरी जनपद के विभिन्न रास्तों से होते हुए आज मढ़ियाघाट पहुंची।मढ़ियाघाट पहुंचकर शिप्रा ने प्राचीन शिवालय के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके उपरांत शिप्रा जनपद हरदोईएसीतापुर एवम लखीमपुर की संयुक्त सीमा से होते हुए धोबियाघाट को प्रस्थान कर गईं। मढ़ियाघाट पहुंचकर संत समाज ने मिलकर शिप्रा का स्वागत किया। शिप्रा ने वहां गोमतीभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि नदी के प्रति हम लोगों को अपना व्यवहार बदलना पड़ेगा। नदी वृक्ष जल हमारा परिवार नही हमारा जीवन है। अपने जीवन की अमूल्य संपदा को संजोकर रखना है। इसे और स्वच्छ और हराभरा बनाना है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी पर्यावरण को लेकर किसी महामारी का शिकार ना हो।

## बाथम वैश्य महासभा के होली मिलन समारोह में दिखी सामाजिक एकता की झलक

**संवाददाता।** सीतापुर

**बाथम** वैश्य महासभा द्वारा खैराबाद कस्बे के कमाल सराय स्थित बी.एस.पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाथम वैश्य महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष बबिता गुप्ता व समाजसेवी अभिषेक गुप्ता बबलू ने अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में फूलों की होली, राधा कृष्ण का मनमोहक भक्ति नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में शाहजहांपुर, शाहाबाद, हरदोई,



लखीमपुर, गोला सहित अन्य जनपदों के लोग भी सम्मिलित हुए। शाहजहांपुर से आए फ्लोर मिलर्स संजय अग्रवाल ने जनता को आटे के पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री प्रकाश सिंह,राकेश त्रिपाठी, गोविंद सहाय गुप्ता, सहज गुप्ता, हरिओम अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, प्रियंका, सविता, निरंकार गुप्ता, नीरू गुप्ता, रामजी, राजू, रामू, अंकित सहित हर धर्म के लोगों ने शामिल होकर आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।

## स्कूल बस की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बरेली।** एक ग्रामीण को तेजी से आ रही बस ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव ततीजा खास निवासी 48 वर्षीय नंदलाल पुत्र रघुवीर की कल शाम फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि नन्हे लाल कल शाम को अपने एक परिचित को ढाबे पर छोड़ने के लिए घर पर गया था और उसे छोड़ने के बाद वह पैदल ही घर वापस लौट रहा था इसी दौरान एक स्कूली बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## राष्ट्रीय सेवायोजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर पूर्वी वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अवर अभियंता सिंचाई विभाग स्वदेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर एल आर वर्मा ने की। डॉ पूर्वी वर्मा ने बताया कि मिशन शक्तिश् मिशन मोड में एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षाए संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को मजबूत बनाना है। यह योजना संपूर्ण जीवन चक्र में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर विचार करने और उनके जीवन में बदलाव लाएगी तथा उन्हें नागरिक.स्वामित्व के माध्यम से राष्ट्र.निर्माण में समान भागीदार बनाएगी। इस तरह यह योजना सरकार की ष्महिलाओं के विकासष् की प्रतिबद्धता को साकार रूप देगी। विशिष्ट अतिथि स्वदेश कुमार जी ने बताया कि छात्र अपने छात्र छात्रा अपने जीवन में कठिन परिश्रम करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं आप सभी लोग अनुशासन में रहकर अपना जीवन व्यतीत करें स प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा जी ने बताया कि सभी छात्र छात्राएं हमेशा अच्छे संगत के साथ रहिए राष्ट्र के हित के लिए समाज के हर वर्ग को आप सम्मान दें और आप हमेशा तरक्की के रास्ते पर बढ़ते जाएंगे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति का प्रदर्शन किया तृप्ति श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय की समीक्षा प्रस्तुत करें अनामिका प्रज्ञा श्रद्धा ने गीत प्रस्तुत किया।

# पेज एक का शेष

## अखिलेश व...

से बराबर की दूरी बनाकर रखेगी। बंगाल में उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ है। यह पूछने पर कि क्या तीसरा मोर्चा बनेगा, उन्होंने चुनाव से पहले किसी प्रकार के गठबंधन के आकार लेने से पूरी तरह से इनकार नहीं किया। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए बंगाल के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि जब दो वरिष्ठ नेता मिलेंगे तो यह स्वाभाविक है कि वे राजनीति के बारे में बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं ने भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने समेत बहुत से मुद्दों पर बातचीत की। टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने भी ममता बनर्जी के घर पर हुई पार्टी की बैठक के बाद कहा कि टीएमसी, कांग्रेस और भाजपा दोनों से दूरी बनाए रखते हुए अपने रास्ते पर चलेगी। बंदोपाध्याय ने हालांकि कहा कि पार्टी फिलहाल तीसरे मोर्चे की बात नहीं कर रही और चेतावनी दी कि कांग्रेस को यह नहीं मानना चाहिए कि वह विपक्ष की बिग बॉस है। बंदोपाध्याय ने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने की रणनीति बनाने के लिए शक्तिशाली क्षेत्रीय दलों के साथ विचार-विमर्श करेगी।

## केंद्र ने...

कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत मामले कथित तौर पर दर्ज करने का आरोप लगाया था। गृह मंत्रालय के पत्र में कहा गया है, चूंकि याचिका में उठाया गया मुद्दा पश्चिम बंगाल सरकार से संबंधित है, इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि कृपया इस मामले पर उचित तरीके से गौर किया जाए और इस मामले की रिपोर्ट इस मंत्रालय को तुरंत प्रस्तुत की जाए। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र 10 मार्च को भेजा गया था। जुलाई 2021 में, अधिकारी ने आरोप लगाया था कि उन्हें 'राजनीतिक प्रतिशोध' का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वह एक विपक्षी पार्टी के नेता हैं और उनके खिलाफ 'झूठे दावों' के साथ मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने तब कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया था और अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

## सात राज्यों...

करायी जाएगी। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से एसपीवी में अपर मुख्य सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त किया जाएगा तथा सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी। एसपीवी का प्रस्तावित नाम 'संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड' होगा। परियोजना की स्थापना के लिए मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस पार्क से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष एवं 2 लाख परोक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। हाल ही में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान अकेले टेक्सटाइल सेक्टर में एक हजार से ज्यादा निवेश प्रस्ताव योगी सरकार को प्राप्त हुए हैं( जिनमें आदित्य बिरला ग्रुप जैसी दिग्गज टेक्सटाइल कंपनियां भी यूपी में निवेश को लेकर आतुर हैं। यूपी में टेक्सटाइल सेक्टर में अबतक 53 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए हैं, जिनसे 2 लाख 46 हजार से भी ज्यादा रोजगार सृजन की उम्मीद है।

## संसद में...

ने कहा कि गांधी को देश के आंतरिक मामलों में विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप की मांग करने के अपने पाप के लिए भारत के लोगों से माफी मांगनी ही होगी। उधर, कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि गांधी माफी नहीं मांगेंगे। लोकसभा एवं राज्यसभा, दोनों ही सदनों में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण पूरे सप्ताह एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल समान्य ढंग से नहीं चल पाए और कोई महत्वपूर्ण विधाई कार्य नहीं हो पाया। लोकसभा में शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के शोर-शराबे के कारण कार्यवाही शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## उत्तर प्रदेश...

सख्ती होगी। मुख्य सचिव, डीजीपी ने भी सभी जिलों के डीएम, पुलिस कमिश्नर और पुलिस कप्तानों से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने को कहा है। बिजली कर्मियों की हड़ताल से आमजन के प्रभावित होने के साथ ही इसका व्यापक असर प्रदेश के औद्योगिक उत्पादन पर भी पड़ा है। पूर्वांचल, बुंदेलखड़ से लेकर पश्चिमांचल तक सैकड़ों की संख्या में कल-कारखाने व उद्योगों में उत्पादन ठप पड़ गया है। हड़ताल के कारण बिजली उत्पदान भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अनपरा में 210-210 मेगावाट क्षमता की 2 इकाइयां, ओबरा में 200-200 मेगा वाट क्षमता की 9 एवं 11 नम्बर इकाई तथा पारीछा में 210 मेगा वाट क्षमता की 3 नम्बर इकाई बंद करनी पड़ी। इसके अतिरिक्त अनपरा में 210 मेगवाट की एक इकाई तथा 500 मेगा वाट की एक इकाई एवं पारीछा में 110 मेगावाट की एक इकाई जो पहले से बंद थी, उन्हें बिजली कर्मचारियों के अभाव में हड़ताल के दौरान नहीं चलाया जा सका। इस प्रकार कुल 1850 मेगा वाट का उत्पादन प्रभावित हुआ है। एक ओर बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बिजली आपूर्ति ठप होने की संभावना है, तो वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की सुबह आए आंधी-तूफान ने राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में बिजली आपूर्ति को बाधित कर दिया। लखनऊ में चिनहट के शिवपुरी पावर हाउस का फीडर सुबह 8 बजे से बंद है।

## असम में...

संबोधित करते हुए यह बात कही। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक स्थानीय विधायक अभय पाटिल ने छह साल पहले लाइट एंड साउंड शो की योजना बनाई थी, लेकिन कांग्रेस ने इसके लिए कोई मदद नहीं की। उन्होंने कहा, तब कांग्रेस सरकार ने कोई मदद नहीं की थी। कांग्रेस क्यों मदद करेगी? कांग्रेस कभी मदद नहीं करेगी। कांग्रेस बाबर के बारे में सोचेगी, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में नहीं। इस लाइट एंड साउंड शो से भाजपा विधायक ने यह सुनिश्चित किया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों का इस देश में पालन किया जाएगा और भविष्य में भी सनातन (धर्म) का पालन किया जाएगा, और सनातन आदर्शों को इस देश में मजबूत किया जाएगा। यह रेखांकित करते हुए कि इस देश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो गर्व से यह दावा करते हैं कि वे मुस्लिम हैं या ईसाई हैं, असम के मुख्यमंत्री ने कहा मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन, हम चाहते हैं कि लोग गर्व से कहें, मैं एक हिंदू हूं।

## कोल्ड स्टोरेज...

कहा कि वहां पर कल से ही बचाव कार्य चल रहा है। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ ही मंडलायुक्त तथा पुलिस उप महानिरीक्षक की पूरी टीम इस बचाव कार्य से जुड़ी हुई है। कोल्ड स्टोरेज में निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ है। प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता बचाव कार्य के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को जीवित बचाने की है। अब तक 11 लोगों को दुर्घटना स्थल से सुरक्षित निकाला गया है, जिसमें 6 लोग ऐसे हैं, जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने घरों को जा चुके हैं। कोल्ड स्टोरेज में कार्य करने वाले 4 ऐसे कर्मी हैं, जो अस्पताल में भर्ती हैं। उनका यहां उपचार चल रहा है। एक अन्य घायल व्यक्ति को मेरठ रिफर किया गया है। इस हादसे में 11 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। प्रदेश सरकार ने शासन की तरफ से मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित की है, जो दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी घटना के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषणा की गई है।

## नार्वे ने...

में उनके दो बच्चों को इसलिए नार्वे प्रशासन ने ले लिया था क्योंकि संस्कृति में अंतर के कारण उनका लालन-पालन वहां के नियमों के मुताबिक नहीं हो रहा था।

## फर्जी पीएमओ...

करने और एक मंदिर बनाने का प्रस्ताव तैयार करने का झांसा देकर स्थानीय नौकरशाहों के साथ कई बैठकें की और कुछ पर्यटन स्थलों का दौरा भी किया। स्वयं को नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त निदेशक (रणनीति और प्रचार) बताने वाले पटेल को इसी माह 2 मार्च को जम्मू-कश्मीर पुलिस की सीआईडी शाखा से गुप्त सूचना के आधार पर श्रीनगर के पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया गया। विडंबना यह है कि वह नवंबर 2022 से नियमित अंतराल पर कश्मीर घाटी का दौरा कर रहा था। पटले 2 मार्च से पुलिस हिरासत में था, लेकिन उसकी गिरफ्तारी को पूरी तरह गुप्त रखा गया, क्योंकि उसने बहु-स्तरीय सुरक्षा तंत्र की खामियों का फायदा उठाकर पूरे सिस्टम को चकमा दिया था। यही नहीं, किरण जे पटेल बेखौफ होकर कश्मीर घाटी के दौरे के दौरान की फोटो अपने विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट पर भी अपडेट कर रहा था और दिखा रहा था कि कैसे राज्य प्रशासन उसकी आवभगत में लगा रहता था। पटेल ने गुलमर्ग, दूधपथरी, अहरबल जलप्रपात, डल झील, लाल चौक (श्रीनगर) आदि पर्यटन स्थलों के आसपास घूमते-फिरते हुए अपनी कई तस्वीरें और वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

## सिसोदिया की...

आयुक्त राहुल सिंह, दिनेश अरोड़ा और अमित अरोड़ा शामिल हैं। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री का उनके पूर्व सचिव सी अरविंद से भी सामना कराया जाना है। बहरहाल, सी अरविंद मामले में आरोपी नहीं हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि आप नेता मनीष सिसोदिया के ईमेल में मिले डेटा, उनके मोबाइल फोन का फॉरेसिंक विश्लेषण भी किया जा रहा है। सिसोदिया के वकील ने उनकी रिमांड अवधि बढ़ाने की संघीय जांच एजेंसी ईडी के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि तथाकथित अपराध से अर्जित आय पर जांच एजेंसी कुछ नहीं बोल रही है, जबकि मामले के केंद्र में यही है। प्रवर्तन निदेशालय ने नौ मार्च को सिसोदिया को तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था। दूसरी ओर, आबकारी नीति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक पखवाड़े बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का बंगला आतिशी को आवंटित कर दिया गया है, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से 14 मार्च को जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार आतिशी को पत्र जारी होने के आठ दिन के अंदर इसे अपनी स्वीकृति देने को कहा गया है।

# रामनवमी पर्व पर तपोभूमि चित्रकूट में प्रज्वलित किए जाएंगे 11 लाख दीप

● दीप प्रज्वलन के दौरान बंद रहेगी विद्युत व्यवस्था

संवाददाता। चित्रकूट


बैठक में निर्देश देते अपर जिला अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह

**अपर** जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने तीस मार्च रामनवमी के दिन चित्रकूट गौरव दिवस मनाने बाबत 14 मार्च को खोया-पाया केन्द्र रामघाट व 17 मार्च को पंचायत भवन बालापुरमाफी खोही में समीक्षा बैठक कर 11 लाख दीप मप्र परिक्षेत्र में छह लाख व पांच लाख जलाने का निर्णय लिया। कामदगिरि खोही में ढाई लाख व रामघाट में ढाई लाख दीपक जलाने का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार को हुई बैठक में निर्णय लिया कि सभी लोग दीपक, बाती, तेल आदि की व्यवस्था एवं जलाने का प्रबंध खुद करेंगे। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि सभी लोगों को निर्धारित तिथि से पहले सामग्री उपलब्ध करा दें। एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि इस आयोजन को जोन व सेक्टर बांटे गये हैं। शाम सात बजे से साढ़े सात बजे तक दीपक जलाये जायेंगे। इस समय विद्युत व्यवस्था बन्द रहेगी, ताकि दीपों की रोशनी दिखाई दे सके। मठ-मन्दिरों के महंतों से अपेक्षा की गई कि सभी लोग दीपक जलाने का लक्ष्य निर्धारित करें। होटल, लाज, सविता समाज, वार्ड मेम्बर, सामाजिक समाजसेवी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, व्यापारी सभी लोग लक्ष्य निर्धारित करें।

बैठक में एसडीएम सदर राजबहादुर, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, महंत श्यामदास, नारायण दास, नवलेश दीक्षित, पूर्व प्रधान अरुण त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद, अशोक त्रिपाठी, बाबूलाल पाण्डेय, भोलादास, जितेन्द्र मिश्रा, रहमत अली आदि मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे विद्युत संविदाकर्मी

संवाददाता। फतेहपुर

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले हाईडिल कालोनी में संविदा कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी अनवरत जारी रही। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि गुरूवार की देर रात एसओजी व पुलिस की टीम ने संगठन के संयोजक के आवास पर जबरन घुसकर उनका व उनकी पत्नी का मोबाइल छीन लिया। छीने गये मोबाइल से पुलिस कर्मी अनैतिक कार्य भी कर सकते हैं। कर्मचारियों ने डीएम को पत्र देकर पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों मोबाइल दिलाये जाने की मांग की।

विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिंह की अगुवाई में हड़ताली कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना रहा कि 17 मार्च की रात लगभग साढ़े बारह बजे हाईडिल कालोनी में जिला संयोजक के आवास पर एसओजी प्रभारी अनिरूद्ध कुमार द्विवेदी व आबूनगर चौकी इंचार्ज शिव कुमार यादव अपनी टीम के साथ पहुंचे। टीम ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और घर के अंदर घुसकर जिला संयोजक व उनकी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए दोनों लोगों का मोबाइल छीन लिया। इस घटना से विद्युत विभाग की आवासीय कालोनी में अफरातफरी एवं दहशत का माहौल है। पुलिस के इस कृत्य की समिति निंदा करती है। समिति ने डीएम को एक पत्र भेजते हुए दोनों मोबाइल पुलिस से दिलाकर पुलिस कर्मियों के ऊपर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# कमेटी का गठन कर कराएं विकास कार्यों का संचालन : डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

● बैठक में जिलाधिकारी ने दिखाए सख्त तेवर

● प्रधान और सचिव पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए समय से जो जनपद व विकासखंड स्तर पर कर्मचारी लगे हैं उनका समय से भुगतान कराएं। ग्राम पंचायतो में निर्मित सामुदायिक शौचालय को संचालित करने के लिए शत प्रतिशत स्वयं सहायता समूहों को हैंड ओवर कराए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि रेहुंटिया रेलवे क्रॉसिंग पर बने अंडरपास मार्ग के दोनों तरफ दीवाल में जो स्वच्छता संबंधित वॉल पेंटिंग कराई गई है उसका भुगतान कराएं तथा लाइटिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जो धनराशि शेष है उसका विवरण दें कि किस मद में खर्च किया जाएगा। व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर कहा कि जिन सचिव,प्रधान व सहायक विकास अधिकारी पंचायत के द्वारा अपात्र लोगों के नाम लाभार्थियों के दिए गए हैं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाए जाने के लिए जिन ग्राम पंचायतों द्वारा कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया है वह तत्काल पूर्ण करा लें। ग्राम इटवा व सरधुआ के प्रधान व सचिव से वार्ता करके प्रगति कराएं। पहाड़ी बुजुर्ग के ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा गौशाला संचालन एवं ग्राम के विकास कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है।

ग्राम प्रधान के पावर तथा खाता सीज कर त्रिस्तरीय कमेटी का गठन कर संचालन कराया जाए। तथा सचिव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम जो चयनित किए गए हैं जिसमें निर्धारित प्रारूप पर कार्य योजना तैयार की गई है उसमें सुनिश्चित किया जाए।

# घाटमपुर सीएचसी में डाक्टरों का अभाव, मरीज़ भगवान भरोसे




**घाटमपुर।** जुकाम-बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण के मरीजों की संख्या दिन प्रति दिन बढती जा रही है वहीं यहाँ की सीएचसी में डाक्टरों का अभाव मरीजों की परेशानी और बढ़ा रहा है, गुरुवार की तरह शुक्रवार को सीएचसी की ओपीडी में साढ़े पाँच सौ से अधिक मरीज पंहुचे लेकिन ओपीडी में एक डाक्टर ही उन्हे चिकित्सीय सलाह और दवा लिखने का काम करता रहा। दोपहर बाद ओपीडी में डाक्टर मौजूद होने की शिकायत जिला मुख्य चिकित्साधिकारी तक पंहुचने के बाद चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश चंद्र ओपीडी पंहुचे और रुम नंबर 6 में बैठ कर मरीज देखे।

तहसील मुख्यालय की इस सीएचसी में स्वीकृति तैनात की सपेक्ष बर्तमान में चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रां के अलावा 4 डाक्टर ही है इसमें से एक डाक्टर इमरजेंन्सी संभालता है, बीते सोमवार यानी 13 मार्च को 573, 14 मार्च मंगलवार को 610, 15 मार्च बुद्ववार को 555, 16 मार्च को 576 और आज 17 मार्च को 460 मरीज ओपीडी पंहुचे हैं। ओपीडी करने वाले डाक्टरों की माने तो अस्पताल आने वाले मरीज 75 प्रतिशत जुकाम-बुखार, खांसी और सांस फूलने जैसे लक्षण के मरीज थे।

# बलात्कार का विरोध करने पर युवक ने की विधवा की हत्या



**मौदहा,** हमीरपुर। सिसोलर क्षेत्र में महिला के मिले कंकाल के बाद चौबीस घंटे में पुलिस ने खुलासा कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। बुधवार को डिह्री डेरा निवासी एक विधवा महिला का कंकाल पुलिस ने बरामद किया था। मृतका के ससुर ने प्रकाश चंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मृतका चार मार्च को प्रकाश के मोटर सायकिल में बैठकर गयी थी तब से उसका कोई पता नही चला था पुलिस ने बताया कि प्रकाश चंद्र निवासी बुढ़ई गांव को महिला को बैठाकर उसे बैजेमऊ तक छोड़ने का कहा था गांव के रामदत्त के खेत में जाकर उसने महिला के साथ शराब पी इसके बाद उसने महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया जब महिला ने उसका बिरोध किया तो खेत में पड़े ईट पत्थर से उसका सर कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने प्रकाश चंद्र को आज बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ जारी है अभियान, हाल ही में दो करोड़ की संपत्ति हुई जब्त



कार्रवाई से लोकेशन माफियाओं सहित बालू माफियाओं में हड़कंप

माफियाओं ने बदले सिमकार्ड, ले रहे की पैड मोबाइल का सहारा

संवाददाता। कालपी, जालौन

**लगातार** सीरीज बनाकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी आईएएस अभिषेक कुमार द्वारा की गई कार्रवाई का असर अब देखने को मिल रहा है। जबसे उन्होंने कालपी एसडीएम का चार्ज संभाला है तभी से उनकी अवैध बालू खनन माफियाओं के प्रति सख्ती है। हालांकि माफिया उन पर दबाव बनाने का भरसक प्रयास करते हैं परंतु उन पर किसी का प्रभाव बेअसर ही देखने को मिलता है। क्यों कि उनका मानना है कि वे जहां भी रहेंगे लेकिन सरकार की चोरी नहीं होने देंगे उनके द्वारा खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में अभी हाल ही में करीब दो करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है, इन्हीं के नेतृत्व में चलाए गये अभियान में सरकार की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले खनन पट्टाधारक को जेल भी भेजा जा चुका है।

कार्रवाई की भनक मिलते ही कई एक भू माफिया तो वास्तव में भूमिगत सा हो गये हैं। कई बार की गई संयुक्त चेकिंग अभियान में पकड़े गए दर्जनों ट्रकों से कई करोड़ का राजस्व वसूली जाने का अनुमान है हालांकि इस बात को पूर्व में कई अधिकारी भी मीडिया को दिए गए साक्षात्कार में स्वीकार कर चुके है कि इस लोकेशन के कार्य में कोई साफ स्वच्छ छवि के लोग नहीं हैं।

लोकेशन का कार्य करने वालों की कमर टूटती जा रही है। जबसे एसडीएम कालपी ने अवैध खनन के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है तभी से कई के चेहरों की रंगत उड़ गई है। करीब सौ से ज्यादा अवैध खनन एवं ओवर लोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है।

## क्विक न्यूज

### छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़ : अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिले में मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नहीं कराई जा रही। इसका खामियाजा मेधावी छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूटधाम मंडल के एडी बेसिक की लापरवाही का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। बेसिक स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता न कराने से छात्र-छात्रायें प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गये हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चैम्पियन बने छात्र-छात्राओं में मायूसी है। अधिकारियों ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

### सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति

**घाटमपुर।** जिले की सबसे बड़ी तहसील घाटमपुर जिसका ज्यादा तर भाग बुन्देलखंण्ड की सीमा से जुड़ा हुआ है क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछा होने के बाद भी लोगों को झोला छापा डाक्टरों व बैध-अवैध नर्सिंग होमों की शरण में जाना पड़ रहा है जहॉं मरीज भले न ठीक हो पर उसकी जेवर-खेती तक बिक जाती है। क्षेत्र में घाटमपुर और बरीपाल के साथ ही पतारा, भीतरगांव (अब नर्वल तहसील) में सीएचसी कायम हैं। इसके अलावा रेवना, कोटरा मकरंन्दपुर, बीबीपुर, कोरियॉं, स्योढ़ारी, पडरी लालपुर, गिरसी कैथा तथा भीतरगांव सीएचसी के आधीन अमौर, कुढ़नी, बरईगढ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन ये खुद बीमार जैसी हालत में नजर आ रहे है। नगरीय क्षेत्र में 15 शैय्याओं का राजकीय आर्युवैदिक अस्पताल के अलाव घुघुवा, और सजेती सहित आधा दर्जन आर्युवेदिक अस्पताल है। इतने ही गांवों में होमियोपैथिक अस्पताल है। जहां इलाज के नाम पर शायद दवा और डाक्टर नसीब हो।

### 12 घंटे की हड़ताल से पूरे जिले की बिजली ठप्प

**फर्रुखाबाद।** निजीकरण का विरोध कर रहे विद्युत कर्मी फिलहाल 72 घंटे की हड़ताल पर चले गये है। हड़ताल के केवल 12 घंटे में ही जनपद भर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी है। अधिकतर फीडर और उपकेन्द्र फाल्ट के चलते बाधित हो गये है। जिससे आम जनमानस के सामने पेयजल संकट भी पैदा हुआ है। दरअसल विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा निजीकरण के विरोध के साथ ही अपनी विभिन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों ने बीती रात 10 बजे से हड़ताल पर जानें की घोषणा की थी। तब से लगातार बिजली सप्लाई जनपद भर की बाधित है । शुक्रवार को भी भोलेपुर के खंड कार्यलय पर हड़ताल जारी रही। सुबह हुई बूंदाबादी नें बिजली की सप्लाई को बाधित कर दिया। कई उपकेन्द्र रात में भी फाल्ट के चलते बंद हो गये। जिला संयोजक एसडीओ शरद प्रताप, सह संयोजक जेई सतेन्द्र सिंह, एस डीओ विनोद कुमार आंदोलन का नेतृत्व कर रहे है।

### खानकाह मोहम्मदिया में धूमधाम से होंगे उर्स के प्रोग्राम

**कालपी,** जालौन। कालपी की सरजमीन में एक ऐसी मशहूर खानकाह दरगाह है जिसे खानकाहे मोहम्मदिया के नाम से जाना चाना जाता है। उसी खानकाह में हर साल की तरह इस साल भी 19, 20, 21 मार्च को बड़े ही धूमधाम से उर्स मुबारक मनाया जाएगा। जिसकी सरपरस्ती व सदारत सज्जादानशीन हजरत मौलाना सैयद गयासुद्दीन मियां कादरी करेंगे और नायब सज्जादा हजरत हाफिज सैयद मोहम्मद अफजल मियां कादरी की भी निगरानी रहेगी। इन्तिजामियां कमेटी के सेक्रेटरी मोहम्मद सिबतैन साहब सारे इन्तिजाम देखेंगे। मुफ्ती ए शहर हजरत मुफ्ती अशफाक बरकती, मौलाना अब्दुल रऊफ, हाफिज़ इरशाद अशरफी व हाजी मुजीब अल्लामा ने मीडिया को बताया कि 19 मार्च दिन में 2 बजे खानकाह के मैदान में झंडा फहराया जाएगा, रात को 9 बजे से आल इंडिया नातिया मुशायरा होगा।

### मच्छरों द्वारा अधिक अंडे देने वाले घर होंगे चिन्हित

**हमीरपुर।** आगामी अप्रैल माह से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग सहित कुल चौदह विभाग सहयोग करेंगे। अभियान में ऐसे क्षेत्र जहां घरों के अंदर कुछ समय में मच्छरों की प्रजनन दर सामान्य से अधिक हुई है, वहां खास जोर रहेगा। संभावित टीबी रोगियों, बुखार ग्रसित मरीजों और कुपोषित बच्चों की भी सूची तैयार होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामअवतार सिंह ने बताया कि अप्रैल माह में दो चरणों एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण तथा 17 से 30 अप्रैल दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक मकान पर टीबी के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी लेंगी। लक्षणों वाले किसी व्यक्ति की सूचना मिलने पर उस व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण एक लाइन लिस्टिंग फॉर्मेट में अंकित कर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएंगी।

### सामाजिक संगठन स्वयंसेवकों का करेंगे स्वागत

**फतेहपुर।** गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर चौक स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में विचार परिवार की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार ने की। विश्व हिंदू परिषद, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संस्कार भारती, भारत विकास परिषद, आरोग्य भारती, संस्कार भारती, संस्कृति भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, भारतीय जनता पार्टी, अधिवक्ता परिषद, गायत्री परिवार, नमामि गंगे, गंगा बचाओ सेवा समिति, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, रामलीला कमेटी, दुर्गा कमेटी, व्यापार मंडल सहित दर्जनों सामाजिक संगठनों के लोगों ने बैठक में भाग लिया। जहां उन्नीस मार्च को निकलने वाले पथ संचलन की कार्य योजना बनाई गई। वहीं पथ संचलन का प्रारंभ आईटीआई मैदान से होना तय हुआ। विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार ने बताया कि पूरे शहर में अलग-अलग 22 स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

### चकमा देकर फरारी काट रहे दो वारंटी गिरफ्तार

**कुठौंद,** जालौन। थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के मद्देनजर चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तारी एनबीडब्ल्यू संदिग्ध अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त वीर सिंह पुत्र जगराम सिंह उम्र करीब 42 वर्ष, रामस्वरूप पत्र सोनेलाल उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम हाजीपुर थाना कुठौंद को मुकदमा अपराध संख्या 239/2020 धारा 406 आईपीसी के मुकदमे में माननीय न्यायालय में उपस्थित न होने से वांछित अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है

### मेडिकल कैंप में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाएं

**फतेहपुर।** शहर के शांतीनगर स्थित आभा मेडिकल सेंटर में मां फाउंडेशन के तत्वधान में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर जहां उन्होने स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई वहीं निःशुल्क पैथोलाजी जांचे भी की गई। सभी ने संचालक के प्रयासों की सराहना की। हास्पिटल संचालक डॉ जेपी त्रिपाठी ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. मोहम्मद सावेज व डा. अभिषेक त्रिपाठी ने किया है। मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ ही निःशुल्क पैथोलॉजी की जांचें व ईसीजी भी की गई है।

# स्वयंसेविकाओं ने स्वरोजगार कौशल की जगाई अलख



**फतेहपुर।** डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने गांव में स्वरोजगार कौशल की अलख जगाई। ग्रामीण महिलाओं को अनुप्रयोगी चीजों से किस प्रकार हस्त निर्मित वस्तुएं बनाकर रोजगार प्राप्त कर सकती हैं और घर बैठे कैसे पैसे कमा सकती हैं इनका गुण सिखाया। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर वर्मा चौराहे होते हुए गढ़ीवा पहुंची। रैली को हरी झंडी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने रवाना किया।

मध्यान भोजन के उपरांत द्वितीय बौद्धिक सत्र में गृह विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्योति का महत्वपूर्ण व्याख्यान रहा। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइनिंग और टेक्नोलॉजी ब्यूटीशियन कोर्स पूरा कर स्वरोजगार अपना सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्वरोजगार कौशल ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। समस्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा वर्मा की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की पूरी टीम में डा. चारू मिश्रा, बसंत कुमार मौर्य, चंद्र भूषण, डॉ. राजकुमार के साथ-साथ डॉ. सरिता गुप्ता, डॉ. गुलशन सक्सेना, डॉ. शकुंतला, डॉ. लक्ष्मीना भारती, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. उत्तम कुमार शुक्ला, डॉ. जिया समेत महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# दो दम्पतियों में समझौता करा कर पुलिस ने रिश्ते को टूटने से बचाया



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयासों के क्रम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह की टीम ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को समाप्त कराकर आपस में सुलह कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया। शुक्रवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के भुजौली गांव की श्रीमती मंजू देवी व श्रीमती केता पुत्री लवलेश निवासी भरतकूप ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उनके पति गाली-गलौज कर विवाद करते हुए घर में नही रखते। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह की टीम ने शिकायतकर्ता महिलाओं की शिकायतों को विस्तार से समझकर द्वितीय पक्षों से सम्पर्क कर उन्हें पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो दम्पत्ति को भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पति-पत्नि के कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह ने दोनों जोड़ों को तालमेल से रहने की सलाह दी।

# पुलिस टीमों ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार



**जालौन,** उरई। शुक्रवार की सुबह पुलिस की 3 टीमों ने अलग अलग स्थानों पर वारंटियों को पकड़ने का अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए वारंटियों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाली पुलिस विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान चला रही है। सीओ उमेश पांडेय के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। टीमों में शामिल कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक दिनेश कुरील, एसएसआई आनंद कुमार, एसआई कल्लू प्रसाद यादव, सर्वेश कुमार, राजकुमार पांडेय व शैलेंद्र कुमार ने शुक्रवार की सुबह वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। तीनों टीमों ने अलग अलग स्थानों से 4 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वारंटियों में 2012 से वांछित मुरलीमनोहर निवासी सुनील कुमार, 2018 से वांछित तोपखाना निवासी अकरम, 2001 से वांछित खंडेराव निवासी देवेंद्र कुमार व वर्ष 2000 से वांछित राजवीर निवासी महियाखास रहे। जिन्हें टीम ने न्यायालय में पेश किया है।

# नये नियम से भूमिहीन हो जायेंगे एससी एसटी के लोगः अखिलेश



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 के तहत किसी भी अपनी जमीन किसी गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को बेंचने के लिए जिलाधिकारी से मंजूरी लेना अनिवार्य है। कांग्रेस की सरकार यह अधिनियम इसलिए लाई थी कि कोई भी रसूखदार व्यक्ति अपने धन-बल व बाहुबल से किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति की जमीन को जबरन हड़प न ले लेकिन अब प्रदेश सरकार इस अधिनियम की शर्तों को समाप्त करने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीबों एवं दलितों के हितों के लिए संघर्षरत रहीं है। पार्टी प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे इस प्रकार के दलित विरोधी निर्णयों का घोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इस कानून से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग पूरी तरह से भूमिहीन हो जाएंगे और सरकार के इशारे से दलितों की जो थोड़ी बहुत कृषि भूमि बची है वह भी औने पौने दाम पर डरा धमकाकर हम दो हमारे दो को सौंप दिया जाएगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस नियम का विरोध करेगी। दलितों को उनका हक दिलाया जायेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष के साथ शिवाकांत तिवारी, राजीव लोचन निषाद, सुधाकर अवस्थी, वीरेंद्र गुप्ता, उदित अवस्थी, अशोक दुबे उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी की गरीब छात्राएं सीखेंगी कम्प्यूटर

**हमीरपुर।** शासन ने प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में पहली मर्तवा गरीब छात्राओं को कम्प्यूटर की शिक्षा देकर उनकों नई टेक्नालाजी से जोड़ने का फैसला किया है।कम्प्यूटर लैब का भी अलग से निर्माण किया जायेगा कम्प्यूटर खरीदने का टेंडर शासन स्तर पर कर दिया गया है। प्रत्येक विद्यालय में छह कम्प्यूटर सेट भिजवायें जायेगे। एक सप्ताह में सभी विद्यालयों में कम्प्यूटर सेट आ जायेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के जिला सम्न्यवक(डीसी) रवी श्रीवास्तव ने आज बताया कि सूबे में आवासीय विद्यालयों में ग्रामीण क्षेत्र की गरीब वालिकाओं को कक्षा छह से लेकर आठ तक की शिक्षा दी जाती है। हालाकि शासन धीरे धीरे इनको इंटर कालेज में परिवर्तित करने का प्रयास शुरु कर दिया है। शासन का मानना है कि यहा पर शिक्षा प्राप्त करने वाली गरीब बालिकाएं कम्प्यूटर जैसी शिक्षा से बंचित हो रही थी जो आज के समय में बहुत ही आवश्यक है। शासन ने कहा है कि छात्राओं को हर रोज कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये एक पीरियड लगाया जायेगा ताकि छात्राओं को कम्प्यूटर का पूरा ज्ञान हो सके।

# रघुवीर मंदिर को मिली सेफ भोग प्लस की मान्यता



**चित्रकूट।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के रघुवीर मंदिर चित्रकूट जानकीकुंड में अन्न क्षेत्र को भारतीय खाद्य संरक्षण एवं मानक प्राधिकरण ने अब सेफ भोग प्लस की सौगात दी है। यहां पर रोजाना हजारों लोग भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। चार माह तक गुणवत्ता की कसौटी में कसने के बाद रघुवीर मंदिर को यह सौगात मिली है।

अगर किसी धार्मिक शहर के किसी एक हिस्से को सेफ प्लस घोषित किया जाता है तो उस स्थान के आस पास खान पान का स्तर बढ़ जाता है। श्रद्धालुओं को मंदिर कैंपस में गुणवत्तापूर्ण खाना मिलने की पूरी संभावना बढ़ जाती है। संबंधित संस्था का एफएसएसएआई से मान्यता प्राप्त थर्ड पार्टी से ऑडिट कराई जाती है, जिसमें कई मानकों का पूरा ध्यान रखा जाता है। मसलन संस्थान को कच्ची सामग्री का भंडारण, परिवहन, कीटों के प्रवेश एवं पनपने पर रोक, फर्श दीवारों आदि की सफाई, मक्खियों, मच्छर एवं अन्य कीड़ों को रोकने को जाली, एलमुनियम या स्टेनलेस स्टील के बर्तन एवं मशीनरी का उपयोग एवं उनकी धुलाई, आरओ के पानी का उपयोग तथा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से उसकी जांच कूड़ेदान के प्रयोग का तरीका ठंडे गर्म पानी की पर्याप्त आपूर्ति कर्मचारियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं मेडिकल जांच रिपोर्ट पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था दूध, फल, सब्जी का भंडारण, उचित तापमान पर रखने एवं भंडारण करने वाले कक्ष में अपनाए जाने वाले तरीके, भोजन के पूर्व की तैयारी एवं हर प्रकार के मापदंडों का पालन करना जरूरी होता है। तभी सेफभोग प्लस की मान्यता मिलती है।

## पहाड़ी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बचाई ट्रैक्टर में दबे युवक की जान

**पहाड़ी,** चित्रकूट। जिले के थाना पहाड़ी पुलिस टीम ने असन्तुलित होकर पलटे ट्रैक्टर में दबे व्यक्ति को सकुशल निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराकर घर छोड़ाकर मानवता की मिशाल पेश की है। पुलिस टीम के इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रहीं है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में थानाध्यक्ष पहाड़ी रामसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा असन्तुलित होकर पलटे ट्रैक्टर में दबे व्यक्ति को सकुशल निकालकर इलाज कराकर घर वापस भेजा गया है। ओबरी गांव के पास असंतुलित होकर ट्रैक्टर पलट गया जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया। राहगीरों ने पहाड़ी थाना पुलिस को ट्रैक्टर पलटने की सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पहाड़ी रामसिंह तत्काल मय पुलिस बल सब इंस्पेक्टर रविकांत राय, सिपाही ब्रजेन्द यादव के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर में दबे व्यक्ति को बाहर निकाला और इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया।

# रूस जाएंगे चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग

● यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता शुरू कराने की योजना

भाषा। बीजिंग



**चीन के** राष्ट्रपति शी चिनफिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इस तरह की खबरें हैं कि बीजिंग की योजना यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता शुरू कराने की है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक संक्षिप्त घोषणा में कहा, रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर राष्ट्रपति चिनफिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की राजकीय यात्रा करेंगे। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति चिनफिंग के पांच साल के तीसरे कार्यकाल का समर्थन करने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों नेता रूस और चीन के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक बातचीत के संबंध में भविष्य से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों पक्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस और चीन के बीच सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर विचारों का आदान प्रदान भी कर सकते हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की शुक्रवार की खबर के अनुसार, चीन के नेता की यात्रा के दौरान कई अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर हस्ताक्षर भी किए जा जाएंगे। ऐसी अटकलें हैं कि पिछले 10 वर्षों से पुतिन के करीबी मित्र चिनफिंग (69) यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू करने का प्रयास कर सकते हैं। चनफिंग के यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी फोन पर बातचीत करने की उम्मीद है। इस हफ्ते के शुरू में चीन की मदद से सऊदी अरब और ईरान के बीच एक समझौता हुआ और दोनों देश अपनी कटुता को खत्म करने पर राज़ी हुए तथा उनके बीच राजनयिक रिश्ते बहाल हुए। इस घटनाक्रम के बाद चिनफिंग की यह यात्रा हो रही है।

## आईसीसी ने यूक्रेन युद्ध अपराधों को लेकर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूक्रेन से बच्चों के अपहरण में कथित संलिप्तता के कारण युद्ध अपराधों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि पुतिन बच्चों के अवैध निर्वासन और यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में बच्चों को अवैध रूप से ले जाने संबंधी युद्ध अपराधों के लिए कथित रूप से जिम्मेदार हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय में बाल अधिकार मामलों की आयुक्त मारिया अलेक्सेएवना लवोवा-बेलोवा के खिलाफ भी ऐसे ही आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत के अध्यक्ष पियोटर हॉफमांस्की ने एक वीडियो बयान में कहा कि आईसीसी के न्यायाधीशों ने वारंट जारी किए हैं, लेकिन उन्हें तामील करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वारंट तामील करने के लिए अदालत के पास अपना कोई पुलिस बल नहीं है। आईसीसी अदालत के रूप में अपना काम कर रही है। न्यायाधीशों ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इसका निष्पादन अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर निर्भर करता है।

## यूक्रेन को लड़ाकू विमान देने वाला पहला नाटो देश होगा पोलैंड

भाषा। वॉरसा




पोलैंड ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन को मिग-29 लड़ाकू विमान देने की योजना बना रहा है। इसी के साथ वह रूस से निपटने के लिए तत्काल लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की यूक्रेन की मांग को पूरा करने वाला पहला नाटो (उत्तर एटलांटिक संधि संगठन) देश बन जाएगा। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा कि वॉरसॉ अगले कुछ दिनों में यूक्रेन को सोवियत-निर्मित चार मिग-29 लड़ाकू विमान देगा। उन्होंने कहा कि अन्य लड़ाकू विमानों को मरम्मत की जरूरत है, लिहाजा इनकी आपूर्ति बाद में की जाएगी। डूडा ने संकेत दिए कि पोलैंड यूक्रेन को 11 से 19 मिग-29 लड़ाकू विमान उपलब्ध करा सकता है।

### यूक्रेन को सोवियत काल के मिग-29 लड़ाकू जेट विमानों का बेड़ा देने पर सहमत हुआ स्लोवाकिया

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया की सरकार ने यूक्रेन को सोवियत काल के मिग-29 लड़ाकू विमानों का अपना बेड़ा देने की योजना को मंजूरी दे दी है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री एडुअर्ड हेगर ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से लिए गए अपनी सरकार के इस निर्णय की घोषणा की। स्लोवाकिया अब इन विमानों का इस्तेमाल नहीं करता है। इस फैसले के साथ ही स्लोवाकिया उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का दूसरा ऐसा सदस्य देश बन गया है जो युद्धक विमानों की मांग वाली यूक्रेन की सरकार की अपील को पूरा करने के लिए सहमत हो गया है। राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन को लगभग एक दर्जन मिग-29 लड़ाकू विमान देगा।

## चीन ने टिकटॉक पर हालिया प्रतिबंध के बाद निष्पक्ष बर्ताव करने की अपील की

**बीजिंग।** चीन ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अमेरिका द्वारा टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दूसरे देशों की सरकारों से उसकी कंपनियों से निष्पक्ष बर्ताव करने की शुक्रवार को अपील की। अमेरिका, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड ने इस आशंका के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है कि चीन के स्वामित्व वाली यह लघु वीडियो सेवा सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है। सरकारों को चिंता है कि टिकटॉक का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी बाइट डांस उपयोगकर्ताओं के बारे में ब्राउजिंग हिस्ट्री या अन्य आंकड़ें चीनी सरकार को दे सकती है या दुष्प्रचार और भ्रामक सूचना को बढ़ावा दे सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, हम सभी देशों से वस्तुनिष्ठ तथ्यों पर गौर करने, बाजार अर्थव्यवस्था का प्रभावी रूप से सम्मान करने और सभी कंपनियों को गैर भेदभावपूर्ण माहौल मुहैया कराने की अपील करते हैं।

### बलूचिस्तान में सात लोगों की गोली मारकर हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान मे हथियारबंद लोगो ने एक कबायली नेता समेत सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान में अर्द्धसैनिक बल लेवीज फोर्सज़ ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को मुर्गा किबज़ई इलाके मे हुई जो ज़ोब शहर से करीब 80 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियो ने एक गाड़ी पर गोलीबारी की जिसमे कबायली नेता अहमद खान किबज़ई, उनके दो भाइयो समेत सात लोग सवार थे और घटना मे सभी की मौत हो गई।

### खैबर पख्तूनख्वा में सेना के अभियान में आठ आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तानी सेना ने अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान आठ आतंकवादियो को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना के मीडिया प्रभाग ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना के मीडिया प्रभाग इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान मे कहा कि बुधवार को अभियान के दौरान गोलीबारी मे फंसे दो बच्चो की भी मौत हो गई थी। आईएसपीआर के बयान के मुताबिक दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के जंगारा इलाके मे आतंकवादियो की मौजूदगी के बारे मे गुप्त सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलो ने बुधवार को एक अभियान के दौरान आतंकवादियो को मार गिराया।

### बैंक फर्स्ट रिपब्लिक को बचाने के लिए बना रहे योजना : एपी सूत्र

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के बैंको का समूह फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को बचाने के लिए कम से कम 20 अरब डॉलर के राहत पैकेज की योजना बना रहा है। सूत्रो ने एसोसिएटेड प्रेस को बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राहत पैकेज की योजना ऐसे समय आई है जब सैन फ्रांसिस्को से संचालित फर्स्ट रिपब्लिक बैंक से निवेशको के मुंह मोड़ने से चिंता बढ़ गई है कि सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बाद यह बैंक भी डूब सकता है।

### पाकिस्तान में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी जिले मे शुक्रवार को एक मकान मे आग लगने के बाद उसकी छत गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 10 लोगो की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बचाव कर्मियो ने यह जानकारी दी।

# रामसहाय यादव नेपाल के तीसरे उपराष्ट्रपति चुने गए

भाषा। काठमांडू



**नेपाल के** मधेस क्षेत्र के नेता रामसहाय यादव देश के तीसरे उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना शुक्रवार को संपन्न हुई। यादव को नेपाल के आठ दलीय सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन प्राप्त था और उन्होंने सीपीएन-यूएमएल की आस्था लक्ष्मी शाक्य और जनमत पार्टी की ममता झा को शिकस्त दी है। द काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक, जनता समाजवादी पार्टी के 52 वर्षीय नेता को 184 संघीय और 329 प्रांतीय जनप्रतिनिधियों के 30,328 मत मिले। निर्वाचन आयोग ने अब तक आधिकारिक तौर पर नतीजों का ऐलान नहीं किया है। खबर में कहा गया है कि उनकी अपनी पार्टी के अलावा, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर और सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के जनप्रतिनिधियों ने उनके पक्ष में मतदान किया। उसमें कहा गया है कि शाक्य को 104 संघीय और 169 प्रांतीय जनप्रतिनिधियों के वोट मिले जबकि झा को 23 संघीय और 15 प्रांतीय जनप्रतिनिधियों से मत प्राप्त हुए। मधेस क्षेत्र के नेता यादव निवर्तमान उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल पूर हो गया है। नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में रहने वाले मधेसी समुदाय के लोगों में ज्यादातर भारतीय मूल के हैं। संघीय संसद के 332 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्यों के मतों का कुल मान 52,628 है। किसी उम्मीदवार को जीतने के लिए 26,315 मतों की जरूरत होती है। वर्ष 2008 में नेपाल ने संघीय लोकतांत्रिक गणतंत्र व्यवस्था को अंगीकार किया जिसके बाद से यह उपराष्ट्रपति पद के लिए तीसरा चुनाव है। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष का है। यादव ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 1990 में नेपाल सद्भावना पार्टी से की थी। वह मधेसी जन अधिकार फोरम के संस्थापक महासचिव थे और पहले मधेश आंदोलन (2007) में उनकी सक्रिय भूमिका थी। यादव पिछले साल नवंबर में हुए चुनाव में बारा-2 से प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए थे।

# नित्यानंद के फर्जी देश कैलासा का 30 से अधिक अमेरिकी शहरों से समझौता : रिपोर्ट

भाषा। न्यूयॉर्क

स्वयंभू बाबा और अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित नित्यानंद के संयुक्त राज्य कैलासा (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा) ने 30 से अधिक अमेरिकी शहरों के साथ एक सांस्कृतिक भागीदारी समझौता किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी के नेवार्क शहर की ओर से यह कहने के कुछ दिनों बाद सामने आई कि उसने काल्पनिक देश के साथ सिस्टर सिटी समझौता निरस्त कर दिया है। नेवार्क और फर्जी संयुक्त राज्य कैलासा के बीच सिस्टर-सिटी समझौता इस साल 12 जनवरी को हुआ था और इसके लिए नेवार्क स्थित सिटी हॉल में समारोह आयोजित किया गया था। नित्यानंद ने वर्ष 2019 में संयुक्त राज्य कैलासा की स्थापना का ऐलान किया था। इसकी एक वेबसाइट के अनुसार 30 से अधिक अमेरिकी शहरों ने फर्जी देश कैलासा के साथ सांस्कृतिक भागीदारी समझौता किया है। वेबसाइट के मुताबिक, इन शहरों में रिचमंड, वर्जीनिया, ओहायो, डेटन और बुएना पार्क समेत अन्य शहर शामिल हैं। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया कि, हम सर्वोच्च फर्जी बाबा का पता लगा रहे हैं, जिसके पास उन शहरों की लंबी सूची है, जिनको उसने ठगा है। नॉर्थ कैरोलिना के जैक्सनविले ने फॉक्स न्यूज से कहा, कैलासा के साथ हमारी घोषणाएं किसी तरह का समर्थन नहीं हैं। वे एक अनुरोध का जवाब हैं। अनुरोध के साथ दी गई जानकारी को हम सत्यापित नहीं करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ना केवल महापौर या शहर के पार्षद, बल्कि संघीय सरकार को चलाने वाले लोग भी फर्जी देश के लिए नतमस्तक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फर्जी बाबा के मुताबिक, अमेरिकी संसद के दो सदस्यों ने कैलासा को विशेष कांग्रेसनल मान्यता दी है।

## मैक्रों ने सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के मामले पर अपनी सरकार को खतरे में डाला



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न को विशेष संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने का आदेश दिया है। उनके इस आदेश के बाद संसद को सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने के अति विवादित विधेयक को बिना मतदान के मंजूरी देने के लिए विवश होना पड़ सकता है। दरअसल इस विधेयक को संसद में मतदान अन्यथा राष्ट्रपति की विशेष शक्तियों के माध्यम से कानूनी रूप दिया जा सकता है। ऐसे में संसदीय मतदान में बहुमत नहीं मिलने की आशंका के बीच मैक्रों ने अपनी शक्तियों के इस्तेमाल का फैसला लिया।

## कोलंबिया में खदान दुर्घटना में 21 श्रमिकों की मौत

भाषा। बोगोटा

**मध्य कोलंबिया** स्थित उस कोयला खदान में बचाव अभियान बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया जो इस सप्ताह के शुरू में धंस गई थी। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में 21 श्रमिकों की मौत हो गई। कुंडिनमार्का प्रांत के सुतातौसा शहर के पास मंगलवार देर रात एक विस्फोट के बाद खदान धंस गई, जिससे इसके कई प्रवेश द्वार बंद हो गए। जीवित बचे व्यक्तियों को खोजने और शवों को निकालने के लिए बचाव दलों ने 30 घंटे से अधिक समय तक लगातार काम किया। कुंडिनमार्का प्रांत के गवर्नर निकोलस गार्सिया ने कहा कि दुर्घटना में नौ श्रमिक जीविन निकाले गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि इस हादसे में जान गंवाने वाले खनिकों के परिजनों को मनोवैज्ञानिक सहायता दी जा रही है। कोलंबिया की खान मंत्री इरेन वेलेज़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि विस्फोट खदान के अंदर मीथेन गैस के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकारी इस बात की जांच नहीं कर लेते कि विस्फोट कैसे हुआ, परिसर बंद रहेगा।

**Public Notice** This is to inform general public that Mrs. Sudha is the owner of Property bearing no. 3916/A, land area measuring 50 sq. yds. out of khasra no. 22, situated at Village Ghondli in the abadi of Raghubar Pura no. 2, Gandhi Nagar, Delhi 110031 vide Gift deed dated 24.02.2023 Doc Nos. 1957. Now, Mr. Neeraj Singh, Mr. Mahender Singh and Mrs. Sudha is mortgaging the above property with Shriram finance Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).A

IN THE COURT OF
SH. PARAMJIT SINGH, LD.
DISTRICT JUDGE
(COMMERCIAL COURT)- 06
CENTRAL, TIS HAZARI
COURTS, DELHI
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)
CS (COMM) 4949/21
Next Date of Hearing 05-04-2023
ICICI BANK LTD.
VS.
SALMAN SIRAJ SHAIKH
TO,
SALMAN SIRAJ SHAIKH
(BORROWER)
OFFICE ADDRESS
MESTO INDIA PVT. LTD.
1ST FLOOR, DLF BUILDING
NO. 10A DLF CYBER CITY
GURGAON, HARYANA- 122001
PERMANENT ADDRESS
IW CHAKKIWALA CHAWL
I BLOCK, PREM NAGAR,
MUMBAI- 400060
WHEREAS you are intentionally evading service of summon it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 05-04-2023 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte
Given under my hand and the seal of the court, this **21st day of February, 2023.**
District Judge
(Commercial Court (Central),
Tis Hazari, Delhi

# स्कॉटलैंड की महिला को 48 साल बाद अस्पताल से मिले बेटे के अवशेष

● महज एक सप्ताह की उम्र में उसकी मौत रेसस नामक बीमारी से हुई थी

भाषा। लंदन

**स्कॉटलैंड** की एक मां को अपने बेटे की मौत के 48 साल बाद उसके अवशेष मिले हैं। वह चार दशक से अधिक समय से यह पता लगाने के लिए जद्दोजहद कर रही थी कि उसके बेटे के शव के साथ क्या हुआ। बीबीसी की खबर के अनुसार, स्कॉटलैंड के एडिनबरा की रहने वाली लीडिया रीड (74) ने यह पता लगाने के लिए लंबा संघर्ष किया कि 1975 में उसके बेटे की मौत के बाद उसके साथ क्या हुआ क्योंकि उसके ताबूत में कोई मानव अवशेष नहीं मिला था। सितंबर 2017 में एक अदालत ने खुदाई कर शव निकालने का आदेश दिया था और तब महिला को पता चला कि उस जगह उसके बेटे को नहीं दफनाया गया था। रीड के बेटे की जब मौत हुई थी तब वह महज एक सप्ताह का था। उसकी मौत रेसस नामक बीमारी से हुई थी जिसमें किसी गर्भवती महिला के रक्त के एंटीबॉडी उसके गर्भस्थ शिशु की रक्त कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं। रीड ने दावा किया कि जब उसने अपने बेटे की मृत्यु के कुछ दिन बाद अस्पताल से अपने बेटे को दिखाने को कहा तो उसे कोई और बच्चा दिखा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उसकी इच्छा के विरुद्ध उनके बेटे का पोस्टमॉर्टम भी किया गया।

# मिसाइल प्रक्षेपण का मकसद प्रतिद्वंद्वियों को सैन्य अभ्यासों पर कड़ी चेतावनी देना : उत्तर कोरिया

भाषा। सियोल



**उत्तर कोरिया ने** शुक्रवार को कहा कि उसके हालिया अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) प्रक्षेपण का मकसद दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ कड़ी चेतावनी देना था। उत्तर कोरिया ने सैन्य अभ्यास से क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा वातावरण व्याप्त होने का आरोप भी लगाया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के तोक्यो में शिखर वार्ता करने से कुछ ही घंटे पहले बृहस्पतिवार को उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण किया था। यह शिखर वार्ता उत्तर कोरिया और चीन पर उनके पारस्परिक सहयोगी, अमेरिका के साथ एक संयुक्त मोर्चा बनाने की तात्कालिकता के उनके साझा नजरिए को रेखांकित करती है। आईसीबीएम प्रक्षेपण करीब एक हफ्ते में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया चौथा परीक्षण था, जिसे उसके द्वारा अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की जवाबी प्रतिक्रिया माना जा रहा है। दोनों सेनाओं ने सोमवार को संयुक्त अभ्यास शुरू किया था, जो 23 मार्च तक चलेगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, देश के नेता किम जोंग-उन की निगरानी में प्योंगयांग के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ह्वासोंग-17 आईसीबीएम का प्रक्षेपण किया गया और इस दौरान उन्होंने दुश्मनों में भय उत्पन्न करने की जरूरत पर जोर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **आर्थिक समृद्ध भारत समाज पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **610/808, निकट इंदिरा हॉस्पिटल, फैजुल्लागंज, लखनऊ–226020** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

**सभापति/अध्यक्ष :** योगेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, भगौली, बाराबंकी, उ0प्र0 उपाध्यक्ष : मनोज कुमार, ग्राम टिकरा मजरा, अकबरपुर, थाना–मिश्रिख, सीतापुर, उ0प्र0 **उपाध्यक्ष :** मो0 इदरीश, ग्राम–टड़ईकला, पोस्ट–खरवलिया, तहसील सिधौली, सीतापुर, उ0प्र0 **उपाध्यक्ष :** मो0 तारिक, 554, करीमगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** किशन पाल कनौजिया, 537बी/पी 28ए, केशवनगर, फैजुल्लागंज, थाना–मड़ियांव, लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** दुर्गेश, ग्राम–ढोढेपुरवा, म0 परसहिया, पोस्ट–कुम्हरावां, बी.के.टी. लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** लवलेश, शंकरपुर, वाजिद नगर, रामपुर कला, सीतापुर, उ0प्र0 **महासचिव :** हरीश कुमार, खरवलिया, सिधौली, सीतापुर, उ0प्र0 **सचिव :** अवधेश कुमार, ग्राम–सिघुवामऊ, पोस्ट–लाल पालपुर, हरदोई, उ0प्र0 **कोषाध्यक्ष :** अजीत प्रताप भारती, रेंगामऊ, पोस्ट–कमलापुर, सीतापुर, उ0प्र0 यदि किसी को **आर्थिक समृद्ध भारत समाज पार्टी** (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Kunal Jerath S/o Sh. Satish Jerath R/o A-330, Defence Colony, New Delhi-110024. Have changed my name for all purposes in the future known as Kuunal Jeraath.

PD(90300)A

मैं, इश्वंती देवी पत्नी दिनेश सिंह लांबा निवासी मकान नंबर 164, शाहाबाद मोहम्मदपुर, दिल्ली – 110061 की रहने वाली हूँ। मैने अपना नाम इसवंती देवी / इश्वंती लांबा (Iswanti Devi / Ishwanti Lamba) से बदलकर ईशवंती देवी (Ishwanti Devi) रख लिया है। भविष्य में मुझे ईशवंती देवी (Ishwanti Devi) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

PD(90301)C

# गोल्डीलॉक्स तारा बताता है कैसे ग्रहों तक पहुंचा पानी

भाषा। चार्लोट्सविले (अमेरिका)



**पानी के बिना,** पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व नहीं हो सकता था। ब्रह्मांड में पानी के इतिहास को समझना यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि पृथ्वी जैसे ग्रह कैसे बने। खगोलविद आमतौर पर अंतरिक्ष में अलग-अलग अणुओं के रूप में बनने से लेकर ग्रहों की सतहों तक पहुंचने तक की यात्रा को पानी की यात्रा के रूप में संदर्भित करते हैं।यह यात्रा तारों के बीच में पगडंडी की तरह हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस के साथ शुरू होती है और ग्रहों पर महासागरों और बर्फ की चोटियों के साथ समाप्त होती है, इसमें बर्फीले चंद्रमा गैस भंडारों और बर्फीले धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों की परिक्रमा करते हैं जो सितारों की परिक्रमा करते हैं। इस पगडंडी का आरंभ और अंत देखने में आसान है, लेकिन मध्य एक रहस्य बना हुआ है। मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो रेडियो और इन्फ्रारेड टेलीस्कोप से अवलोकन का उपयोग करके सितारों और ग्रहों के गठन का अध्ययन करता है। एक नए पेपर में, मैं और मेरे सहयोगी पानी के रास्ते के इस छिपे हुए मध्य भाग से बने पहले माप का वर्णन करते हैं और इन निष्कर्षों का पृथ्वी जैसे ग्रहों पर पाए जाने वाले पानी के लिए क्या मतलब है।

**ग्रह कैसे बनते हैं :** तारों और ग्रहों का निर्माण आपस में जुड़ा हुआ है। तथाकथित अंतरिक्ष की शून्यता- या इंटरस्टेलर माध्यम - वास्तव में बड़ी मात्रा में गैसीय हाइड्रोजन, अन्य गैसों की थोड़ी मात्रा और धूल के कण होते हैं। गुरुत्वाकर्षण के कारण, अंतरतारकीय माध्यम के कुछ हिस्से अधिक सघन हो जाते हैं क्योंकि कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं और बादलों का निर्माण करते हैं।जैसे-जैसे इन बादलों का घनत्व बढ़ता है, अणु अधिक बार टकराने लगते हैं और बड़े अणुओं का निर्माण करते हैं, जिसमें पानी भी शामिल है।

### पानी के स्रोत के लिए दो सिद्धांत

दो संभावित रास्ते हैं जो हमारे सौर मंडल मे आने के लिए पानी द्वारा लिए हो सकते हैं। पहला, जिसे रासायनिक वंशानुक्रम कहा जाता है, वह है जब मूल रूप से इंटरस्टेलर माध्यम में बनने वाले पानी के अणुओं को बिना किसी बदलाव के प्रोटो-प्लेनेटरी डिस्क और उनके द्वारा बनाए गए सभी निकायों तक पहुँचाया जाता है। दूसरे सिद्धांत को रासायनिक रीसेट कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, प्रोटो-ग्रहीय डिस्क और नवजात तारे के निर्माण से निकलने वाली गर्मी पानी के अणुओं को तोड़ देती है, जो प्रोटो-ग्रहीय डिस्क के ठंडा होने पर फिर से बन जाते हैं।इन सिद्धांतो का परीक्षण करने के लिए, मेरे जैसे खगोलविद सामान्य पानी और एक विशेष प्रकार के पानी के बीच के अनुपात को देखते हैं जिसे अर्ध-भारी पानी कहा जाता है।पानी आमतौर पर दो हाइड्रोजन परमाणुओ और एक ऑक्सीजन परमाणु से बना होता है। अर्ध-भारी पानी एक ऑक्सीजन परमाणु, एक हाइड्रोजन परमाणु और ड्यूटेरियम के एक परमाणु से बना होता है - जो हाइड्रोजन का एक भारी समस्थानिक है जिसके नाभिक मे एक अतिरिक्त न्यूट्रॉन होता है।अर्ध-भारी से सामान्य पानी का अनुपात पानी के सफर का एक मार्गदर्शक प्रकाश है - अनुपात को मापने से खगोलविदो को पानी के स्रोत के बारे मे बहुत कुछ पता चल सकता है। रासायनिक मॉडल और प्रयोगो से पता चला है कि एक प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क की तुलना मे ठंडे इंटरस्टेलर माध्यम में लगभग 1,000 गुना अधिक अर्ध-भारी पानी का उत्पादन होगा।

# इमरान खान लाहौर के कोर्ट से मिली जमानत

● आतंकवाद के आठ मामलों और एक दीवानी मामले में सुरक्षात्मक राहत दी

भाषा। लाहौर



**मुश्किलों से** घिरे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत देते हुए लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें शुक्रवार को आतंकवाद के आठ मामलों और एक दीवानी मामले में सुरक्षात्मक जमानत दे दी। एक अन्य अदालत द्वारा भष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ जारी गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट के 18 मार्च तक स्थगित करने के कुछ घंटों बाद उच्च न्यायालय ने उन्हें यह राहत प्रदान की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 70 वर्षीय प्रमुख इमरान खान नौ मामलों में सुरक्षात्मक जमानत लेने के लिए बुलेटप्रूफ वाहन में सवार होकर लाहौर पहुंचे और उच्च न्यायालय में पेश हुए। जियो टीवी के मुताबिक, न्यायमूर्ति तारीक सलीम और न्यायमूर्ति फारूक हैदर की सदस्यता वाली उच्च न्यायालय की पीठ ने आतंकवाद की धाराओं के तहत दर्ज मामलों के खिलाफ दायर इमरान की याचिकाओं पर सुनवाई की।

# मुर्मू ने महिला सशक्तीकरण के लिए केरल की प्रशंसा की

भाषा। तिरुवनंतपुरम



**राष्ट्रपति के** तौर पर पहली बार केरल का दौरा कर रहीं द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को महिलाओं और गरीबों के सशक्तिकरण के मामले में दक्षिणी राज्य द्वारा हासिल की गई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह कई मानव विकास सूचकांकों में राज्य के बेहतर प्रदर्शन में परिलक्षित हुआ है। मुर्मू ने कहा कि केरल में लिंगानुपात देश में अब तक सबसे अच्छा है और यहां साक्षरता दर भी सबसे अधिक है, जिसमें महिला साक्षरता भी शामिल है। मुर्मू ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शिशु मृत्यु दर को रोकने के मानकों पर केरल का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छा है। राष्ट्रपति ने कहा, मेरा मानना है कि जब महिलाओं को किसी भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिकाएं दी जाती हैं, तो उस समाज की समग्र बेहतरी पर इसका असर होता है। केरल में महिलाएं अधिक शिक्षित और सशक्त हुई हैं, जो कई मानव विकास सूचकांकों पर केरल के बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। राष्ट्रपति यहां आयोजित एक कार्यक्रम में रचना के माध्यम से कुदुम्बश्रीए25: केरल में महिलाओं की समकालीन कहानियांअ और अनुसूचित जनजाति के व्यापक विकास के लिए उन्नति का उद्घाटन करने के बाद बोल रही थीं।

### राष्ट्रपति ने गुरु माता अमृतानंदमई से मुलाकात की

**कोल्लम (केरल)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार सुबह केरल के कोल्लम जिले के अमृतपुरी स्थित आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमई के आश्रम पहुंचीं और उनसे मुलाकात की।आश्रम ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति का भारतीय परंपरा के साथ स्वागत किया गया तथा आश्रम की संन्यासियों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्हें शॉल भी भेंट की गई। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने दौरे के दौरान अमृतानंदमई के साथ आधे घंटे की मुलाकात की। माता अमृतानंदमई अपने प्रशंसकों के बीच अम्मा के नाम से लोकप्रिय है। इस दौरान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान राष्ट्रपति के साथ थे।बाद में, राष्ट्रपति आश्रम के भवतारिणी मंदिर गईं और मैक्सिको की संसद के छह सदस्यों के साथ एक अनौपचारिक बैठक भी की, जो सिविल 20 (सी20) और ग्रुप ऑफ20 (जी20) पहल के तहत आध्यात्मिक गुरु से मिलने आए थे।

# मुर्मू ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने शुक्रवार को नेपाल के नए राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से टेलीफोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने एवं दोनों देशों के लोगों के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने नेपाल के अपने समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान उम्मीद जाहिर की है कि राष्ट्रपति पौडेल के मार्गदर्शन में भारत–नेपाल द्विपक्षीय संबंध और ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अभी केरल के दौरे पर हैं और आज शाम उन्होंने नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल से टेलीफोन पर बातचीत की। बयान के अनुसार, दोनों देशों के राष्ट्रपति ने भारत और नेपाल के अनोखे और बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया और अपने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने एवं दोनों देशों के लोगों के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों को और गहरा बनाने के उपायों पर चर्चा की। ज्ञात हो कि नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल ने हाल ही में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के सुभाष चंद्र नेमवांग को हराकर देश के राष्ट्रपति के चुनाव में जीत दर्ज की है। पौडेल को आठ राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। पौडेल को 52,628 में से 33,802 जबकि नेमबांग को 15,518 वोट मिले। पूर्व स्पीकर एवं कई बार मंत्री रह चुके पौडेल ने देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के लिए एक लंबी राजनीतिक यात्रा की है। उन्होंने एक दशक से अधिक समय जेल में बिताया। वह छह बार विधायक, पांच बार मंत्री और एक कार्यकाल के लिए स्पीकर रहे।

### मेघालय में पहली बार चलेंगी विद्युत चालित रेलगाड़ियां

**नई दिल्ली।** दो अहम रेल मार्गों के विद्युतीकरण के साथ ही पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में पहली बार बिजली चालित रेलगाड़ियां चलेंगी। रेलवे ने एक बयान में यह जानकारी दी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने दुधनाई-मेंदीपथार के बीच 22.823 किलोमीटर के रेलमार्ग और अभयपुरी-पंचरत्न के बीच 34.59 किलोमीटर के रेलमार्ग को 15 मार्च को चालू करके यह उपलब्धि हासिल की है। रेलवे ने एक बयान में कहा कि अभी मेंदिपथार मेघालय में इकलौता रेलवे स्टेशन है जो 2014 के बाद से चालू है। प्रधानमंत्री ने इस स्टेशन का उद्घाटन किया था। बयान में कहा गया है, इन मार्गों से अधिक से अधिक यात्री और मालवाहक रेलगाड़ियां संचालित हो सकेंगी। इस मार्ग पर रेलगाड़ियों की रफ्तार बढ़ाए जाने से समय की भी बचत होगी।

### चिकित्सा आपात स्थिति की वजह से इंडिगो की रांची-पुणे उड़ान नागपुर भेजी गई

**नागपुर।** विमानन कंपनी इंडिगो की रांची से पुणे की उड़ान चिकित्सा आपात स्थिति की वजह से नागपुर भेजनी पड़ी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार रात 10 बजे रांची से पुणे जा रहे विमान को नागपुर हवाई अड्डे पर उतारा गया और बीमार यात्री को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, यात्री विमान में बेहोश हो गया था और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन बदकिस्मती से उसे बचाया नही जा सका।

### ग्रामीणों को मिलेगी हरित ऊर्जा की जानकारी

**मुंबई।** टीपी रिन्यूएबल माइक्रो ग्रिड किफायती, स्वच्छ, विश्वसनीय और हरित बिजली की सप्लाई को सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण भारत में बिजली आपूर्ति के परिदृश्य को बदलने का प्रयास कर रहा है। टाटा समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर लैस इज मोर् पहल की घोषणा की गई। इसके तहत नई तकनीकों और गुणवत्ता वाले उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही प्रीमियम उत्पादों को खरीदने के लिए वित्तीय बाधाओं को दूर करने और ऊर्जा.कुशल उपकरणों और मशीनों तक पहुंच की कमी जैसे मुद्दों पर भी फोकस किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में माइक्रो ग्रिड साइटों पर शुरू की गई यह पहल बीईई 4स्टार और 5स्टार उपकरणों के लिए ग्रामीण सूक्ष्म उद्यमों को गुणवत्ता से समझौता किए बिना किफायती कीमत पर इन तक पहुंचने में सक्षम बनाकर जागरूकता पैदा करेगी। यह योजना उत्तर प्रदेश के लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा, बहराइच,बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर और श्रावस्ती में माइक्रो ग्रिड साइटों पर शुरू की जाएगी। यह पहल बीएलडीसी पंख, कूलर और मिक्सर ग्राइंडर जैसे उपकरणों के साथ.साथ डीप फ्रीजर, विजिबल कूलर और रेफ्रिजरेटर जैसी ऊर्जा.कुशल मशीनों की उपलब्धता को ग्रामीण उद्यमियों के लिए संभव बनाएगी।

# सांसदों के राष्ट्रीय औसत से भी कम है राहुल गांधी की उपस्थिति: अनुराग ठाकुर

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री अनुराग** ठाकुर ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि वह खुद को संसद से ऊपर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि निचले सदन में उनकी उपस्थिति सभी सदस्यों की औसत उपस्थिति से भी कम है। ठाकुर ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि विदेशी धरती पर भारत का अपमान करने वाले गांधी को संसद से माफी मांगने से किसने रोका।

ठाकुर ने कहा, राहुल का मतलब है रिग्रेटफुल, ऑफुल, हेटफुल, अनग्रेटफुल, लायर (खेदजनक, भयानक, घृणित, कृतघ्न, झूठे) हैं।

उन्होंने कहा, वह यह दिखाना चाहते हैं कि वह संसद से ऊपर और राष्ट्र से ऊपर हैं। क्या एक परिवार देश से बड़ा है? ठाकुर ने कहा कि गांधी को बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं पर एक पुस्तक भी उपलब्ध कराने की पेशकश की। ठाकुर ने कहा, वह भूल जाते हैं कि सदन प्रक्रिया के अनुसार चलता है, लेकिन एक व्यक्ति जिसकी संसद में औसत उपस्थिति सभी सदस्यों की औसत उपस्थिति से कम है, वह सदन के नियमों और प्रक्रियाओं से अनजान होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सत्तारूढ़ भाजपा के निशाने पर हैं। उसने आरोप लगाया है कि राहुल ने यह कहकर विदेशी धरती से देश का अपमान किया है कि अमेरिका और यूरोपीय देश इस बात से बेखबर हैं कि भारत में लोकतांत्रिक मॉडल का एक बड़ा हिस्सा खत्म हो गया है। हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर बर्बर हमला हो रहा है। उन्होंने अफसोस जताया था कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं। राहुल ने अपने व्याख्यान में यह आरोप भी लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से ही सत्ता पक्ष के सदस्य लंदन में राहुल गांधी द्वारा भारतीय लोकतंत्र के संबंध में की गई टिप्पणी को लेकर उनसे माफी की मांग कर रहे हैं।दूसरी तरफ, कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी के माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता है, क्योंकि उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ नहीं, बल्कि इसे मजबूत बनाने वाले बयान दिए हैं।

# कानूनी विमर्श के लिए जल्द समुचित शब्दावली जारी की जाएगी: प्रधान न्यायाधीश

भाषा। नई दिल्ली



भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की है कि निकट भविष्य में एक विधिक शब्दावली जारी की जाएगी जिससे न्यायाधीशों को कानूनी विमर्श में अनुचित लैंगिक शब्दों से बचने में मदद मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के लिए बुधवार को उच्चतम न्यायालय की लैंगिक संवेदनशीलता और आंतरिक शिकायत समिति द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने विधिक शब्दावली लाने के लिए चल रही कवायद के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अनुचित व्यवहार और अनुचित भाषा के इस्तेमाल पर कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाना जरूरी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, उदाहरण के लिए, मैंने ऐसे फैसले देखे हैं जिनमें किसी महिला को किसी के साथ संबंध होने पर उप–पत्नी कहा गया है। नई शब्दावली तैयार होने वाली है और बहुत जल्द इसे जारी किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति मौशुमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता में एक समिति इस विधिक शब्दावली को तैयार कर रही है। उन्होंने कुछ साल पहले मिशन के रूप में इस काम को शुरू किया था जो अब पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि इसमें शब्दों की एक सूची होगी जिनका न्यायाधीशों को फैसलों में और अदालती कार्यवाही में उपयोग करने से बचना होगा।

## क्विक न्यूज

### गहलोत की 19 नए जिले बनाने की घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा ने सोमवार को ध्वनि मत से राज्य का वित्त वर्ष 2023–24 का बजट पारित कर दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 19 नए जिले और तीन नए संभाग बनाने की घोषणा की। उन्होंने अविलंब कार्यान्वयन के लिए पहले चरण में बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया। गहलोत ने शुक्रवार को वित्त विनियोग विधेयक (बजट) पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन देना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। राज्य सरकार ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है और ऐसे में हर गांव और ढाणी में ए योजनाएं पहुंचती हैं, इसके लिए जिला स्तर पर पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और कुछ स्थानों की जिला मुख्यालय से दूरी 100 किलोमीटर से अधिक है इसलिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गहलोत ने कहा, छोटे जिलों से प्रभावी प्रशासन, प्रबंधन और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण आसान हो जाता है। देश के विभिन्न राज्य नए जिले बनाने में आगे रहे हैं और हाल ही में पश्चिम बंगाल ने सात नए जिले बनाए हैं। इसलिए, राज्य के भीतर नए जिले बनाने की मांग थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश से कई स्थानों से नए जिले बनाने की मांग प्राप्त हुई है और सरकार ने इन प्रस्तावों का विस्तृत अध्ययन करने के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था जिसकी अंतरिम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। इस विषय में प्राप्त समस्त प्रस्तावों प्रदेश की वर्तमान प्रशासनिक ईकाइयों की संरचना का विस्तृत अध्ययन एवं विवेचना के बाद प्रदेश में 19 नए जिले बनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री गहलोत ने अनूपगढ, बालोतरा, ब्यावर, डीग डीडवाना, कुचामनसिटी, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पश्चिम, केकडी, कोटपूतली, खैरथल, नीमकाथाना, फलौदी, सलूंबर, सांचौर, शाहपुरा–भीलवाडा को नए जिले बनाने की घोषणा की।

### रिजर्व बैंक गवर्नर ने बैंकों को परिसंपत्ति-देनदारी असंतुलन के प्रति आगाह किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को बैंकों को किसी भी तरह के परिसंपत्ति–देनदारी असंतुलन के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि दोनों तरह के अंसतुलन वित्तीय स्थिरता के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी बैंकिंग प्रणाली में जारी संकट इस तरह के असंतुलन से पैदा हुआ है। गवर्नर ने कोच्चि में वार्षिक के पी होर्मिस (फेडरल बैंक के संस्थापक) स्मारक व्याख्यान में कहा कि घरेलू वित्तीय क्षेत्र स्थिर है और महंगाई का बुरा दौर पीछे छूट गया है। विनिमय दरों में जारी अस्थिरता के कारण बाहरी ऋण चुकाने की क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में दास ने कहा, हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि हमारा बाहरी ऋण प्रबंधन योग्य है। डॉलर की मजबूती से हमारे लिए कोई समस्या नहीं है। गौरतलब है कि डॉलर की कीमत बढ़ने के कारण उच्च बाहरी ऋण जोखिम वाले देशों के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं। गवर्नर का अपने भाषण का ज्यादातर हिस्सा भारत की जी20 अध्यक्षता पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह (जी20) को डॉलर की कीमत बढ़ने के कारण उच्च बाहरी ऋण जोखिम वाले देशों की मदद करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जी20 को सबसे अधिक प्रभावित देशों को जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण देना चाहिए। अमेरिकी बैंकिंग संकट पर उन्होंने कहा कि इससे मजबूत नियमों का महत्व पता चलता है, जो अत्यधिक परिसंपत्ति या देनदारी तैयार करने की जगह टिकाऊवृद्धि पर जोर देते हैं। पिछले सप्ताह अमेरिका में दो मध्यम आकार के बैंक –सिलिकॉन वैली बैंक और फर्स्ट रिपब्लिक बैंक बंद हो गए थे। दास ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी बैंकिंग संकट साफ तौर पर वित्तीय प्रणाली के लिए निजी क्रिप्टोकरेंसी के जोखिमों को दर्शाता है। वह निजी डिजिटल मुद्राओं के खुले आलोचक रहे हैं।

### सीयूईटी-स्नातक परीक्षा : अब तक 200 विश्वविद्यालयों ने विकल्प चुना, पिछले वर्ष शामिल थे 90 विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के लिए इस वर्ष अब तक 200 विश्वविद्यालयों ने विकल्प चुना है जबकि पिछले वर्ष 90 विश्वविद्यालय इसमें शामिल हुए थे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके लिए आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ाकर 30 मार्च कर दिया गया है क्योंकि कई विश्वविद्यालयों के दाखिले के लिए इस परीक्षा का विकल्प चुनने की संभावना है। सीयूईटी–स्नातक का विकल्प चुनने वाले 206 विश्वविद्यालयों में 44 केंद्रीय विश्वविद्यालय और 33 राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं। राज्य विश्वविद्यालयों में बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, डा. अंबेडकर स्कूल आफ इकोनामिक्स, कर्नाटक, कॉटन विश्वविद्याजय गुवाहाटी, गुरू गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली शामिल हैं।

# हिमाचल में शराब की बिक्री पर गौ उपकर लगाने की घोषणा

भाषा। शिमला

**हिमाचल प्रदेश** के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023–24 के लिए 53,413 करोड़ रुपए के परिव्यय का बजट पेश किया। इसमें महिला पेंशन, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन, शराब पर गौ उपकर समेत कई अन्य पहल शामिल हैं जिनका उद्देश्य 2026 तक हिमाचल को हरित राज्य बनाना है। राज्य की कांग्रेस नीत सरकार के इस पहले बजट में अपनी तरह के पहले गौ उपकर की घोषणा की गई है जो शराब की प्रत्एक बोतल की बिक्री पर 10 रुपए होगा। इस उपकर से प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रूकि वाहनों को अपनाने और प्रदूषण पर रोक लगाने, जलविद्युत और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर सरकार का उद्देश्य हिमाचल को 2026 तक हरित राज्य बनाने का है। इर्लेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिहाज से प्रदेश को आदर्श स्थान बनाया जाएगा। इसके अलावा सड़क परिवहन निगम की डीजल से चलने वाली।,500 बसों की जगह चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रूकि बसें लाई जाएंगी जिसमें।,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। चार्जिंग पॉइंट लगाने के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा 200 किलोवॉट से लेकर दो मेगावॉट तक की छोटी जलविद्युत परियोजनाएं लगाने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

# सुरक्षा का अनुरोध करने वाली अतीक अहमद की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**उमेश पाल हत्याकांड**

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने सुरक्षा के अनुरोध वाली सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। इस याचिका में जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद ने दावा किया है कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज के उमेश पाल हत्या मामले में आरोपी के रूप में फंसाया जा रहा है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने अहमद के अधिवक्ता द्वारा बयानों वाले कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। पीठ ने कहा, प्रधान न्यायाधीश के समक्ष आवेदक के अधिवक्ता द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने के बाद मामले को सूचीबद्ध किया गया था। आज जब मामला सुनवाई के लिए आया है, तो अधिवक्ता ने दलील रखने में असमर्थता जताई। मामले को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें। फिलहाल गुजरात के अहमदाबाद स्थित केंद्रीय कारागार में बंद अहमद ने अपनी याचिका में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में दिए गए उस बयान का जिक्र किया है, जिसमें कथित तौर पर उन्हें मिट्टी में मिला देने का दावा किया गया था। इस आधार पर अहमद ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों के जीवन को वास्तविक और प्रत्यक्ष खतरा है। याचिका में अहमद ने कहा है कि पूरी संभावना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस उनकी ट्रांजिट रमांड की मांग करेगी, इसके अलावा उन्हें अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के लिए पुलिस रिमांड पर लेगी।

# ईरान ने चाबहार बंदरगाह परियोजना की वकालत की

**● प्रमुख पारगमन केंद्र से दोनों देशों को फायदा होगा**

भाषा। नई दिल्ली

**ईरान ने चाबहार** बंदरगाह परियोजना का तेजी से कार्यान्वयन करने और विभिन्न खेप भेजने के लिए भारत द्वारा इसका इस्तेमाल किए जाने की पुरजोर वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रमुख पारगमन केंद्र से दोनों देशों को फायदा होगा। ईरान के राजदूत इराज इलाही ने यह भी कहा कि भारत को उनके देश से कच्चा तेल आयात करना फिर से शुरू करना चाहिए और नई दिल्ली को यूक्रेन संकट के बाद पश्चिमी ताकतों के दबाव में रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करना चाहिए। अमेरिका द्वारा भारत और कई अन्य देशों को प्रतिबंध से छूट न देने के बाद भारत ने ईरान से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया था। राजदूत ने पत्रकारों के एक समूह से कहा कि हमारा मानना है कि पश्चिम के दबाव के खिलाफ प्रतिरोध को लेकर भारत के पास ताकत और सामर्थ्य है और यह पहले भी था... भारत एक उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत के पास एक शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है इसलिए वह आसानी से अमेरिका और पश्चिम के दबाव का प्रतिरोध कर सकता है। रूस से तेल नहीं खरीदने के दबाव के खिलाफ भारत के प्रतिरोध का हवाला देते हुए, इलाही ने उम्मीद जताई की नई दिल्ली जल्द ही ईरान से तेल आयात करना शुरू करेगी क्योंकि इस तरह के कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय लोगों और भारतीय तेल कंपनियों को फायदा होगा। चाबहार बंदरगाह परियोजना पर, उन्होंने इसके सामरिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके जल्दी कार्यान्वयन का आह्वान किया।उन्होंने कहा, हमें चाबहार बंदरगाह को सिर्फ आर्थिक नजरिए से नहीं देखना चाहिए बल्कि इसे रणनीतिक साझेदारी के तौर पर देखना चाहिए। इस महत्व की वजह से चाबहार में सहयोग की गति, प्रगति की रफ्तार और प्रचार की गति अब की तुलना में तेज होनी चाहिए। यह भारत के साथ–साथ ईरान के लिए भी अहम है। यह हमारे फायदे के लिए है। ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार परियोजना को भारत, ईरान और अफगानिस्तान द्वारा विकसित किया जा रहा है।

### उच्च न्यायालय सुनिश्चित करें कि जमानत के मामले में सभी तथ्य आदेश में दर्ज हो : शीर्ष न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय को सुनिश्चित करने की कोशिश करनी चाहिए कि जमानत आदेश में प्राथमिकी संख्या, संबंधित पुलिस थाने का नाम और कथित आरोप सहित सभी आवश्यक मूलभूत जानकारी प्रारूप के तहत दर्ज हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने गौर किया है कि जमानत प्रक्रिया को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों के आदेश प्रारूप में उल्लेखनीय रूप से अंतर है।

# बोनी सेनगुप्ता, सोमा चट्टोपाध्याय ने ईडी को पैसे स्थानांतरित किए

भाषा। कोलकाता

**● स्कूल भर्ती घोटाला**

**बंगाली सिनेमा के** अभिनेता और एक ब्यूटी पार्लर की मालकिन ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व नेता कुंतल घोष से लिए पैसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को स्थानांतरित कर दिए। घोष को स्कूलों में भर्ती घोटाले को लेकर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। ईडी के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बंगाली अभिनेता बोनी सेनगुप्ता ने 44 लाख रुपए और उनकी मित्र एवं ब्यूटी पार्लर की मालकिन सोमा चट्टोपाध्याय ने करीब 55 लाख रुपए केंद्रीय एजेंसी को स्थानांतरित किए हैं। अधिकारी ने बताया, सेनगुप्ता और चट्टोपाध्याय ने घोष द्वारा दी गई राशि को स्थानांतरित कर दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को रकम स्थानांतरित की। सेनगुप्ता ने घोष द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कथित तौर पर हिस्सा लेने के लिए पैसे लिए थे। ईडी अधिकारियों ने अभिनेता से दो बार पूछताछ की थी और उन्होंने माना था कि उन्होंने घोष से 44 लाख रुपए लिए थे। अधिकारी ने कहा, चट्टोपाध्याय ने कहा कि उन्होंने घोष से 55.63 लाख रुपए का ऋण लिया और बृहस्पतिवार को ईडी को पैसे दे दिए। घोष केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के तुरंत बाद उन्हें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। सरकारी विद्यालयों और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितता के मामले में एजेंसी कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# लोगों की पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है लेकिन लक्ष्य एक : भागवत

भाषा। नई दिल्ली



**● लेखक एवं निर्देशक इकबाल दुर्रानी द्वारा अनुवादित सामवेद के हिंदी-उर्दू संस्करण का लोकार्पण किया**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने वेदों के सूत्र वाक्य के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि पूजा–पद्धति किसी धर्म का एक अंग होता है लेकिन हर धर्म का अंतिम लक्ष्य आध्यात्मिक सत्य को प्राप्त करना होता है और सबको उसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संघर्ष के मौजूदा दौर में दुनिया को इस बात को समझने की आवश्यकता है। भागवत ने शुक्रवार को फिल्म लेखक एवं निर्देशक इकबाल दुर्रानी द्वारा अनुवादित सामवेद के हिंदी–उर्दू संस्करण का लोकार्पण करते हुए कहा कि पूजा–पद्धति किसी धर्म का एक अंग होता है, यह किसी धर्म का संपूर्ण सत्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम सत्य हर धर्म का मूल होता है और सबको उसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि सबको अपना रास्ता सही दिखाई पड़ता है, लेकिन यह समझना चाहिए कि इन सभी मार्गों का अंतिम लक्ष्य एक सत्य को ही प्राप्त करना होता है।

उन्होंने एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि अलग–अलग रूप से उपासना करने के बाद भी सुखी रहा जा सकता है, लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि सबकी उपासना का आदर करते हुए सत्य की उपासना करनी चाहिए और यही अंतिम ज्ञान का स्वरूप है। भागवत ने कहा कि वेद सूत्र वाक्य की तरह होते हैं, उनके संपूर्ण अर्थ को समझने के लिए उपनिषद जैसी अन्य रचनाओं की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमें इनका अध्ययन करना चाहिए जिससे हम उनके मूल संदेशों को समझ सकें। उन्होंने कहा कि लोग अकारण ही एक दूसरे से नफरत कर रहे हैं, ऐसे में सामवेद के प्रेम संदेश और शाश्वत सत्य को लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

# सिराज-शमी के बाद राहुल का दिखा अंदाज

● पहले वनडे में भारत को दिलाई जीत

● आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हरा दिया

भाषा। मुंबई



**मोहम्मद शमी** और मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी के बाद के एल राहुल के धीरज भरे अर्धशतक की मदद से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे में शुक्रवार का आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हरा दिया। सिराज और शमी के तीन तीन विकेट के दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को 35 . 4 ओवर में 188 रन पर समेट दिया। जवाब में भारत की शुरूआत भी बेहद खराब रही और पांचवें ही ओवर में मिशेल स्टार्क ने विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को सस्ते में रवाना कर दिया। इसके बाद हालांकि राहुल (नाबाद 75) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 45) ने छठे विकेट के लिए 108 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को 39.5 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन तक पहुंचाया। जडेजा ने गेंदबाजी में भी दो विकेट चटकाए और हरफनमौला खेल के दम पर वह प्लेयर ऑफ मैच चुने गए। लंबे समय से खराब फॉर्म के कारण आलोचना का सामना कर रहे राहुल ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 91 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 75 रन बनाए। वहीं जडेजा ने 69 गेंद में 45 रन बनाए जिसमें पांच चौके शामिल थे। इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए अहम इस श्रृंखला में भारत ने पांचवें ओवर में तीन विकेट 16 रन के स्कोर पर गंवा दिए थे। दूसरे ही ओवर में मार्कस स्टोइनिस ने ईशान किशन (तीन) को पवेलियन भेजा। फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल भी 20 रन बनाकर मिशेल स्टार्क का शिकार बने जिनका कैच लाबुशेन ने लपका। स्टार्क का अगला शिकार चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली रहे जो चार रन ही बना सके जबकि सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल पाए। कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या 25 रन बनाकर स्टोइनिस का शिकार हुए। इसक बाद राहुल और जडेजा ने मोर्चा संभाला। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने आखिरी छह विकेट 7 . 5 ओवर में 19 रन के भीतर गंवा दिए। पंड्या का दूसरे स्पैल में शमी को जल्दी बुलाने का फैसला सटीक साबित हुआ। कैमरन ग्रीन को शमी ने बेहतरीन गेंद पर आउट किया। उन्होंने दूसरे स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए मिशेल मार्श ने 65 गेंद में 81 रन नहीं बनाए होते तो स्कोर और खराब होता। शमी ने छह ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। दूसरी ओर दूसरे ही ओवर में भारत को कामयाबी दिलाने वाले सिराज ने दूसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 5 . 4 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। मार्श ने अपनी पारी में दस चौके और पांच छक्के जड़कर आस्ट्रेलिया को शानदार शुरूआत दिलाई। एड़ी के आपरेशन के बाद वह तीन महीने का ब्रेक लेकर लौटे थे। मार्श ने एक छोर से रन बनाना जारी रखा लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। दूसरे ओवर में सिराज ने ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। इसके बाद मार्श ने कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ 72 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 30 गेंद में 22 रन बनाए जिन्हें पंड्या ने आउट किया। मार्श अपने दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन रविंद्र जडेजा ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने आखिरी शतक भारत के खिलाफ जनवरी 2016 में लगाया था। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर मार्श ने थर्डमैन पर कैच दिया। जडेजा ने इसके बाद कुलदीप यादव की गेंद पर मार्नस लाबुशेन का एक हाथ से शानदार कैच लपका। शमी ने जोश इंगलिस को आउट किया तब आस्ट्रेलिया का स्कोर 28वें ओवर में पांच विकेट पर 169 रन था। शमी ने 30वें ओवर में ग्रीन को आउट किया। शमी की ही गेंद पर शुभमन गिल ने 32वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस (पांच) का कैच पकड़ा। ग्लेन मैक्सवेल (आठ) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट मिडविकेट में पंड्या को कैच थमाया। भारतीय तेज गेंदबाजों ने जहां किफायती गेंदबाजी की , वहीं कुलदीप और जडेजा ने 17 ओवर में 94 रन दे डाले और तीन विकेट लिए।

### स्कोरबोर्ड

**ऑट्रेलिया पारी:** ट्रेविस बो सिराज 05,मार्श का सिराज बो जडेजा 81, स्मिथ का राहुल बो पंड्या 22,लाबुशेन का जडेजा बो कुलदीप 15, इंग्लिश बो शमी 26,ग्रीन बो शमी 12,मैक्सवेल का पंड्या बो जडेजा 08,स्टोइनिस का गिल बो शमी 05,एबोटका गिल बो सिराज 00,स्टार्कनाबाद 04,एडम का राहुल बो सिराज 00,अतिरिक्त: (लेग बाई: 07, वाइड 03) 10, **कुल योग:** (35.4 ओवर में सभी आउट) 188 रन,विकेट **पतन:** I-5, 2-77, 3-129, 4-139, 5-169, 6-174, 7-184, 8-184, 9-188,**गेंदबाजी:** शमी6-0-17-3, सिराज 5.4-I-29-3,पंड्या 5-0-29-I,शारदुल 2-0-12-0,जडेजा 9-0-46-2, कुलदीप 8-I-48-I

**भारत पारी:** किशनपगबाधा स्टोइनिस 03,गिल का लाबुशेन बो स्टार्क 20,कोहली पगबाधा स्टार्क 04,सूर्यकुमार पगबाधा स्टार्क 00, राहुल नाबाद 75, पंड्या का ग्रीन बो स्टोइनिस 25,जडेजा नाबाद 45,अतिरिक्त: (लेग बाई: 05, नोबॉल: 01, वाइड: 13) 19,कुल योग: (39.5 ओवर में पांच विकेट पर) 191 रन,**विकेट पतन:** I-5 , 2-16, 3-I, 4-39, 5-83,**गेंदबाजी:** स्टार्क 9.5-0-49-3,स्टोइनिस 7-I-27-2,एबोट 9-0-31-0,ग्रीन6-0-35-0,जम्पा 6-0-37-0 मैक्सवेल 2-0-7-0

# टेस्ट में अधिक रोमांच होना चाहिए : सचिन

● वनडे की चमक फीकी पड़ रही

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के आकर्षण को बनाए रखने के लिए वह कितने दिनों तक चला यह देखने की जगह वह कितना रोमांचक था यह देखा जाना चाहिए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मुकाबले तीन दिन के अंदर खत्म हो गए थे। इससे इन पिचों की काफी आलोचना हुई लेकिन तेंदुलकर ने कहा कि क्रिकेट का काम हर तरह की परिस्थितियों में खेलना होता है। उन्होंने स्पोर्ट्स तक से कहा, हमें एक बात समझने की जरूरत है कि टेस्ट क्रिकेट आकर्षक होना चाहिए और इस बात पर जोर नहीं होना चाहिए कि यह कितने दिन चलता है। हम (क्रिकेटर) अलग-अलग पिच पर खेलने के लिए बने हैं। पिच चाहे तेज गेंदबाजों की मददगार हो या स्पिनरों के मुताबिक हो हमें हर स्थिति में गेंद का सामना करने आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद), मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) और अन्य क्रिकेट निकाय टेस्ट क्रिकेट को मनोरंजन और शीर्ष प्रारूप बनाने की बात कर रहे हैं, तीन दिनों में समाप्त होने वाले मैचों में कोई नुकसान नहीं है। उन्होंने दौरा करने वाली टीमों से मुश्किल स्थिति के लिए तैयार रहने की सलाह देते हुए कहा, जब आप दौरा करते हैं तो परिस्थितियां आसान नहीं होती हैं। आपको यह समझने की जरूरत है कि क्या हो रहा है, हर चीज का आकलन करें और फिर चीजों की योजना बनाना शुरू करें। आईसीसी, एमसीसी के साथ हम सभी टेस्ट क्रिकेट के बारे में बात कर रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट कैसे शीर्ष प्रारूप बना रह सकता है। अगर हम ऐसा चाहते हैं, तो हमें गेंदबाजों के लिए कुछ करने की जरूरत है क्योंकि गेंदबाज हर गेंद पर एक सवाल पूछते हैं और बल्लेबाज को उसका जवाब देना होता है।



## भारतीय टीम आयरलैंड में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी

**डबलिन।** भारतीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस साल अगस्त में आयरलैंड का दौरा करेगी। यह जानकारी क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को दी। क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, आयरलैंड के क्रिकेट प्रशंसक दुनिया की नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम भारत को देखने का लुत्फ उठा सकेंगे, जब एशिया के शीर्ष खिलाड़ी इस अगस्त में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मालाहाइड लौटेंगे। भारतीय टी20 टीम के नए कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछले साल इसी स्थान पर दो मैचों की श्रृंखला के दौरान टीम का नेतृत्व किया था।

## मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर और गंडास की खराब शुरुआत

**सेंट फ्रांसिस बे (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने एसडीसी चैम्पियनशिप के शुरुआती दौर में तेज हवा के कारण आठ ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला। वह इस प्रदर्शन के बाद संयुक्त रूप से 142 वें स्थान पर हैं और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे दौर में काफी बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## अर्जेंटीना का मैत्री मैच के लिए ऑनलाइन टिकट को उमड़े 10 लाख प्रशंसक

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना का विश्व चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में पहला मैत्री मैच देखने के लिए 10 लाख से अधिक प्रशंसक ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए उमड़ पड़े। लियोनेल मेसी की टीम 23 मार्च को पनामा के खिलाफ ब्यूनस आयर्स के मोनुमेंटल डे नुनेज स्टेडियम में मैत्री मैच खेलेगी।

## स्वियातेक और रायबकिना इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

**इंडियन वेल्स।** शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक और 10वी वरीयता प्राप्त इलेना रायबकिना ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में सोराना क्रिस्टिया को 6-2, 6-3 से पराजित किया।

## आर्सेनल यूरोपा लीग में हारा, मैनचेस्टर यूनाइटेड क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की यूरोपीय खिताब जीतने की उम्मीद तब चकनाचूर हो गई जब उसकी टीम को यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में स्पोटिंग लिस्बन से पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। लिस्बन ने पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## एएफआई ने एथलेटिक्स में फर्जी उम्र और डोपिंग के खिलाफ नीति बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने शुक्रवार को ट्रैक और फील्ड में फर्जी उम्र बताने और डोपिंग के मामलों में व्हिसल ब्लोअर (धोखाधड़ी की सूचना) नीति का ऐलान किया। एएफआई ने असम के काजीरंगा में कुछ दिन पहले हुई कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला लिया।

# वॉर्नर ने पंत की अनुपस्थिति में अतिरिक्त प्रयास करने का संकल्प लिया

भाषा। नई दिल्ली



**दिल्ली कैपिटल्स** के नवनियुक्त कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि ऋषभ पंत के अस्वस्थ होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में उन्हें एक बड़े खिलाड़ी की कमी पूरी करनी होगी और साथ ही संकल्प लिया कि इस भारतीय स्टार की अनुपस्थिति में टीम खिताब जीतने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी। पंत की अनुपस्थिति में वॉर्नर को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने इसके बाद टीम के नियमित कप्तान पंत को संदेश भेजा जिनका अभी उपचार चल रहा है। वॉर्नर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी बयान में कहा, हम हर सत्र में प्रेरित होते हैं लेकिन इस साल आपकी अनुपस्थिति में हम खिताब जीतने के लिए अधिक प्रेरित हैं। हम आपके स्वस्थ होने की यात्रा में आपके साथी बनने जा रहे हैं। हम आपको विशेष संदेश भेजने जा रहे हैं और उम्मीद है कि आप हमारे एक मैच में उपस्थित रहोगे। उन्होंने कहा, दिल्ली कैपिटल्स परिवार की तरफ से मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पंत पिछले साल 30 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। अक्षर पटेल को वॉर्नर के साथ फ्रेंचाइजी का उप कप्तान बनाया गया है। सलामी बल्लेबाज वॉर्नर ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं जिसमें अक्षर को उप कप्तान बनाया गया है। हमें एक बड़े खिलाड़ी की कमी को पूरा करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2023 में अपना पहला मैच एक अप्रैल को लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ खेलेगा।

## युवराज ने पंत से मिलने के बाद कहा, चैंपियन फिर से चमकेगा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मुलाकात करने के बाद कहा कि यह चैंपियन खिलाड़ी फिर से अपनी चमक बिखेरेगा। युवराज ने भी कैंसर से उबरने के बाद शानदार वापसी की थी और वह जानते हैं कि इस तरह की परिस्थितियों से कैसे आगे बढ़ना होता है। वनडे विश्व कप 2011 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद युवराज को पता चला था कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। युवराज ने अमेरिका में इलाज कराया और फिर भारतीय टीम में वापसी की। युवराज ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, अभी छोटे-छोटे कदम। यह चैंपियन फिर से अपनी चमक बिखेरेगा।

# राहुल व जडेजा की बल्लेबाजी सुकून देने वाली थी : पंड्या

भाषा। मुंबई



आस्ट्रेलिया पर पहले वनडे में पांच विकेट से मिली जीत के बाद हार्दिक पंड्या ने केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी बल्लेबाजी सुकून देने वाली थी।

खराब फॉर्म के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर रहे राहुल ने नाबाद 75 और जडेजा ने नाबाद 45 रन बनाए। कार्यवाहक कप्तान पंड्या ने कहा , मैं हमारे प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। जड्डू (जडेजा) ने आठ महीने बाद वापसी करके शानदार प्रदर्शन किया। मुझे अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी में मजा आया। लेकिन जड्डू और राहुल की बल्लेबाजी सुकून देने वाली थी। उन्होंने कहा , हम दोनों पारियों में दबाव में थे लेकिन हमने संयम नहीं खोया और विषम परिस्थितियों से बाहर निकले। लय हासिल करने के बाद हमने उसे गंवाया नहीं। प्लेयर आफ द मैच जडेजा ने कहा कि घुटने के आपरेशन के कारण आठ महीने बाद लौटकर वह प्रारूप के अनुरूप ढलने की कोशिश में थे और यह प्रदर्शन बोनस की तरह रहा। उन्होंने कहा , हम टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे और वनडे में मैने लंबे समय बाद वापसी की। मैं अच्छी गेंदबाजी की कोशिश कर रहा था। आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि इस विकेट पर 260 . 270 रन बनने चाहिए थे। उन्होंने कहा , हमने इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की थी। भारत ने उम्दा गेंदबाजी की। हम अगर 250 रन बनाते तो मैच में बने रह सकते थे।विकेट से तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिली।

## कॉनवे का अर्धशतक, न्यूजीलैंड के दो विकेट पर 155 रन

**वेलिंगटन।** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण दिन भर में केवल 48 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कॉनवे ने 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली तथा लैथम (21) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल जल्दी समाप्त किया गया उस समय केन विलियमसन 26 और हेनरी निकोल्स 18 रन पर खेल रहे थे। भारी बारिश के कारण सुबह लंच से पहले का खेल नहीं हो पाया था। इसके बाद श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने में कोई देर नहीं लगाई।

# जैसमीन, शशि जीते, श्रुति बाहर

● महिला विश्व मुक्केबाजी

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल खेलों** की पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने तंजानिया की न्यांबेगा बीट्राइस को आरएससी फैसले के आधार पर महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के अपने पहले मैच में हरा दिया।

शशि चोपड़ा (63 किलो) ने कीनिया की एमवांगी टेरेसिया को 5 . 0 से हराया। भारत की श्रुति यादव (70 किलो) हालांकि अपना मुकाबला हार गई जिन्हें चीन की झोउ पान ने 5 . 0 से शिकस्त दी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली जैसमीन ने 60 किलो वर्ग में 90 सेकंड में ही जीत दर्ज की। उनके घूंसे इतने दमदार थे कि तंजानिया की मुक्केबाज संभल ही नहीं सकी। पहले दिन निकहत जरीन और प्रीति ने भी अपने अपने मुकाबले आरएससी फैसले पर ही जीते थे जब रैफरी ने एकतरफा मुकाबला रोक दिया था। जैसमीन का सामना अब ताजिकिस्तान की समाडोवा मिजगोना से होगा। वहीं शशि की टक्कर जापान की किटो मेइ से होगी जो 2022 एशियाई चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता है।

# द्रविड़ की सलाह पर अर्शदीप काउंटी मैचों में केंट का प्रतिनिधित्व करेंगे



भाषा। केंट

**भारतीय टीम** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर बाएं हाथ के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के आगामी काउंटी सत्र में केंट की टीम के लिए प्रथम श्रेणी के पांच मुकाबले में खेलेंगे। केंट काउंटी टीम ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया, केंट क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह जून और जुलाई के बीच काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों में टीम के प्रतिनिधित्व के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनकी उपलब्धि हालांकि जरूरी मंजूरी के अधीन होगी। अर्शदीप ने कहा कि उन्होंने लाल गेंद के खेल में अपने कौशल को निखारने के लिए काउंटी में खेलने का फैसला किया। उन्होंने इस विज्ञप्ति ने कहा, मैं इंग्लैंड में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं और प्रथम श्रेणी के खेल में अपने कौशल में सुधार करना जारी रखना चाहता हूं। मैं केंट के सदस्यों और समर्थकों के सामने प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। राहुल द्रविड़ ने मुझे पहले ही बता दिया है कि इस क्लब का इतिहास शानदार है। अर्शदीप ने पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण किया था।

# त्रिसा और गायत्री आल इंग्लैंड सेमीफाइनल में

भाषा। बर्मिंघम

● ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप



**भारत की** त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के महिला युगल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने चीन की लि वेन मेइ और लियू शुआन शुआन को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 14, 18 . 21, 21 . 12 से हराया। अब उनका सामना इंडोनेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधांती या कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का दारोमदार अब त्रिसा और गायत्री पर ही है। पिछली बार भी दोनों सेमीफाइनल में पहुंची थी जब उन्हें ऐन मौके पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला था। इस बार वे पर्याप्त अनुभव के साथ उतरी हैं और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा फरवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में अपने से उंची रैंकिंग वाली टेन पीयरली और टी मुरलीधरन को हराया। पिछले दौर में उन्होंने दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोता को मात दी थी।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने संन्यास लिया

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने शुक्रवार को तस्मानिया के क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी मैच के समाप्त होने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। विकेटकीपर बल्लेबाज पेन ने आस्ट्रेलिया की तरफ से कुल 35 टेस्ट मैच खेले जिनमें से 2018 से लेकर 2021 तक 23 टेस्ट मैचों में उन्होंने कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में फंसने के बाद स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी जिसके बाद पेन ऑस्ट्रेलिया के 46वें टेस्ट कप्तान बने थे। पेन ने 2021 में तब टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी जब पता चला था कि उन्होंने क्रिकेट तस्मानिया की एक पूर्व कर्मचारी को आपत्तिजनक संदेश भेजे थे। पेन ने 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने टेस्ट मैचों में 32.63 की औसत से रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 92 रन रहा। इसके अलावा विकेटकीपर के रूप में उन्होंने 157 कैच और स्टंप आउट किए।

# हार्दिक और सविता को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी का पुरस्कार

भाषा। नई दिल्ली



**मिडफील्डर** हार्दिक सिंह और गोलकीपर सविता पूनिया को शुक्रवार को यहां एक रंगारंग समारोह में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला हॉकी खिलाड़ी चुना गया। 24 वर्ष के हार्दिक ने अनुभवी मनप्रीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह को पछाड़कर पांचवां बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

हार्दिक ने इस साल जनवरी में ओडिशा में हुए एफआईएच विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सके। उन्होंने पहले मैच में स्पेन पर 2 . 0 से मिली जीत में गोल किया था। भारत प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। सविता की कप्तानी में भारत ने दिसंबर में एफआईएच महिला नेशंस कप जीतकर महिला प्रो लीग में जगह बनाई। हार्दिक और सविता को 25 . 25 लाख रूपए और एक ट्रॉफी दी गई। पुरस्कारों की कुल ईनामी राशि दो करोड़ 70 लाख रूपए से अधिक थी। यह साल शानदार रहा। अपने प्रयासों को यूं पहचान मिलते देखना सुखद है। मेरे पास शब्द नहीं है। हमने एक टीम के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। पहला एफआईएच नेशंस कप जीतना हम सभी के लिए खास था। हॉकी इंडिया ने 2021 के पुरस्कार भी दिए क्योंकि कोरोना महामारी के कारण यह समारोह नहीं हो सका था। तोक्यो ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य गुरबख्श सिंह को मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्हें पुरस्कार क तौर पर 30 लाख रूपए और एक ट्रॉफी मिली। वहीं 1956 मेलबर्न ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य अमित सिंह बख्शी को 2021 के लिए यह पुरस्कार दिया गया। मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 2022 का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया। सविता को 2021 के लिए भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला जबकि हरमनप्रीत सिंह सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी रहे। कृष्णा बी पाठक को 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और महिला टीम की सुशीला चानू को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर चुना गया। हॉकी इंडिया सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार वंदना कटारिया को मिला।

## बेंगलुरु और बागान के बीच खिताबी भिड़ंत में रणनीति और मानसिकता की जंग

**मडगांव।** एटीके मोहन बागान की टीम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब 2018-19 सत्र के चैम्पियन बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पहली बार इस खिताब को अपने नाम करने की होगी। एटीके की फ्रेंचाइजी ने इस खिताब को एक बार जीता है लेकिन मोहन बागान से जुड़ाव के बाद उसे अपने पहले खिताब का इंतजार है। टीम ने लगातार पांच मैचों अजेय रहते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। इन पांच मैचों चार में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुए। क्लब ने लीग चरण में टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया था। इस दौरान टीम के खिलाफ सिर्फ 17 गोल हुए थे जो गत चैम्पियन हैदराबाद एफसी के बाद सबसे बेहतर आंकड़ा है। फाइनल में जब टीम बेंगलुरु के खिलाफ उतरेगी तो ए आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखेगे। बेंगलुरु के पास भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के अलावा रॉय कृष्णा और शिव शक्ति नारायण जैसे अग्रिम पंक्ति के शानदार खिलाड़ी है।